सूर्योदय प्रात: 6:13 सूर्यास्त संध्या 5:50 पखवाड़ा फाल्गुन शु. दशमी, संवत 2082 तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 14°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, गुरुवार, 26 फरवरी 2026, वर्ष : 17, अंक : 15, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions





## एक झलक

### वयोवृद्ध अमीन काशीनाथ महतो के निधन पर शोक



**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड के रायपूरा ग्राम निवासी वयोवृद्ध अमीन काशीनाथ महतो (80 वर्ष) का आज निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र महेंद्र महतो, ऋषि देव महतो, पुत्री सुगीया देवी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। स्व. काशीनाथ महतो बतौर प्राइवेट अमीन का काम करते थे और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ के हिस्सा लेते थे। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। क्षेत्र के कुर्मी समाज सहित सामाजिक कार्यकर्ताओ, शिक्षाविद, विभिन्न राजनीति दल के नेताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। मौके पर कुँवर कुमार बक्शी, मनोज मिश्र, सुजीत सिन्हा, बिनु कुमार महतो, महेश महतो, शिवकुमार मुंडा, मितन महतो, कैलाश मंडा, कारू मुंडा, रामविलास महतो, पंचम महतो, मोचीराम मास्टर, उत्तम महतो, लखेश्वर महली, शिबू करमाली, धनेश्वर महतो, विजय महतो, राम महतो, कैलाश मुंडा, सुरेश महतो, अर्जुन महतो, अरविंद महली, राजेश महतो, कार्तिक महतो सहित दर्जनों लोगों ने काशीनाथ महतो के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### सात दिवसीय श्रीमद्भगवत कथा की पूर्णाहुति की पूर्वसंध्या पर हुआ नगर भ्रमण



**गोला (रामगढ़) :** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पूणार्हुति की पूर्वसंध्या छठे दिन बुधवार को नगर भ्रमण का कार्यक्रम हुआ। नगर भ्रमण के दौरान भगवान कृष्ण की झांकी तथा पालकी निकाली गई। नगर भ्रमण में शामिल श्रद्धालु भक्ति गीतों में झूमते नजर आए। मौके पर कार्तिक पाठक ने बताया कि हमारे आवास में उपनयन (जनेऊ) संस्कार के दौरान वृन्दावन के पुरोहितों द्वारा सात दिवसीय श्री श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। प्रथम दिन कलश शोभा यात्रा के साथ कथा अनुष्ठान शुरू किया गया था। आज नगर भ्रमण होगा। इसकी पूणार्हुति कल होगी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दर्जनों श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल होकर कथा का श्रवण कर रहे है। साथ ही प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर मुहल्ले की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत इस यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु शामिल हुए। कथा का वाचन वृंदावन से पधारे आचार्य अजय कृष्ण शास्त्री जी महाराज कर रहे हैं। नारायण पारायणकर्ता के रूप में वृंदावन से आए श्री भगवान बल्लभ भक्त जी शामिल हैं। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य आयोजक कार्तिक पाठक, अधिवक्ता सतीश पाठक एवं संजय पाठक हैं। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने वाला बताया।

### बेड़ो में फगुआ मिलन समारोह आज

**बेड़ो :** पुराने प्रखंड कार्यालय के परिसर में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी बेड़ो के तत्वाधान में फगुआ मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस फगुआ मिलन समारोह में मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों से शामिल होने की अपील किया है।

### सरहुल पूजा महासमिति बेड़ो की बैठक कल

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में आगामी 27 फरवरी दिन शुक्रवार को समय प्रातः 8:00 बजे से सरहुल पूजा महासमिति की ओर से सरहुल पर्व का आयोजन धूमधाम से करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें महासमिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के साथ सभी भाई बहनों से अनुरोध है कि इस बैठक में अवश्य आने की कृपा करें आप सभी इस बैठक में सादर आमंत्रित हैं। उक्त जानकारी सचिव चरवा उरांव ने दी।

## रामगढ़ में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक

# डीसी ने अवैध खनन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त सहित अन्य को पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की जानकारी ली एवं और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। बैठक में उपायुक्त के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि कहीं से भी अवैध खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध खनन के मुहानों को अच्छी तरह बंद करें और संबंधित लोगों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करें।इस दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी को अवैध बालू परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने हेतु कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## आगामी होली और रमजान के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया जांच अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में सिविल सर्जन सह- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़ के निदेशार्नुर खाद्य सुरक्षा विभाग रामगढ़ के द्वारा आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए के विभिन्न होटल एवं मिठाई दुकानों में विशेष निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ सुभाष चौक स्थित शालीमार स्वीट्स, प्रिया स्वीट्स, पूनम स्वीट्स एवं अन्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पेड़ा,पनीर, बूंदी लडडू, खोया बर्फी एवं खोया का नमूना लिया गया। सभी नमूने जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। अन्य खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठान का भी निरीक्षण किया गया एवं जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, लेबलिंग, एक्सपायरी तिथि और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि वे एक्सपायरी उत्पाद न बेचें, सभी खाद्य सामग्री पर स्पष्ट लेबलिंग करें, नियमित पेस्ट कंट्रोल कराएँ और होटल/रेस्टोरेंट स्टाफ द्वारा एप्रोन, ग्लव्स और हेडगियर का पालन सुनिश्चित करें। जांच टीम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह, रामनाथ प्रसाद, लुकेश रवानी उपस्थित थे।

## ब्लैक डायमंड क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब फाइटर क्लब भुरकुंडा ने जीता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** बैरक दो नंबर मैदान में आयोजित ब्लैक डायमंड क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का समापन बुधवार को फाइनल मैच और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के साथ हुआ। अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम और सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा शामिल हुए। मौके पर समिति सदस्य ने अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र देकर स्वागत और अभिनंदन किया। इसके उपरांत अतिथियों ने फाइनल मैच के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल शुरू किया गया। फाइनल मैच खेल आकाश इलेवन बनाम फाइटर क्लब भुरकुंडा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फाइटर क्लब ने निर्धारित 12 ओवर में 168 रन बनाए। जबकि आकाश इलैवन 118 रन पर सिमट गई। और फाइटर क्लब भुरकुंडा ने 50 रन से जीत दर्ज कर लिया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अतिथियों ने विजेता और उप विजेता टीम को पुरस्कार दिए। मौके पर सचिव पप्पू सिंह, अध्यक्ष किशुन नायक, कोषाध्यक्ष सुनील यादव, लखन राम, जूलियस मिंज, मिथलेश टुड्डू, विशाल राजभर, दिलीप भुइयां, रौशन भुइयां,दुर्गा साव, राजेश भुइयां, सुबोध सूबेदार, दीपक, सुभाष, विक्की, किशोर, कैलाश, मिंटू, सुनील कुमार सहित कई अन्य कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

## हिंडालको मुरी की ओर से किया गया नि:शुल्क चश्मा वितरण



**सिल्ली/मुरी :** बुधवार को हिंडालको मुरी सीएसआर विभाग की ओर से निःशुल्क 162 लोगों को बांसारूली में कैंप लगाकर चश्मे का वितरण किया गया। शेष बचे 199 लोगों को पिस्का में आज गुरुवार को कैंप लगाकर चश्मे का वितरण किया जाएगा। बुधवार को संचालित इस चश्मा वितरण कार्यक्रम में कंपनी के भरत सिंह एवं रंजीत कुमार का सराहनीय योगदान रहा। लाभार्थियों ने कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बजट संतुलित, दूरदर्शी व ग्रामीण विकास को देगा बढ़ावा : सुजीत कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को संतुलित, दूरदर्शी और जनोन्मुखी बताते हुए गैर सरकारी संगठन जनकल्याण समर्पण संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने राज्य सरकार की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह बजट सामाजिक संतुलन, ग्रामीण विकास और कौशल निर्माण को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, जो राज्य के समग्र और समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**सामाजिक संतुलन पर विशेष फोकस**

**सुजीत** कुमार ने कहा कि बजट में समाज के सभी वर्गों—गरीब, किसान, युवा, महिलाएं और पिछड़े क्षेत्रों—को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई गई हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान राज्य सरकार की संवेदनशील सोच को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि इससे सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी और विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा।

**ग्रामीण विकास और आधारभूत संरचना**

**उन्होंने** बताया कि बजट में ग्रामीण सड़कों, सिंचाई, पेयजल, कृषि विकास और पंचायत स्तर पर आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया गया है। इससे गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

कौशल निर्माण और रोजगार सृजन सुजीत कुमार के अनुसार, युवाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार और रोजगार सृजन की दिशा में बजट में प्रभावी प्रावधान किए गए हैं। सरकार ने उद्योग, निवेश और स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के लिए नीतिगत पहल की है, जिससे राज्य में निवेश का वातावरण बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट झारखंड को आत्मनिर्भर और औद्योगिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा। निवेश और औद्योगिक विकास उन्होंने कहा कि सरकार ने निजी और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष रणनीति अपनाई है। इससे राज्य में नए उद्योग स्थापित होंगे और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बजट में स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने की पहल सराहनीय है।

**मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री का आभार**

**सुजीत** कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट राज्य के विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ इन योजनाओं को धरातल पर उतारेगी, ताकि झारखंड प्रगति के पथ पर और तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने अंत में कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि झारखंड के उज्ज्वल भविष्य की रूपरेखा है।

## छात्रवृत्ति नहीं मिलने का मुद्दा विधानसभा में गूंजा विधायक ममता देवी ने की त्वरित भुगतान की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़) :** रामगढ़ विधायक ममता देवी ने झारखण्ड विधानसभा के वर्तमान बजट सत्र में शून्यकाल के दौरान प्रश्न के माध्यम से झारखण्ड के छात्रझछात्राओं को अब तक छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) नहीं मिलने का गंभीर और जनहित से जुड़ा मुद्दा प्रभावी ढंग से उठाया। विधायक ममता देवी ने सदन को अवगत कराया कि शैक्षणिक सत्र का काफी समय बीत जाने के बावजूद राज्य के हजारों छात्र-छात्राओं को उनकी छात्रवृत्ति की राशि अब तक प्राप्त नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप विशेष रूप से गरीब, वंचित, आदिवासी, दलित एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा जारी रखने का एक महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति की राशि समय पर नहीं मिलने के कारण अनेक विद्यार्थी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कई छात्रझछात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, कुछ को फीस भरने में परेशानी हो रही है, तो कई विद्यार्थियों के सामने बीच में ही पढ़ाई छोड़ने जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है, जो राज्य के भविष्य के लिए चिंताजनक है।

## लबगा पंचायत के जराद में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** लबगा पंचायत के जराद में बुधवार को विधायक रौशन लाल चौधरी के सौजन्य से लगाया ट्रांसफार्मर। बड़कागांव विधानसभा के लोकप्रिय विधायक रोशन लाल चौधरी की पहल पर लबगा पंचायत के ग्राम जराद शिव मंदिर के पास में बिजली संकट को देखते हुए विधायक के आदेश पर 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। विधिवत उद्घाटन भाजपा नेता भवानी सिंह खरवार और भदनीनगर नगर मंडल मंत्री अनिल सिंह खरवार द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया गया। वही मौके पर अनिल सिंह खरवार ने कहा कि विधायक रोशन लाल चौधरी क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर हैं। बिजली बहाल होने से ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। मौके पर जागेश्वर करमाली, पार्वती देवी, नूतन कुमारी, शारदा कुमारी, चतुरनाथ मुंडा, अनिल गंझू, अनिल मास्टर, सुनील सिंह, मुकेश मुंडा, जितेंद्र सिंह खरवार, संतोष सिंह खरवार सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## झारखण्ड बजट का आधा हिस्सा जनता में बांट दे सरकार : अन्नावादी पार्टी

- योजनाओं का पूरा लाभ आम जनता तक नहीं पहुंचता, नेता-अधिकारी होते हैं मालामाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** वित्तीय वर्ष 2026-27 का झारखण्ड अबुआ दिशोंम बजट एक लाख अंठावन हजार पांच सौ साठ करोड़ का आधा हिस्सा आम जनता में बराबर बाँट देनी चाहिए। जिससे प्रत्येक नागरिक को लग भग बीस बीस लाख रुपया मिल जायेगा ताकि वे अपनी सुविधा के अनुसार खर्च और निवेश कर सके जिससे जनता और प्रदेश का विकास संभव हो सकेगा। क्यूंकि योजनाओं के नाम पर बजट का 10% भी आम जनता तक नहीं पहुंच पाती है बाकी बजट पर नेता अधिकारी घोटाला कर जाते है यही कारण है झारखण्ड एक धनी प्रदेश होने के बावजूद यहां की जनता बेहद गरीब है। उक्त बाते पार्टी के केंद्रीय संयोजक अधिवक्ता कफीलूर रहमान ने कही। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार झारखण्ड में चरम पर है,जो अत्यंत गंभीर है।

## बुढ़मू मंडा टांड़ में प्रखंड अध्यक्ष चुनाव की बैठक

- प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू होंगे मुख्य अतिथि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** रांची जिला अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर बसरी गांव में परीबा साहू के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बुधवार को यह घोषणा किया गया है कि कल 26 फरवरी को बुढ़मू मंडा टांड़ में प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए महत्वपूर्ण प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित हो रही है। सुबह 11:30 बजे शुरू होने वाली इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष श्री अरूण साहू की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। वहीं, विशिष्ट अतिथि के तौर पर उप प्रमुख हरदेव साहू और जिला अध्यक्ष जेम्स कश्यप भी शिरकत करेंगे।यह बैठक प्रखंड अध्यक्ष चुनाव को लेकर समाज के एकजुट होने का बड़ा संकेत है। प्रदेश, जिला और प्रखंड स्तर के तेली बंधुओं से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाएं। समाज के नेताओं का मानना है कि यह बैठक न केवल चुनावी रणनीति पर चर्चा का मंच बनेगी, बल्कि तेली समाज की एकता को मजबूत करने का अवसर भी साबित होगी। मौके पर सुषमा कुमारी, सुगिया देवी, ऊर्मिला देवी, आरती देवी, बसंती देवी, सोमरी देवी, पैरो देवी, रूबन देवी, अनिल कुमार साहू, दिनेश साहू, अनुज कुमार, मंबहाल साहू, जयकुमार साहू, जगू साहू, दीपक साहू और कृष्णा साहू उपस्थित थे।

## असामाजिक तत्वों ने 05 साल पुराने पेड़ को काट डाला, ग्रामीणों में रोष



**रजरप्पा (रामगढ़) :** छोटकीलारी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में असामजिक तत्वों के द्वारा पेड़ काटने का मामला सामने आया हैं। इस मामले में विद्यालय के प्रधानाध्यापक भोला करमाली ने थाना में लिखित शिकायत की हैं। आवेदन में कहा गया हैं कि विद्यालय परिसर में 5 वर्ष पुराना सागवान का पेड़ था। जिसे कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा काट दिया गया हैं। जो दुःखद घटना हैं। पेड़ पाँच वर्ष पहले विभाग के आदेश पर लगाया गया था, ताकि पर्यावरण संरक्षण हो सकें। अचानक पेड़ कट जाने से ग्रामीणों में भी रोष हैं। बता दें कि विद्यालय में गांव के गरीब, हरिजन आदिवासी, गुलगुलिया एवं पिछड़े वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं।

## प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन वेदी, गौरी-गणेश पूजन व नगर भ्रमण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के हरहंजी गांव में ग्रामीणों द्वारा नवनिर्मित शिव मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को यज्ञ मंडप में आचार्य चिंतामणि पांडे व अमित तिवारी गुरु बाबा चरण दास बनर्जी कुल पुरोहित पंचम पांडे व सत्यनारायण पांडे राजेश पाठक मंदिर के पुजारी गोस्वामी कश्यप दास की अगुवाई में यजमान इंद्रदेव सिंह सपत्नी गोमती देवी, रुपलाल सिंह शांति देवी,भीम गोप सोनाली देवी, चंद्र मोहन सिंह बिंदु देवी, देवनारायण को रूपा देवी रूपलाल सिंह शांति देवी टीकू सिंह कमला देवी ने वैदिक रीति रिवाज से पंचांग पूजन, भूमि शोधन, भूमि पूजन, भगवान गणेश, मां गौरी, लक्ष्मी, सरस्वती कलश पात्र से पृथ्वी पूजन, सभी कलश को मंडप के इशान कोण में स्थापित कराया। वहीं सभी देवी देवताओं का आह्वान, सर्ववेदी प्रतिष्ठा, प्रतिमा का जलाधिवाश, अन्नादिवास, फलाधिवाश, पुष्पाधिवास एवं पूजन किया गया। इस दौरान शिवलिंग का नगर भ्रमण कराया गया। मंदिर परिसर से ढोल,ढाक बाजा व डीजे के साथ सैकड़ों महिला-पुरुष जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण में शामिल हुए। पूरे गांव व विभिन्न मंदिरों का भ्रमण करते हुए शिवलिंग को वापस मंदिर में लाया गया। यहां उसकी स्थापना की गई। नगर भ्रमण के दौरान गांव का माहौल पूरी तरह से भक्ति के रंग में डूबा दिखा। छोटे से लेकर बड़े तक उत्साह में दिखे। हर ओर से सिर्फ हर-हर महादेव के जयघोष ही सुनाई दे रहे थे। वहीं नगर भ्रमण के दौरान लोगों ने भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लेते हुए सुख शांति व समृद्धि की कामना की। साथ ही शंखनाद व भक्तों के हर हर महादेव के जयकारे से पूरा यज्ञ मंडप गूंज उठा। वहीं शाम में 12 घंटे का अखंड हरीकृतन का शुभारंभ किया गया।

## लुपुंग आंगनवाडी केन्द्र में 'स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस' का सफल आयोजन

# ग्रामीण महिलाओं में बढ़ी जागरूकता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लुपुंग पंचायत के लुपुंग आंगनवाडी केंद्र में 'स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेषकर महिलाओं, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री माताओं में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में लगभग 150 ग्रामीणों ने भाग लिया। शालिनी अस्पताल की स्वास्थ्य टीम द्वारा ग्रामीणों का रक्तचाप, ब्लड शुगर एवं हीमोग्लोबिन जांच की गई। साथ ही उपस्थित गर्भवती एवं धात्री माताओं में आवश्यक दवाइयाँ वितरित की गईं।कार्यक्रम में रांची के प्रतिष्ठित संस्था के अंजली कुमारी ने उपस्थित महिलाओं की सुरक्षित मातृत्व , स्तनपान के फायदे के साथ साथ व्यक्तिगत स्वस्थ देखभाल के बारे ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से जानकारी दी। वहीं शालिनी अस्पताल के वरीय प्रबंधक राणा विकास ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वच्छता और संतुलित आहार को जीवनशैली का हिस्सा बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा ह्अधिकांश बीमारियों से बचाव के लिए नियमित जांच और संतुलित दिनचर्या सबसे प्रभावी उपाय हैं। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने खानपान और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें, समय-समय पर जांच करवाएं और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अवश्य लें। समाजसेवी जगरनाथ महतो ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीणों में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न आयामों की जानकारी बढ़ती है। वहीं सेविका माहेश्वरी देवी ने कहा कि शालिनी अस्पताल का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर अस्पताल टीम से शिशिर कुमार भगत,पंकज, रंगलाल महतो सहिया जानकी देवी सेविका माहेश्वरी देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण, महिलाएं एवं किशोरियां उपस्थित थीं।

## बुंडू में धान अधिप्राप्ति केन्द्र संचालक की मनमानी, किसानों की धान खरीद प्रभावित



**बुंडू :** अनुमंडल अंतर्गत में विभिन्न धान अधिप्राप्ति केन्द्र संचालकों की मनमानी से विभिन्न प्रखंडों के किसान त्रस्त है। किसान अपना धान बेचने के लिए नित्य धान उपार्जन केन्द्र का चक्कर लगा रहे हैं परन्तु उनका धान नहीं खरीदा जा रहा । किसानों को बताया जाता है कि गोदाम भरा है अभी धान की खरीद नहीं हो रही।उपार्जन केंद्रों में बिचौलियों का भी बोलबाला है। बिचौलिये नेअपने अलावा अपने रिस्तेदार, परिवार के सदस्य , दोस्तों आदि के नाम से किसान पंजीकरण आईडी बना रखे है और किसानों से औने पौने मूल्य पर खरीदे गया धान उनके नाम से बेचकर किसानों की हक मारी कर रहे हैं।बिचौलिए जिन लोगों के नाम से किसान पंजीकरण करवाया है उनलोगों का कोई जमीन नहीं है या बहुत कम है तथा खेती बारी से उनका कोई रिश्ता नहीं है पर किसान बनकर धान बेच रहे हैं ।एक एकड़ जमीन में 1600 किलो का रजिस्ट्रेशन होने का नियम हैपरन्तु बुंडू के बिचौलिए एक एकड़ में 20 टन का पंजीकरण करवा ली है।और धान बेच रहे हैं। जबकि इसके विपरीत वास्तविक किसान धान उपार्जन केन्द्र में धान बेचने को लेकर परेशान हैं। बिचौलियों (धान व्यापरियों)का धान उपार्जन केन्द्र में आसानी से ले लिया जाता है जबकि किसानों के लिए गोदाम हमेशा भरा रहता है,जो जांच का विषय है।बुंडू के किसानों ने धान क्रय व्यवस्था में सुधार करने की मांग सरकार से की है।साथ ही चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था नहीं सुधरती है तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## विद्यालय में लगा एनीमिया जांच शिविर छात्राओं की हुई स्वास्थ्य जांच



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रजरप्पा क्षेत्र की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के तहत किशोरी एनीमिया जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का क्रियान्वयन मुस्कुराहटें संस्था द्वारा किया गया, जिसमें विद्यालय की किशोरी छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। जांच शिविर दल में राज कुमार, नवीन कुमार, ओंकार कुमार दांगी, नेहा कुमारी, शेखर कुमार दांगी, अमित तिवारी एवं बादल कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम द्वारा छात्राओं की हीमोग्लोबिन जाँच सहित स्वास्थ्य परीक्षण कर एनीमिया से बचाव एवं संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सीसीएल के सीएसआर नोडल अधिकारी आशीष झा ने कहा कि किशोरियों का स्वास्थ्य समाज के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा हुआ है। एनीमिया जैसी समस्या को समय रहते पहचान कर उसका समाधान करना अत्यंत आवश्यक है। सीसीएल सामाजिक दायित्व के तहत शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता रहेगा।



सूर्योदय प्रातः 6:13 | सूर्यास्त संध्या 5:50 | पखवाड़ा | फाल्गुन शु. दशमी, संवत 2082 | तापमान अधिकतम 27° | न्यूनतम 14°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, गुरुवार, 26 फरवरी 2026, वर्ष : 17, अंक : 15, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,276.07 | 50.15 (0.06%) |
| निफ्टी | 25,482.50 | 57.85 (0.23%) |

### सर्राफा बाजार

प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,57,400.00 |
| चांदी | 2950.00 |

### माह-ए-रमज़ान



| आज का इफ्तार | कल की सेहरी |
|---|---|
| 5 : 52 | 4 : 59 |

# झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन सदन में उठा धनबाद एयरपोर्ट का मुद्दा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन बुधवार को निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने विधानसभा में धनबाद में एयरपोर्ट बनाने का मुद्दा उठाया। विधायक ने कहा कि धनबाद के लोग बार-बार धनबाद में एयरपोर्ट बनाने की मांग करते हैं। अरूप चटर्जी के सवाल पर विधायक मथुरा महतो ने भी साथ दिया और एयरपोर्ट की मांग रखी। विधायक ने सदन में कहा कि धनबाद में एयरपोर्ट बनाने से सवाल का जवाब सरकार की ओर से आ चुका है, जिसमें कहा गया है कि जमीन की कमी और



नजदीक में 50 किलोमीटर की दूरी पर बोकारो एयरपोर्ट का काम प्रगति पर है, इससे धनबाद में पर्याप्त जमीन के अभाव में एयरपोर्ट नहीं बनाया जा सकता है। इसके जवाब में प्रभारी मंत्री दीपक बरुआ ने कहा कि धनबाद में बरवाअड्डा हवाई पट्टी है, जो 37 ए में है। कैटेगरी 1 के लिए 113 एकड़ जमीन की आवश्यकता होती है। जहां एयरपोर्ट है, वहां सघन आबादी का इलाका है। इसलिए इसका विस्तार वहां सम्भव नहीं है। मंत्री ने बताया कि बोकारो में एयरपोर्ट निर्माण प्रक्रिया जारी है।

सदन में अरूप चटर्जी ने कहा कि धनबाद में जमीन की कमी नहीं है और सरकार की अगर मंशा एयरपोर्ट बनाने की है, तो जमीन उपलब्ध हो जायेगी। एफसीआई के पास 4000 एकड़ जमीन है, तोपचांची में 800 एकड़ जमीन है। विधायक ने कहा कि एयरपोर्ट का यदि वहां निर्माण होगा, तो इससे जैन और बौद्ध धर्म के लोगों का भी आना-जाना लगा रहेगा और इलाके में व्यापार की भी बढ़ोतरी होगी। झारखंड सरकार से केन्द्र ने पूछा था कि धनबाद में क्या एयरपोर्ट होना चाहिए, ● शेष पृष्ठ 11 पर

### अरूप चटर्जी ने उठाया 63 अफसरों की सेवा सम्पुष्टि का मामला

**छठे** दिन बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही अल्पसूचित प्रश्न के तहत विधायक अरूप चटर्जी ने नगर विकास विभाग का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जेपीएससी (सातवीं, आठवीं और नवमीं) की ओर से नियुक्त 63 अधिकारियों की सेवा सम्पुष्टि चार साल बाद भी नहीं हुई है। जबकि, नियमानुसार दो साल में सेवा सम्पुष्टि हो जानी चाहिए। विधायक ने यह भी कहा कि सेवा सम्पुष्टि लम्बित रहने से वेतन और अन्य सुविधाओं से जुड़े मामले प्रभावित हो रहे हैं। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जवाब दिया कि सेवा सम्पुष्टि की समय-सीमा दो वर्ष है, लेकिन कुछ प्रमाण-पत्रों की जांच में देरी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग जल्द ही नियमावली बना कर सभी लम्बित मामलों का निपटारा करेगा।

## ई-मेल के जरिये दहशत फैलानेवालों का कारनामा

# धनबाद कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

- पूरे शहर में फैली सनसनी
- हाई अलर्ट मोड में पुलिस-प्रशासन
- एसएसपी प्रभात कुमार ने स्वयं सम्भाली कमान
- कई घंटों तक चला सर्च ऑपरेशन
- बख्शे नहीं जायेंगे संलिप्त तत्व : प्रभात कुमार




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की ई-मेल से धमकी मिलने के बाद बुधवार को पूरे शहर में सनसनी फैल गयी। धमकी मिलते ही पुलिस-प्रशासन पूरी तरह हरकत में आ गया और कोर्ट परिसर को तत्काल खाली करा कर सील कर दिया गया। सुरक्षा एजेंसियों ने इसे गम्भीर मानते हुए बहुस्तरीय जांच अभियान चलाया। सूचना मिलते ही प्रभात कुमार स्वयं भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति की कमान सम्भाली। कोर्ट के सभी प्रवेश और निकास द्वारों पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गयी। किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए आम लोगों की आवाजाही पर अस्थायी रोक लगा दी गयी। लगभग तीन घंटे से अधिक समय तक न्यायालयीय कार्य ठप्प रहे।

**चप्पे-चप्पे की तलाशी, डॉग स्क्वायड तैनात**

**कोर्ट** रूम, जजों के चैंबर, रिकॉर्ड रूम, लाइब्रेरी, बार एसोसिएशन हॉल, कैंटीन, पार्किंग और आसपास के खुले क्षेत्रों की बारीकी से जांच की गयी। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और सीआईडी की टीम ने संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चलाया। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## पश्चिम बंगाल के कई न्यायालयों को फिर मिली बम की धमकी, चला तलाशी अभियान

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के कई न्यायालयों को बुधवार को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे न्यायिक परिसरों में हड़कम्प मच गया। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब एक दिन पहले भी राज्य के सात न्यायालयों, जिनमें कलकत्ता उच्च न्यायालय भी शामिल था, को ईमेल के जरिये धमकी दी गयी थी। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह सबसे पहले पश्चिम बर्द्धमान जिले के आसनसोल जिला एवं सत्र न्यायालय में बम की अफवाह फैली। यह धमकी भरा ई-मेल जिला न्यायाधीश को भेजा गया था। संदेश में दावा किया गया था कि न्यायालय परिसर में बम रखा गया है, जो कुछ समय बाद विस्फोट करेगा। सूचना मिलते ही आसनसोल-दुर्गापुर के पुलिस ● शेष पृष्ठ 11 पर

## डीएमएफटी फंड में बिचौलियागीरी पर होगी कड़ी कार्रवाई : वित्त मंत्री

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**रांची :** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि बजट सत्र 2026-27 के दौरान सदन में मुख्यमंत्री और उनकी ओर से की गयीं घोषणाएं इसी वर्ष धरातल पर उतारी जायेंगी। इसके लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति बनायी जायेगी, जो मुख्यमंत्री, राज्यपाल और वित्त मंत्री की घोषणाओं की समीक्षा करेगी। मंत्री बुधवार को सदन में बजट अभिभाषण पर हुई चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट में सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है। मंत्री ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं लायी गयी है। राज्य आगे बढ़ेगा, तो हम सब आगे बढ़ेंगे। पक्ष और विपक्ष; दोनों की प्रशंसा होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य के अधिकारी यदि नहीं चाहेंगे, तो सफलता एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकती है। विकास को लेकर एक जुनून पैदा करना होगा। उन्होंने कहा कि वे राजनीति के अंतिम पड़ाव पर हैं, ऐसे में क्या छलावा, क्या बाजीगरी और क्या धोखेबाजी की जा सकती है। इस दौरान विपक्ष ने वॉकआउट किया। वित्त मंत्री ने कहा कि हम सभी की चिन्ता यह होनी चाहिए कि राज्य का सर्वांगीण विकास कैसे हो। यदि जनता के साथ थोड़ा भी छलावा करेंगे, तो अगली बार जनता मौका नहीं देगी। संसदीय व्यवस्था में पक्ष और विपक्ष के साथ राज्य की जनता भी होती है। इस बजट की सराहना व्यापार जगत, किसानों, महिलाओं, शिक्षाविदों, छात्रों और मजदूरों ने भी की है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी और अनुदान में कटौती की है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में भाजपा की सरकार नहीं है, इसलिए केन्द्र सहयोग नहीं कर रहा है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### एक झलक

#### मणिपुर में 06 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल :** मणिपुर पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा राज्य के अलग-अलग हिस्सों में चलाए गये अभियान के दौरान तीन पीएलए, दो प्रीपाक एवं एक प्रीपाक (प्रो) उग्रवादी संगठन के कुल 06 कैडरों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस ने बताया कि बीते मंगलवार को सुरक्षा बलों ने तेंगनोपाल जिले के मोरे थानांतर्गत यांगोबुंग के बीच बार्डर पोस्ट (बीपी) 72-73 के सामान्य क्षेत्र से पीएलए के तीन कैडर और प्रीपाक (प्रो) के एक कैडर को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों की पहचान इंफाल ईस्ट जिले के ताकेल माखा लाईकाई निवासी पीएलए कैडर चालम्बा ताक्खेलम्बम (23), इंफाल ईस्ट जिला आइंगांगपोकी निवासी पीएल कैडर सौग्राकपम ओजित (33), काकचिंग जिला के चाइरन माखा लाईकाई निवासी पीएलए कैडर सोरोकाइबम मणिमातुम (18) और इंफाल ईस्ट जिला के नॉन्गमेइबुंग निवासी प्रीपाक (प्रो) कैडर याम्बेम लुखोई (21) के रूप में की गयी है।

#### मणिपुर में नष्ट की गयी आठ एकड़ अफीम की खेती

**इंफाल :** मणिपुर में मादक पदार्थ एवं अफीम की खेती के विरुद्ध लगातार पुलिस एवं वन विभाग संयुक्त रूप से अभियान चला रही है। वहीं सड़कों पर वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील इलाकों में नाका एवं चेक प्वाइंट लगाये जा रहे हैं। मणिपुर पुलिस मुख्यालय ने बुधवार को बताया कि सुरक्षा बल, वन विभाग और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की संयुक्त टीम ने मंगलवार को सेनापति जिले के सेनापति थानांतर्गत सदीम पहाड़ी क्षेत्र में लगभग आठ एकड़ अफीम की खेती नष्ट कर दी। मौके पर पाये गये दो अस्थायी झोपड़े, सिंचाई की पाइप, एक स्प्रे पम्प और एक पानी का कंटेनर भी नष्ट कर दिये गये।

### अंदर के पन्नों पर


3 डीसी ने अवैध खनन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई...

5 किसी भी प्रकार की अफवाहों पर न दें ध्यान...

7 त्योहारों के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरते प्रशासन...

9 होली पर कड़ी निगरानी, विजय जुलूस के लिए...

10 सेमीफाइनल में प्रवेश करने के लिए जिम्बाब्वे से भिड़ेगी...


### पूर्व केन्द्रीय मंत्री शरद पवार की अस्पताल से छुट्टी

**पुणे :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शरद पवार के स्वास्थ्य में सुधार आने के बाद बुधवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी और वह मुम्बई के लिए रवाना हो गये। शरद पवार को छाती में संक्रमण होने पर गत नौ फरवरी को पुणे के रूबी क्लीनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में छुट्टी देते समय डॉक्टरों ने पवार को आराम करने की सलाह दी है। रुबी क्लीनिक अस्पताल में मुख्य हृदयरोग विशेषज्ञ, अध्यक्ष और प्रबंधन न्यासी डॉ. पुरवेज ग्रांट ने बुधवार को कहा, 'शरद पवार ठीक हैं।

## ईडी ने अनिल अम्बानी का मुम्बई स्थित घर 'एबोड' किया कुर्क



3716 करोड़ रुपये है कीमत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अम्बानी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। केन्द्रीय जांच एजेंसी ने धनशोधन रोधक कानून (पीएमएलए) 2002 के तहत अनिल अम्बानी के मुम्बई पॉश इलाका स्थित घर 'एबोड' को कुर्क किया है, जिसकी कीमत 3,716 करोड़ रुपये है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी गयी जानकारी में बताया कि रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुम्बई स्थित घर 'एबोड' को ईडी ने कुर्क किया है। केन्द्रीय जांच एजेंसी उनके समूह की कम्पनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) द्वारा कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले में इस बहुमंजिला घर को कुर्क किया है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## राष्ट्रपति आज आयेंगी झारखंड, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) आगमन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किये हैं। पूरे मार्ग और कार्यक्रम स्थल को पांच जोन और 14 सेक्टर में विभाजित किया गया है। राष्ट्रपति 26 फरवरी को महाराष्ट्र के नागपुर से भारतीय वायु सेना के विमान से रांची पहुंचेंगी और वहां से एमआई-17 हेलीकॉप्टर से 45 मिनट में जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट जायेंगी। शहर के कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद वह रांची लौट कर जैसलमेर के लिए रवाना होंगी। कदमा मरीन ड्राइव स्थित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धर्मार्थ केन्द्र ट्रस्ट के भूमि पूजन और बारीडीह के मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुख्य अतिथि होंगी। राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी उपस्थित रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था में 04 हजार पुलिसकर्मी और 125 दंडाधिकारी तैनात किये गये हैं।

इधर, राष्ट्रपति के कारकेड की सुरक्षा की जिम्मेदारी ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक ऋषभ गर्ग को सौंपी गयी है। खुफिया विभाग के अधिकारियों की टीम भी उनके साथ रहेगी। कारकेड में लगभग 26 वाहन शामिल होंगे। एडीजी मनोज कौशिक ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। पर्याप्त संख्या में जवानों की तैनाती की गयी है।

### टीईसी का आईआईटी खड़गपुर से समझौता

**नयी दिल्ली :** देश में 6जी तकनीक को बढ़ावा देने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित दूरसंचार प्रणाली, रेडियो और एंटीना तकनीक, माइमो तकनीक, सैटेलाइट और गैर-स्थलीय नेटवर्क (एनटीएन) जैसे क्षेत्रों में भारत विशिष्ट मानक तैयार करने के लिए दूरसंचार इंजीनियरिंग केन्द्र (टीईसी) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर के साथ समझौता किया है। केन्द्रीय संचार मंत्रालय ने बताया कि नई दूरसंचार तकनीकों पर संयुक्त अध्ययन, शोध और मानकीकरण गतिविधियों ● शेष पृष्ठ 11 पर

## मोदी के इजराइल पहुंचने पर प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पत्नी के साथ किया स्वागत

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर इजराइल पहुंचने पर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पहुंच कर उनका स्वागत किया। मोदी को स्पेशल गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के मुताबिक 'एक खास और दिल को छू लेनेवाले अंदाज' में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत हुआ। नौ साल में यह उनका इजराइल का दूसरा दौरा है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर स्वागत की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, 'मैं अत्यन्त सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यात्रा और द्विपक्षीय चर्चा से भारत-इजराइल मित्रता को मजबूत करनेवाले सार्थक परिणाम आयेंगे। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### कार्टून कोना




### निर्वाचन आयोग ने दिये संकेत...

# अंतिम मतदाता सूची से पहले भी हो सकती है चुनाव तिथियों की घोषणा

**एजेंसी**



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने संकेत दिया है कि अंतिम और पूर्ण मतदाता सूची प्रकाशित होने से पहले भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जा सकती है; बशर्ते कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन किया जाये।

भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, नामांकन की अंतिम तिथि तक प्रकाशित सभी मतदाता सूचियों को चुनाव प्रक्रिया के लिए मान्य माना जायेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि अंतिम मतदाता सूची चरणबद्ध तरीके से प्रकाशित हो रही हो, तब भी उपलब्ध सूचियों के आधार पर चुनाव सम्पन्न कराये जा सकते हैं। राज्य में अब तक प्रारूप मतदाता सूची से 58 लाख से अधिक नाम हटाये जा चुके हैं। हालांकि, अंतिम सूची शुक्रवार को प्रकाशित की जानी है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि हटाये गये नामों की समेकित गणना तत्काल सम्भव नहीं होगी। उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार, 28 फरवरी के बाद भी आयोग चरणबद्ध तरीके से सूचियां प्रकाशित कर सकेगा और उन्हें अंतिम सूची का हिस्सा माना जायेगा। सभी चरणों की सूचियों को एक साथ जोड़ने के बाद ही कुल विलोपन का आकलन किया जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के लिए अंतिम मतदाता सूची का इंतजार करना आवश्यक नहीं है। मतदाता सूची का प्रकाशन और चुनाव कार्यक्रम की घोषणा, दोनों प्रक्रियाएं समानान्तर रूप से जारी रह सकती हैं। हालांकि, मतदाता सूची के प्रकाशन में विलंब के कारण नये मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन की योजना प्रभावित हुई है। संकेत मिल रहे हैं कि इस चुनाव में नये बूथ स्थापित होने की सम्भावना कम है। पहले आयोग ने घोषणा की थी कि जहां मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक होगी, वहां नये मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे।

### चुनाव आयोग के सम्मेलन में 'राष्ट्रीय घोषणा' को अपनाया गया



**नयी दिल्ली :** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और राज्य चुनाव आयुक्तों (एसईसी) के मंगलवार को आयोजित राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन में 'राष्ट्रीय घोषणा 2026' को सर्वसम्मति से अपनाया गया। साथ ही, यह संकल्प लिया गया कि इस प्रकार की बैठक अब हर वर्ष आयोजित की जायेगी। चुनाव आयोग के मुताबिक 27 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित इस सम्मेलन में 30 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों ने भाग लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने की। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहे। सम्मेलन में चुनावी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें ईसीआईनेट,

## एक झलक

### कटकमसांडी में आज बिजली रहेगी बाधित

**कटकमसांडी** : कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। आगामी 26 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक 33 केवीए बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। यह शटडाउन निर्धारित मेंटनेंस कार्य के कारण लिया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कटकमसांडी पावर सबस्टेशन के एसडीओ कृष्णदेव प्रजापति ने बताया कि 33 केवीए लाइन में आवश्यक मरम्मत एवं तकनीकी सुधार कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ और निर्बाध बनाने के उद्देश्य से यह मेंटनेंस बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य में उपभोक्ताओं को अनावश्यक बिजली कटौती का सामना न करना पड़े।

### बैंक ऑफ इंडिया की मिनी शाखा का हुआ शुभारम्भ

**चरही** : हजारीबाग चुरचू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सरबाहा मोड़ स्थित मंगलवार को बैंक ऑफ इंडिया का मिनी शाखा का शुभारंभ किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में आये बैंक ऑफ इंडिया चरही शाखा प्रबंधक सौरभ कुमार, बीसी संचालक पंकज कुमार,चरही मुखिया सझली मुर्मू, मुखिया प्रतिनिधि महादेव सोरेन, गौतम कुमार रमणी कुमारी शेखर कुमार रमेश शर्मा विकास कुमार रवी हंसदा, द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर किया गया। मौके पर चरही शाखा प्रबंधक गौरभ कुमार ने कहा कि इस केंद्र से जमा, निकासी, बीमा, खाता खोलवाना साथ ही अन्य बैंकिंग कार्य के लिए लोगों को मिनी ब्रांच से लाभमिलेगा। पंचायत के लोगों को बैंकिंग सेवा मिनी ब्रांच से मिलने से लोगों की परेशानी कम होगी। वही मुखिया प्रतिनिधि महादेव सोरेन ने कहा कि अब लोगों को अब मुख्य शाखा में जाने की जरूरत नहीं होगी।

### अंजली ज्वेलर्स से करीब 20 लाख के जेवरात की लूट, जांच में जुटी पुलिस

**चौपारण** : थाना क्षेत्र के महुदी मोड़ स्थित अंजली ज्वेलर्स में बीती रात हथियारबंद अपराधियों ने सुनियोजित तरीके से बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। करीब छह की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने कटर व ग्रैंडर मशीन की मदद से दुकान का शटर और तिजोरी काटकर लगभग 20 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। बताया जाता है कि अपराधी पूरी तैयारी के साथ आए थे और वारदात को बेहद पेशेवर अंदाज में अंजाम दिया। जिस तरीके से तिजोरी काटी गई है, उससे साफ संकेत मिलता है कि बदमाशों ने पहले से रेकी कर योजना बनाई थी। घटना के दौरान भागते समय अपराधियों ने पास के घर से बाहर निकली एक महिला की कनपटी पर हथियार सटा दिया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। हालांकि महिला सुरक्षित है, लेकिन घटना के बाद आसपास के लोगों में भय का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। वहीं बरही डीएसपी अजीत कुमार बिमल भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है तथा संदिग्ध अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### वीणा मिश्रा के पति का असामयिक मौत

**चरही** : चरही निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेत्री वीणा मिश्रा के पति सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी बीडी मिश्रा कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। परिजनों ने बेहतर इलाज के लिये हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर इलाज के कर्म में अचानक हृदय गति को रुक जाने के कर्म में उनकी आकस्मिक निधन हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल ने गहरा शोक व्यक्त किया। विना मिश्रा के निवास स्थान चरही पर पहुंचकर भाजपा सहित अन्य पार्टियों के कार्यकर्ताओं का आना जाना लगा रहा। जिसमें भाजपा चुरचू मंडल अध्यक्ष शशि कुमार भाजपा नेता द्वारिका सिंह, फुलेस्वर महतो, देवकी महतो, उमेश सिंह, ज्योत्सना देवी, आशा राय, रौशनी देवी, संगीता देवी, ललिता देवी, रजनी कांत बरनवाल, सतेन्द्र नारायण सिंह, महादेव विश्वकर्मा, सतीश कुमार साहू, अजीत सिंह रोहित महतो, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक सम्पन्न

**दारु** : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कि बैठक बुधवार को जिला उपाध्यक्ष भैया संतोष सिन्हा के आवास पर हुई जिसकी अध्यक्षता भैया कृपानंद प्रसाद ने किया। इस बैठक मे कायस्थ समाज कि मजबूती और आने वाले दिनों मे होने वाले कार्यक्रम के बारे मे चर्चा किया गया। इस अवसर पर कायस्थ महासभा के जिला कार्यकारणी अध्यक्ष बृजनन्दन प्रसाद ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महसभा कि दारु इकाई के सदस्यो कि सक्रियता पूरे जिलें मे अव्वल है और यहां के सदस्य एकजुट होकर कायस्थ महासभा के कार्यक्रम मे शरीक होते है।

# त्योहारों पर आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाये रखने का आह्वान

**बैठक**



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कटकमदाग** : कटकमदाग थाना परिसर में आगामी होली ईद एवं रामनवमी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक में क्षेत्र की विधि-व्यवस्था को लेकर शांति समिति की आयोजन की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी सत्येन्द्र नारायण पासवान ने किया वही बैठक, में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी शिव बालक प्रसाद एवं पु. नि. शाहिद रजा ने लोगों से कहा की पारंपरिक रूप से त्योहार मनाये डीजे पर प्रतिबंध लगाये। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाये रखने पर विशेष जोर दिया गया। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राय ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट साझा करने से बचें। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रबुद्ध लोगों ने भी अपने विचार रखे और प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। बैठक में जुलूस मार्ग, यातायात व्यवस्था, के उपयोग, निर्धारित समय सीमा तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि शांति और कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें और सभी समुदायों के बीच समन्वय स्थापित करने पर विचार किया गया। अंत में सभी सदस्यों ने मिलकर शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने का संकल्प लिया। मौके पर उपस्थित। कोंग्रेस नेता धीरेन्द्र दूबे असगर अली पुरषोत्तम राम महेश प्रसाद कुशवाहा धीरज सिन्हा राजू यादव अख्तर नूरी सर्वजीत कुमार ओझा मकबूल हुसैन इत्यादि।

## प्रशिक्षण महाविद्यालय में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**विष्णुगढ़** : प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत-संगीत तथा हास्य-व्यंग्य प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रशिक्षुओं ने पारंपरिक लोकगीतों और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी ने अपने सम्बोधन में कहा ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। उपस्थित रहनेवालों में आईक्यूऐसी कॉर्डिनेटर एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमारी स्वर्णा मिश्रा, एच ओ डी बबली कुमारी, डॉ ओमकार नाथ शर्मा,अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अदृश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद यादव,जयपाल राणा, डॉ० अम्बरीश कुमार दुबे, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, सीमा, अजीत कुमार भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रीती पुनम हेमब्रम, राहुल आजाद, नाजरा, सुनीता, बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## होली पर्व को लेकर चरही थाना में शांति समिति की बैठक, सौहार्द बनाये रखने की अपील



**चरही (हजारीबाग)** : होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर चरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह अंचलाधिकारी ललित राम ने की, जबकि संचालन इंद्रा पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ महतो ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए ललित राम ने कहा कि थाना क्षेत्र में हिंदू, मुस्लिम, सिख एवं ईसाई सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ निवास करते हैं। होली का त्योहार प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है, इसलिए इसे शांति और अनुशासन के साथ मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि वर्तमान में मुस्लिम समुदाय का पवित्र रमजान महीना चल रहा है, ऐसे में सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें और आपसी सौहार्द बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी पर जबरन रंग न लगाया जाए। न्यायालय के आदेशानुसार डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नशा करने से बचें, क्योंकि अधिकांश विवाद और सड़क दुर्घटनाएं नशे के कारण ही होती हैं। शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रामक खबर फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। थाना प्रभारी कुंदनकांत विमल ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि होली एवं आगामी त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की जाती है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में फ्लैग मार्च भी किया जायेगा। हुड़दंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या घटना की सूचना तुरंत थाना को देने की अपील की गई। मौके पर इंस्पेक्टर विद्यावती ओहदार, एएसआई बैजनाथ मेहता, सुरेश महतो, चंदन कुमार, प्रभुनारायण दास, मुरारी सिंह, कामाख्या भगत, आरिफ अंसारी, देवलाल, किशोर ठाकुर, सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## समाहरणालय सभाकक्ष में कृषि एवं पशुपालन योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार उपविकास आयुक्त रिया सिंह ने बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में कृषि, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में एक्सपेंडिचर संबधी, बिरसा फसल विस्तार योजना, कृषि मेला का अलॉटमेंट एवं व्यय, कृषक प्रयोगशाला, एग्रीक्लीनिक, स्वास्थ्य हेल्थ कार्ड, पीडीएमसी, किसान समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, गाय योजना, बर्मी कंपोस्ट, मिल्किंग मशीन सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।उपविकास आयुक्त ने बिरसा फसल विस्तार एवं कृषक प्रयोगशाला की फील्ड रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। गव्य विकास योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन जेनरेट कराने को कहा। उन्होंने गाय योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। पशुपालन पदाधिकारी को बैंक से संबंधित कार्यों के निष्पादन हेतु एलडीएम से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। उपविकास आयुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को कृषि, पशुपालन एवं गव्य विकास योजनाओं की प्रगति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपविकास आयुक्त के अलावा कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, गव्य विकास पदाधिकारी, बीटीएम, वेटनरी डॉक्टर सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

## चौपारण में नाली निर्माण पर सवाल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)** : चौपारण में बन रही नाली की पानी निकासी को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार जीटी रोड फोर लेन परियोजना के अंतर्गत वर्ष 2003 में सड़क के नीचे बनाए गए कल्वर्ट (पिलर संख्या 41, चेनज 264+534 के समीप) से ही पानी की निकासी होती है। लेकिन बीते कई वर्षों से उक्त कल्वर्ट के पाइप पूरी तरह जाम पड़े हैं, जिसके कारण पानी का बहाव बाधित हो जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में जलजमाव की समस्या विकराल रूप ले लेती है और सैकड़ों घरों में पानी घुस जाता है। लोगों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है, बावजूद इसके समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा सका है। बीते कई सालों से यह समस्या जारी है। समस्या हर साल विकराल रूप लेता है। बताया जा रहा है कि इस स्थल पर बेहतर पुलिया निर्माण को लेकर विधायक के समक्ष परियोजना निदेशक द्वारा प्रस्ताव रखा गया था। लेकिन वर्तमान में जो निर्माण कार्य कराया जा रहा है, उसमें जाम पड़े कल्वर्ट की सफाई किए बिना ही आगे का निर्माण किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कंपनी लापरवाही बरतते हुए बिना उचित सफाई और तकनीकी सुधार के काम कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी प्रकार निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया, तो आने वाले वर्षों में भी हजारों लोग जलजमाव की समस्या से जूझते रहेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि कलवर्ट को बडा करना होगा। अन्यथा पूरे बाजार से आनेवाली पानी निकल नहीं पायेगी। समस्या जस के तस रह जायेगा।

## फाल्गुन एकादशी पर श्याम सेवा मंडल का भव्य रंगीलो फागुन महोत्सव 27 फरवरी को



**हजारीबाग** : फाल्गुन एकादशी प्रभु श्री श्याम के भक्तों के लिए अत्यंत पावन और विशेष महत्व रखने वाला पर्व है। मान्यता है कि इस दिन बाबा श्याम का पूजन, कीर्तन और स्मरण करने से विशेष कृपा प्राप्त होती है तथा भक्तों के जीवन में सुख-समृद्धि और शांति का संचार होता है। फागुन माह में बाबा का दरबार रंग, उत्साह और भक्ति से सराबोर हो उठता है। श्याम भक्त इस दिन विशेष रूप से भजन-कीर्तन, सजावट और सेवा के माध्यम से अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं। इसी पावन अवसर पर श्याम सेवा मंडल के तत्वाधान में 27 फरवरी को हजारीबाग के मालवीय मार्ग स्थित नवनिर्मित श्याम मंदिर प्रांगण में रंगीलो फागुन एकादशी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों एवं रंग-बिरंगी सजावट से सजाया जायेगा, जिससे संपूर्ण वातावरण श्याममय और भक्तिमय हो उठेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत संध्या 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी अपनी सुमधुर एवं ओजपूर्ण वाणी से बाबा श्याम के भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। उनके द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले भजन श्रद्धालुओं को भक्ति भाव में सराबोर कर देंगे और पूरा प्रांगण हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के जयघोष से गूंज उठेगा।

## चार माइल एनएच-33 से करियातपुर जीटी रोड तक सड़क को लेकर विधायक ने विधानसभा में उठाया मुद्दा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बरही** : बजट सत्र के दौरान बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने पथ निर्माण विभाग के मंत्री से हजारीबाग जिला अंतर्गत बरही प्रखंड के चार माइल एनएच-33 से रालो लठिया होते हुए करियातपुर जीटी रोड तक लगभग 14 किलोमीटर लंबी सड़क के संबंध में सवाल उठाया। विधायक ने पूछा कि क्या उक्त सड़क आरईओ योजना के अंतर्गत बनी हुई है। इस पर मंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि प्रश्नगत चार माइल एनएच-33 से रालो लठिया होते हुए करियातपुर जीटी रोड तक का पथ ग्रामीण कार्य विभाग के स्वामित्व एवं अधीनस्थ है। विधायक ने यह भी जानना चाहा कि क्या एनएच-33 चार माइल से जीटी रोड करियातपुर तक की यह सड़क एक महत्वपूर्ण बायपास के रूप में उपयोग की जाती है। इस पर मंत्री ने उत्तर दिया कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा इस पथ का निर्माण कराया गया है और यह वर्तमान में डिफेक्ट लाइबिलिटी अवधि के अंतर्गत है। पथ निर्माण विभाग द्वारा इसके उन्नयन के लिए अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसपर विधायक मनोज कुमार यादव ने आगे सवाल किया कि यदि उपरोक्त तथ्य सही हैं तो क्या सरकार इस सड़क को पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरित कर उसके सुदृढ़ीकरण एवं मजबूतीकरण कराने पर विचार कर रही है। इस पर मंत्री ने स्पष्ट किया कि संबंधित प्राधिकार द्वारा कराये गये कार्य की डिफेक्ट लाइबिलिटी अवधि समाप्त होने के बाद तथा पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरण के लिए अनापत्ति मिलने पर, नेटवर्क की उपयोगिता और उपलब्ध निधि के आधार पर प्रस्ताव पर विचार किया जा सकेगा।

## जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 के कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन जी.एम.संध्याकालीन महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. जॉनी रुफीना तिर्की, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार महाविद्यालय सचिव शम्भू कुमार, माई भारत हजारीबाग युवा अधिकारी रूद्र शेखर उपस्थित हुये। कार्यक्रम का शुभारम्भ अथितियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण करने के बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ किया। इस प्रतियोगिता में पांच सदस्यीय निर्णायक मंडली में राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित डॉ.सरिता सिंह, संत कोलम्बस महाविद्यालय के हिन्दी सहायक प्राध्यापक डॉ. कृष्णा कुमारी हजारीबाग के वरिष्ठ पत्रकार गणेश चंद्र राही जी.एम.महाविद्यालय के शिक्षक कुंदन शशि शर्मा संत कोलम्बस महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अशोक राम शामिल थे। इस प्रतियोगिता में हजारीबाग के एक से बढ़कर एक युवा भाग लिये। जिसमें प्रथम स्थान आर्यन बादल द्वितीय स्थान स्नेहा सिंह और तृतीय साक्षी शर्मा ने हाशिल करने में सफल हुये। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना जिला नोडल अधिकारी हजारीबाग सह जी.एम. महाविद्यालय कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. उमेश ठाकुर के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। मंच संचालन NSS स्वयं सेवक महेश कुमार महतो एवं मेघा राज ने किया और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में Nss स्वयं सेवकों में राहुल कुमार सिंह, सत्यम राज, नेहा कुमारी, ज्योति कुमारी, कोमल कुमारी, सचिन कुमार महतो, राज कुमार, दीपक कुमार, रीना कच्छप, हतिक मिश्रा, आदि तथा महाविद्यालय के शिक्षक विनय कुमार मेहता, पूनम कुमारी, रानी कुमारी, मनोज राणा, रंजन कुमार, उर्मिला राणा, आदि ने बढ़चढ़कर सहयोग रहा।

## सड़क हादसे में घायल विकास कुमार दो साल से बिस्तर पर, परिवार पर टूटा आर्थिक संकट



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बरही** : प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह गांव निवासी 30 वर्षीय विकास कुमार 7 जनवरी 2024 को हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में उनकी हालत बुरी हो गई और पैर में गंभीर चोट आई। इसके बाद विकास कुमार का इलाज धनबाद के एक निजी अस्पताल में कराया गया, जिसमें अब तक तीन ऑपरेशन हो चुके हैं, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है। वर्तमान में वह चलने-फिरने में असमर्थ हैं और लंबे समय से बिस्तर पर ही पड़े हैं। विकास कुमार परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में माता-पिता, दादा-दादी, पत्नी, चार वर्षीया पुत्री और एक वर्षीय पुत्र शामिल हैं। बेटी आंगनवाड़ी में पढ़ाई करती है। हादसे के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है। पिता गणेश प्रसाद, जो एक गरीब किसान हैं, ने बेटे के इलाज के लिए अपनी जमीन-जायदाद बेच दी। कई ऑपरेशन और इलाज के बावजूद भी बेटे की हालत जस की तस बनी हुई है, जिससे परिवार पर आर्थिक और मानसिक दोनों तरह का संकट गहरा गया है। इस कठिन परिस्थिति में पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने अपने स्तर से आर्थिक सहयोग किया।

## युवा साथी झारखंड ने मेराज खान के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बरही** : युवा साथी झारखंड संस्था ने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मेराज खान के परिवार को चेक के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की। बीते दिनों शकरी मुहल्ला कोनरा बरही निवासी मेराज खान एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। वर्तमान में उनका इलाज रांची स्थित जेनेटिक हॉस्पिटल में वेंटिलेटर पर चल रहा है। चिकित्सकों की देखरेख में उपचार जारी है, किंतु इलाज का खर्च परिवार के लिए अत्यंत चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। स्थिति की जानकारी मिलते ही युवा साथी झारखंड के सदस्यों ने आपसी सहयोग से राशि एकत्रित की और परिवार को सहायता प्रदान की। इस सहयोग में विशेष रूप से प्रेम प्रजापति, मोहम्मद सद्दाम खान, मोहम्मद अहमद खान एवं मोहम्मद रिजवान का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था इन सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती है, जिनकी संवेदनशील पहल से यह सहायता संभव हो सकी। संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा इस कठिन समय में आर्थिक सहायता कर हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया संस्था के सदस्यों ने कहा कि किसी भी परिवार पर अचानक आई आपदा न केवल आर्थिक बल्कि मानसिक रूप से भी गहरा प्रभाव डालती है। ऐसे समय में सामाजिक एकजुटता और सामूहिक सहयोग ही सबसे बड़ी ताकत होती है।युवा साथी झारखंड सदैव जरूरतमंदों, पीड़ितों एवं वंचित परिवारों के साथ खड़ा रहा है और आगे भी समाजहित में कार्य करता रहेगा। संस्था ने समाज के सभी जागरूक एवं सक्षम नागरिकों से अपील की कि वे भी आगे आकर घायल मेराज खान के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करें तथा परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान करें।

## विभावि राजनीति विज्ञान विभाग में शोध पद्धति पर व्याख्यान



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : समसामयिक विषयों में पीएचडी शोध होनी चाहिए। यह समय की भी मांग है। राजनीति विज्ञान का एक बड़ा सा भाग परिवर्तनशील है। विश्व की राजनीति, भारत की राजनीति तथा अपने झारखंड राज्य की राजनीति के समकालीन मुद्दों पर शोध करने की आवश्यकता है। उक्त बातें विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष तथा राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ संजू कुमारी ने कही। डॉ. संजू बुधवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में बतौर मुख्य अतिथि शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. सुकल्याण मोइत्रा ने किया। डॉ संजू ने बताया कि राजनीति विज्ञान विभाग में शोध के नियम कुछ भिन्न है। इसमें ऐतिहासिक पद्धति का बहुत महत्व है। इसमें प्राथमिक डेटा संकलन के लिए अनुभाविक पद्धति तथा उसके अंतर्गत प्रश्नावली, अनुसूची एवं साक्षात्कार जैसे टूल्स के उपयोग किए जाते हैं। विभावि के समाज विज्ञान संकाय के अध्यक्ष डॉ. रेनू बोस ने इस अवसर प्राथमिक डेटा संकलन के महत्व को बताया। उन्होंने बताया की राजनीति विज्ञान जैसे विषय में वर्तमान का अध्ययन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान का अध्ययन तभी विश्वसनीय व गुणात्मक होगा जब शोध में प्राथमिक डेटा का संकलन वैज्ञानिक पद्धति से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पीएचडी की थीसिस में फिगर्स के अपने महत्व होते हैं एवं शोधार्थियों को आकृति एवं रेखाचित्र का सहारा लेनी चाहिए। डॉ. रेनू बोस ने बताया की उपलब्ध साहित्य की समीक्षा अपनी भाषा में करनी चाहिए। उन्होंने अगाह किया की कट-एंड-पेस्ट संस्कृति से विद्यार्थी बचे। यह भी जानकारी दी कि अब 'प्लेगिरिज्म' अर्थात साहित्यिक चोरी की जांच हेतु सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाता है।

## विभावि के गृहविज्ञान विभाग में 'इंडक्शन मीट' आयोजित

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग में बुधवार को इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष तथा समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. रेनू बोस ने किया। इंडक्शन मीट की जानकारी देते हुए डॉ रेनू बोस ने बताया कि सबसे पहले सभी विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त किया गया। विद्यार्थियों को विषय के पाठ्यक्रम की पूरी जानकारी दी गयी। यह भी बताया गया कि इस विषय को लेकर आगे और किस तरह की पढ़ाई की जा सकती है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि गृह विज्ञान पढ़ने के बाद करियर के कौन से कौन से अवसर मिल सकते हैं। रोजगार के वैकल्पिक संभावनाओं पर भी प्रकाश डाले गये। डॉ. रेनू बोस ने बताया कि इस अवसर पर नवागंतुक विद्यार्थियों को विभाग के सभी शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों से परिचित करावाया गया। विभाग की समय सारणी की जानकारी दी गयी।

# माता शबरी का जीवन अटूट आस्था, समर्पण, सेवा भावना और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण : मुन्ना



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : बुधवार को मां शबरी सेवा संघ (भुईयां समाज), हजारीबाग द्वारा मोरांगी, नवाटांड में आयोजित माता शबरी महोत्सव सह शबरी मेला श्रद्धा, आस्था एवं सामाजिक एकता के माहौल में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में संघ के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल राम ने बैच पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर मुन्ना सिंह जी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। आभार व्यक्त करते हुए मुन्ना सिंह ने कहा कि समाज का यह स्नेह और विश्वास उन्हें निरंतर सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित करता है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि माता शबरी का जीवन अटूट आस्था, समर्पण, सेवा भावना और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण है। भगवान राम के प्रति उनकी निष्कलंक भक्ति हमें यह संदेश देती है कि सच्ची श्रद्धा और सेवा से समाज में समानता एवं मानवता की स्थापना संभव है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम माता शबरी के आदर्शों को अपनाते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक शिक्षा, सम्मान और विकास की मुख्यधारा पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लें। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने के साथ-साथ समाज में एकजुटता, भाईचारा और सकारात्मक सामाजिक चेतना को भी बढ़ावा देते हैं। इस गरिमामय अवसर पर संस्थापक रोहित राम, प्रदेश अध्यक्ष निर्मल राम, प्रदेश सचिव प्रमोद राम, प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश भुईयां, मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष सुदर्शन राम संजय भुईयां सहित अनेक गणमान्य अतिथि, समाज के प्रबुद्धजन, माताएं-बहनें एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में मुन्ना सिंह ने सभी आयोजकों, कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित श्रद्धालुओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया।

## करियातपुर में आज निकलेगी श्री खाटूश्यामजी की भव्य निशाना यात्रा, श्रद्धालुओं में उत्साह



**बरही** : प्रखंड के करियातपुर श्री खाटूश्यामजी मंडली की ओर से फाल्गुनी महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को भव्य निशाना यात्रा निकाली जायेगी जिसको लेकर श्रद्धालु काफी उत्साहित दिख रहे। कार्यक्रम की पूरी तैयारी हो चुकी है। निशान यात्रा करियातपुर दुर्गा मंदिर परिसर से निकलेगी जो नईटांड मोड़, बरसोत चौक होते हुए पुनः दुर्गा मंदिर परिसर में समापन होगा। उसके बाद श्रद्धालुओं के लिए विशेष भंडारा का आयोजन किया गया है। 27 फरवरी शुक्रवार संध्या को खाटूश्याम बाबा का भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया है।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री खाटूश्यामजी मंडली के संजय केशरी, प्रदीप केशरी, दीपक केशरी, दीपू केशरी, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र कुशवाहा, कमल शंकर पंडित,पवन केशरी,संजय केशरी, कैलाश केशरी,भोला भगत, राहुल प्रजापति, संतोष प्रजापति, कमलेश कुशवाहा, संजीत केशरी, संजीत सोनी,भीम केशरी,मुन्ना सोनी, चन्दन केशरी, प्रकाश केशरी, अशीष केशरी सहित कई लोग जोर-शोर से लगे हुए हैं।

## सूर्यकुंड मे विशाल शिव गुरु महोत्सव का आयोजन



**बरकट्ठा** : बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के देव स्थल सूर्यकुंड मे शिव गुरु भक्तों के द्वारा एक विशाल शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोलकाता से चल कर आई दीदी बरखा आनंद द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित हजारो के संख्या में शिवगुरु शिष्यों को संबोधित करते हुए भगवान शिवगुरु की महिमा को विस्तृक्त रूप से चर्चा करते हुवे अपने विचारो को साझा किया, महोत्सव के बीच बीच में गीत संगीत का आयोजन कर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। कार्यक्रम में बरकट्ठा, बरही, इचाक, चालकुसा, बागोदर, विष्णुगढ़, आदि प्रखंडों से शिवगुरु शिष्य में पुरुषो के अपेक्षा महिलाओ की उपस्थिति भारी संख्या में देखी गयी, कार्यक्रम आयोजन में मुख्य भमिका प्रमिला देवी, रामेश्वर साव, इंद्रजीत प्रसाद, अशोक दास, रामखेलावन यादव, जीवलाल नायक, प्रकाश दास, आरती देवी, प्रतिमा देवी, रानी कुमारी, सरिता देवी द्वारा निभायी गयी कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवकुमार विश्वकर्मा, जीप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया ललिता पांडेय, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, पूर्व मुखिया गुड्डी देवी, पूर्व मुखिया राजकुमार नायक, अर्जुन नायक, मिथलेश भारती, अशोक गुप्ता,संजय गुप्ता, शहदेव प्रसाद, कार्यक्रम का समापन रामेश्वर साव बागोदर निवासी के द्वारा किया गया।

## एक झलक

### वीर सोरेन के असामयिक निधन पर डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने जताया गहरा शोक



**रांची** : हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन जी के पोते एवं भाजपा नेता बाबूलाल सोरेन के सुपुत्र वीर सोरेन के असामयिक निधन का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस दु:खद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वीर सोरेन का असमय निधन अत्यंत पीड़ादायक एवं हृदयविदारक है। एक युवा जीवन का इस प्रकार अचानक समाप्त हो जाना न केवल परिवार, बल्कि समस्त समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। डॉ. वर्मा ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार—विशेषकर बाबूलाल सोरेन एवं उनके परिजनों—को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति दें। उन्होंने कहा कि इस दु:ख की घड़ी में भाजपा परिवार शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

### वीर सोरेन के असामयिक निधन पर संजय सेठ ने गहरी संवेदना जतायी

**रांची** : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता चम्पई सोरेन के पोते वीर सोरेन के असामयिक निधन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। इतनी कम आयु में भविष्य के होनहारों के अकस्मात थम जाना असहनीय पीड़ा देता है। यह पूरे परिवार पर वज्रपात है। ईश्वर परिवार को इस गहरे दु:ख से उबरने की हिम्मत दें, दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

### कवि सम्मेलन आयोजन समिति ने की संवाददाता सम्मेलन बैठक

**रांची** : कवि सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा संवाददाता सम्मेलन बैठक–26 फरवरी 2026, दिन–गुरुवार को सांय-4 बजे से महाराजा अग्रसेन भवन में रखी गई है। संवाददाता सम्मेलन में कवि सम्मेलन आयोजन की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। बैठक में कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष, सचिव, संयोजक, पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। आपसे सादर आग्रह है कि अपने प्रतिनिधि, संवाददाता एवं फोटोग्राफर बंधु को भेज कर हमारा उत्साहवर्धन और सहयोग करें।

### हेसल नया टोली बुधवा पहान के दशक्रम में जैलेन्द्र कुमार ने सूखा राशन देकर किया सहयोग



**रांची/अनगड़ा** : हेसल नया टोली निवासी बुधवा पहान का विगत दिनों बीमारी से इलाज के दौरान देहांत हो गया बुधवा पहान अत्यंत गरीब परिवार से थे अपने पीछे चार पुत्र छोड़ चल बसे उनके दस क्रम के लिए जैलेंद्र कुमार और महमूद के सहयोग से सूखा राशन देकर सहयोग किया गया मौके पर उपमुखिया शंकर बैठा, रासो देवी, नीरज पहान, सुरेश पहान, संदीप पहान, चंचल पहान, मिन्हाज अंसारी, साबिर अंसारी, मोबीन अंसारी, फिरोज अंसारी, अमीरूल अंसारी, अजीज अंसारी, सकील अंसारी, अख्तर अंसारी, नजबूल अंसारी सहित आदि शामिल थे।

## मतगणना की तैयारियों को लेकर संयुक्त ब्रीफिंग हुई आयोजित

# किसी भी प्रकार की अफवाहों पर न दें ध्यान : डीडीसी

- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त, रांची, मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार, उप विकास आयुक्त, रांची सौरभ कुमार भुवनिया की अध्यक्षता में बैठक
- मतगणना में प्रतिनियुक्त होनेवाले पुलिस पदाधिकारियों व दंडाधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया से सम्बन्धित दिये गये विस्तृत दिशा-निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त, रांची, मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार, उप विकास आयुक्त, रांची सौरभ कुमार भुवनिया की अध्यक्षता में 25 फरवरी को ट्रांसपोर्ट नगर रिंग रोड स्थित बज्रगृह (मतगणना) स्थल पर एक महत्वपूर्ण संयुक्त ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दिनांक 27 फरवरी 2026 को रांची नगर निगम एवं बुंडू नगर पंचायत हेतु मतगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है। ब्रीफिंग के दौरान मतगणना में प्रतिनियुक्त होने वाले पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। इनमें सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना हॉल में अनुशासन बनाए रखना, अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध, बैलट बॉक्सों की सुरक्षित हैंडलिंग, गणना टेबलों पर निगरानी, आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई तथा राज्य निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल थे। सौरभ भुवनिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के मतगणना चरण को पूर्ण पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा एवं सजगता के साथ निर्वहन करें। इस महत्वपूर्ण बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, रांची, कुमार रजत, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, किस्टो कुमार बेसरा, पंचायती राज पदाधिकारी, रांची-राजेश कुमार साहू, जिला खेल पदाधिकारी, रांची -शिवेंद्र कुमार सिंह एवं मतगणना से जुड़े अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बज्रगृह मतगणना स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे सुरक्षा घेरा, प्रकाश, पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य लॉजिस्टिक तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन द्वारा मतगणना को सफल बनाने हेतु निरंतर समन्वय एवं निरीक्षण किया जा रहा है।

## रांची के सदर अस्पताल में डॉ. विकास के निधन पर शोकसभा आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मैं वहां स्वास्थ्य मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक चिकित्सक और एक साथी के रूप में पहुंचा था। सफेद कोट पहननेवाला जब दूसरे सफेद कोट को खो देता है, तो वह पीड़ा शब्दों में बयान नहीं की जा सकती। आज सच में ऐसा लगा जैसे हमने अपना एक सगा भाई, अपना हमदर्द, अपना साथी खो दिया हो। पूरा वातावरण शोक में डूबा था हर डॉक्टर की आंखें नम थीं, हर चेहरा उदास था। सन्नाटा भी मानो रो रहा था। डॉ. विकास एक साधारण परिवार से उठ कर सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल बने। वे सिर्फ एक डॉक्टर नहीं थे, वे उम्मीद थे वे भरोसा थे। वे उन गरीब मरीजों की आस थे जो अस्पताल में इलाज के साथ सहारा भी ढूंढते हैं। विमान एम्बुलेंस में उनका असामयिक निधन हम सभी के लिए गहरी और अपूरणीय क्षति है। उनका जाना चिकित्सा जगत के लिए एक ऐसी रिक्तता है जिसे भर पाना संभव नहीं। मैं स्वयं एक डॉक्टर हूं, इसलिए इस दर्द को दिल की गहराइयों से महसूस कर रहा हूँ। स्वास्थ्य मंत्री के रूप में मैंने उनके परिवार को भरोसा दिलाया है कि सरकार हर संभव सहायता देगी। लेकिन सच यह है कि किसी अपने की कमी को कोई सहायता पूरा नहीं कर सकती। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति दे और परिवार को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे।

# डालसा टीम ने बच्चे को बाल श्रम से कराया मुक्त



- डालसा टीम के रेस्क्यू किये बच्चे ने अपनी आपबीती बतायी, कहा...'मैं पढ़ना-लिखना चाहता हूं'

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर एवं माननीय सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव की देखरेख में फिरायालाल चौक एवं डैली मार्केट में पैन इंडिया बाल और किशोर मजदूरी के उन्मूलन के साथ-साथ सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए पूरे भारत में बचाव और पुनर्वास अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज दिनांक 25.02.2026 को अल्बर्ट एक्का चौक से लेकर मैन रोड, डेली मार्केट तक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी दौरान डालसा टीम अल्बर्ट एक्का चौक के समीप देखा कि कतारी जुश मशीन दुकान में एक बच्चा से काम करवाया जा रहा है। पूछताछ के क्रम में बच्चे ने बताया कि मुझे इस एवज में पांच हजार रूपया दिया जाता है। दिनभर मुझे मशीन पर केतारी से जुश निकालने का काम करवाया जाता है। बच्चे ने अपनी इच्छा डालसा टीम के पास जाहिर की और कहा कि मैं पढ़ना-लिखना चाहता हूं। मेरे माता-पिता के बारे मुझे कोई जानकारी नहीं है। बच्चे ने यह भी बताया कि वह गांव-रेवशा, जिला-गाजीपुर, उत्तर प्रदेश का रहनेवाला है। इस अवसर पर डालसा सचिव, राकेश रौशन, डिप्टी चाईल्ड हेल्पलाईन के सदस्यगण जिनमें विकास कुमार पांडे, अनिशा कच्छप, आतू थाना के सब इंस्पेक्टर मनोज सोरेन, मंगल भगत, पीएलवी मानव कुमार सिंह, रेनु देवी, स्नेहलता दुबे, मुन्नी देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## बारिश होने से झारखंड में मौसम हुआ सुहाना, तापमान में कमी

**रांची** : राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न इलाकों में हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है इससे बढ़ती हुई गर्मी रुक गई है। मौसम विभाग से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल बारिश की कोई संभावना व्यक्ति नहीं की गयी है। यही वजह है कि बुधवार को रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में मौसम साफ रहा और धूप में तल्खी महसूस की गई। विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान राज्य भर में तापमान में 2 डिग्री के गिरावट होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में 32.2 डिग्री और सबसे कम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस गुमला में रिकॉर्ड किया गया।

# झारखंड में लोगों के विकास के लिए अभिनन्दन ट्रस्ट अग्रसर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अभिनंदन ट्रस्ट एक सामाजिक संगठन है जो झारखंड (रांची) सहित पूरे भारत में सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए काम कर रहा है, खासकर कन्या विवाह उपहार योजना, आवास योजना, वृद्ध सेवा, हेल्थ चेक-अप और रोजगार सृजन जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से, लोगों को सशक्त बनाना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना इनका लक्ष्य है। यह बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस में अभिनंदन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर विवेकानंद कुमार ने कहीं।उन्होंने कहा की रांची में इनका एक स्टेट ऑफिस भी खुला है, जो झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ को संभालेगा और विकास कार्यों पर केंद्रित है। अभिनंदन ट्रस्ट 12 सूत्री योजना लेकर देश और झारखंड में विकास का लगातार प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बॉलीवुड एक्टर्स शाहबाज खान ने बताया कि अभिनंदन ट्रस्ट समाज के लिए बेहतर काम कर रही है। अभिनंदन ट्रस्ट ने जो जिम्मेवारी समाज के लिए उठाया है यह काबिले तारीफ है। मैं उनके कार्यों से काफी प्रभावित हूं। शाहबाज खान ने कहा कि रांची एक खूबसूरत शहर है यहां का मौसम काफी खुशनुमा है। रांची आना मेरा सपना था जो अभिनंदन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विवेकानंद ने मुझे यहां बुलाकर पूरा कर दिया। अभिनंदन ट्रस्ट द्वारा शुरू किए जाने वाला इलेक्ट्रिक वाहन योजना और हर्बल योजना दोनों का लाभ समाज के लोगों को मिलेगा। प्रेस वार्ता में डा विवेकानंद, जितेंद्र सिंह, डॉक्टर एसके वर्मा मौजूद थे।

## चम्पाई सोरेन के पोते वीर सोरेन का मनाली में निधन, दोस्तों के साथ मनाने गये थे छुट्टी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पोते वीर सोरेन की मौत हो गई है। वे कुल्लू-मनाली घूमने गए हुए थे। बताया जा रहा है कि अचानक तबीयत खराब होने की वजह से उनकी मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश के मनाली में दोस्तों के साथ वीर सोरेन पर्यटन के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि मनाली के सिविल अस्पताल में जब वीर सोरेन को लया गया था तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद ये खबर सामने आई कि मृतक झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के बेटे हैं। वीर सोरेन के साथ उत्तर प्रदेश के रहने वाले अग्नय वर्मा भी थे जिनके बयान के आधार पर पुलिस ने बताया कि वीर सोरेन अपने मित्रों के साथ द 22 फरवरी को मनाली घूमने गए थे। वे सभी हिमालयन सैलेट होम स्टे, सिमसा, मनाली में ठहरे हुए थे। जहां उनकी तबीयत खराब हो गई। 24 फरवरी को दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे जब उनके मित्र घूमकर वापस लौटे तो उनकी तबीयत खराब थी और दोस्तों ने वीर सोरेन को दवा मंगा कर दी जिसके बाद वो सो गए लेकिन ढाई बजे कमरे से गिरने की आवाज सुनाई दी। मौके पर जाकर देखा तो वीर सोरेन बिस्तर से नीचे गिरे हुए थे। दोस्तों ने उन्हें सिविल अस्पताल मनाली पहुंचाया लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि अस्पताल ले जाने के दौरान मुंह से झाग निकल रहा था।

# झारखंड को विकसित करे केन्द्र सरकार : रामेश्वर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : कांग्रेस के विधायक रामेश्वर उरांव ने बजट सत्र के दौरान बुधवार को कहा कि जब देश में ही बेरोजगारी है फिर झारखंड राज्य इससे कैसे अछूता रह सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के कई जिलों सिमडेगा खूंटी, गुमला सहित कई जिलों में भारी आर्थिक असामानताएं हैं। वहीं धनबाद और पूर्वी सिंहभूम जैसे जिले संपन्न हैं। इन जिलों के समकक्ष आर्थिक असमानता वाले जिलों को लाना, राज्य सरकार के लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि झारखंड का जीडीपी तभी बढ़ेगा जब सभी राज्यों की स्थिति में सुधार होगी। विकसित भारत देखने के लिए केंद्र सरकार को झारखंड को विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्ष 2026-27 की बजट में महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया है। राज्य में सरकार की ओर से शिक्षा पर जोर दिया गया है। साथ ही पूंजीगत व्यय को बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि आमजनों का फायदा होगा तो ही आम लोग बेहतर जीवन जी पायेंगे। सरकार को राज्य के विकास की चिंता है। इसलिए मुख्यमंत्री ने दाओस यात्रा कर स्टील और अन्य क्षेत्रों से एमओयू किया है। राज्य में निवेश आएंगा तो राज्य का विकास होगा।

विधायक ने कहा कि किसी भी बजट की दो प्रमुख विशेषताएं विकास की दिशा और सामाजिक सरोकार है। इसबार सदन पटल पर प्रस्तुत बजट में दोनों पहलुओं का समावेश किया गया है।

## इंदौर/रांची/पुरुलिया के बीच नयी रेल सेवा की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने रेल मंत्री को पत्राचार कर इंदौर से रांची एवं पुरुलिया के बीच नई नियमित रेल सेवा प्रारंभ करने का आग्रह किया। यह कहा कि वर्तमान में इस मार्ग पर सीधी रेल सुविधा उपलब्ध नहीं होने से यात्रियों, व्यवसायियों एवं छात्रों को भारी असुविधा हो रही है। उन्होंने सुझाया कि ट्रेन संख्या 12913/12914 त्रिशताब्दी एक्सप्रेस का आरक्षित रेक मंगलवार से रविवार तक अधिकांश समय अनुपयोगी अवस्था में पार्किंग में रहता है। यदि इस रेक का सप्ताह में एक दिन उपयोग करते हुए इंदौर-रांची/पुरुलिया के मध्य एक नई ट्रेन सेवा प्रारंभ की जाय, जो उज्जैन, भोपाल,चोपन, डाल्टनगंज, लोहरदगा एवं रांची होते हुए संचालित हो, तो यह रेलवे संसाधनों का अत्यंत प्रभावी उपयोग साबित होगा। इस प्रस्तावित ट्रेन के प्रारंभ होने से इंदौर, उज्जैन एवं भोपाल जैसे मध्यप्रदेश के प्रमुख शहरों से झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के यात्रियों को सीधा रेल संपर्क प्राप्त होगा। विदित हो कि इस हेतु रेलवे बोर्ड के सीईओ, पश्चिमी रेलवे के महाप्रबंधक, रतलाम मंडल के डीआरएम, राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा, इंदौर के सांसद शंकर लालवानी, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम और पुरुलिया के सांसद ज्योतिरमय सिंह महतो को भी पत्राचार किया गया है।

# जेसीएम का रांची विश्वविद्यालय व डीएसपीएमयू में फगुआ सह होली मिलन समारोह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जेसीएम का रांची विश्वविद्यालय एवं डीएसपीएमयू में फगुआ सह होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ। झारखंड छात्र मोर्चा के बैनर तले रांची विश्वविद्यालय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में छात्र मोर्चा के अध्यक्ष अमन कुमार तिवारी, असद फेराज, मनीष राणा के नेतृत्व में फगुआ सह होली मिलन समारोह DSPMU के न्यू बिल्डिंग में आयोजित किया गया। कार्यकम में जेसीएम की ओर मंच, साउंड सिस्टम तथा गुलाल की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में नागपुरी, हिंदी तथा भोजपुरी गानों में दोनों विश्वविद्यालय के सैकड़ों छात्र घंटों झूमते रहे। मौके पर कई अतिथिगण एवं अन्य छात्र संगठनों के छात्र प्रतिनिधि भी शामिल हुए सभी अतिथियों को पारंपरिक गमछा एवं गुलाल लगाकर मंच की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रांची विश्वविद्यालय के निवर्तमान अध्यक्ष अमन कुमार तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा, कोषाध्यक्ष राहुल मुंडा, उपाध्यक्ष भास्कर महतो, सचित रंजन, अरविंद बैठा, दया राम, मानवी, श्रेया, आलोक पासवान, पियूषा रानी, नवीन साहू, जय यादव का अहम योगदान रहा।

## श्रमिक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमडी के. श्रीनिवासन से की मुलाकात



**रांची** : झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) से आज उनके धुर्वा स्थित ऊर्जा निगम लिमिटेड के कार्यालय में झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी बहाली प्रक्रिया में वर्ष 2016 एवं 2018 की भांति मानव दिवस कर्मियों को नियुक्ति में प्राथमिकता प्रदान करने संबंधी ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि विभाग में वर्षों से कार्यरत मानव दिवस कर्मियों एवं एजेंसी कर्मियों ने विषम परिस्थितियों में भी निष्ठापूर्वक अपनी सेवाएं दी हैं।

## ईद की दुकान लगाने को लेकर दो गुटों में चाकूबाजी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिले के लोअर बाजार थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात चर्च रोड फातुल्लाह रोड ने ईद का दुकान लगाने को लेकर दो गुटों में चाकूबाजी की वारदात हुई है। यह वारदात दुकान लगाने को लेकर हुए, विवाद के दौरान एक गुट के लोगों ने तीन युवकों पर चाकू से हमला कर दिया गया, जिससे दो नाबालिग सहित तीन गंभीर रूप से घायल हो गया है। सभी का इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की शाम फतुल्लाहरोड में ईद बाजार का दुकान लगाने का विवाद हुआ था। उसके बाद स्थानीय लोगों ने समझाकर मामला शांत कराया था। वहीं पुलिस की भी जनाकारी दी गई थी। लेकिन पुलिस उस समय नहीं आई थी। मामला स्थानीय लोगों ने खत्म करा दिया था। लेकिन रात लगभग 11 बजे फिर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। चाकूबाजी होने लगी। जिसमें एक गुट के तीन युवकों को चाकू मारकर घायल कर दिया है।। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और हमलावर मौके से फरार हो गए। इधर स्थानीय लोगों ने बताया कि शाम में हुए घटना के बाद अगर पुलिस मौके पर आती तो शायद देर रात चाकूबाजी की वारदात नहीं होती। पुलिस को सूचना देने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। नतीजा ये हुआ को दोबारा मामला बढ़ा और चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया गया है।

# श्याम फागण अमृत महोत्सव पर निकली भव्य ध्वजा निशान शोभायात्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल का रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव का भव्य ध्वजा निशान शोभायात्रा सरोवर मंदिर सेवा सदन पथ से बुधवार को शुरू हुआ। रजत सिंहासन पर बैठे बाबा का रथ जब सरोवर मंदिर से निकला तो पूरी राजधानी श्याम के रंग में रंग गई। मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि हजारों हाथों में निशान लेकर भक्त अपने बाबा को अरदास लगाते हुए चल रहे थे। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे दिल से पैदल चलकर श्याम बाबा को निशान ध्वज अर्पित करते हैं बाबा श्याम उनकी हर मनोकामनाएं पूरी करते हैं। शोभा निशान यात्रा में आकर्षण का केंद्र गुजरात का डांडिया राजस्थानी वेशभूषा में महिलाएं रहीं जो बाबा को धूप धूवन करते हुए चल रही थीं। वहीं हजारीबाग का ताशा बैंड ढोल नगाड़े बैंड बाजा भी निशान शोभा यात्रा के आकर्षण का केंद्र था। हर ओर हारे के सहारे की जय श्याम प्यारे की जय जैसे जयकारों से पूरा रांची गुंजायमान था। निशान शोभायात्रा सरोवर मंदिर से शुरू होकर रंगलाल जालान रोड, बड़ालाल स्ट्रीट, जेजे रोड, कोतवाली रोड चौक और पुस्तक पथ होते हुए हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर पहुंची। रथ पर मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां और कोषाध्यक्ष मनोज खेतान ने सभी भक्तों को पूजन अनुष्ठान का संकल्प करवाया। राजधानी की सभी मुख्य मार्ग में बाबा की आरती पूजन की गई। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका ने बाबा श्याम का अद्भुत श्रंगार किया। मंडल के निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, महामंत्री गौरव अग्रवाल, मंत्री पंकज गाड़ोदिया, विष्णु चौधरी, उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया, प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल सहित अन्यत ने शोभा यात्रा के संचालन में मुख्य भूमिका निभाई। गुरुवार को अखंड ज्योति पाठ श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में 26 फरवरी को कोलकाता के ज्योति खन्ना अपने नृत्य नाटिका की टीम के साथ बाबा श्याम का अखंड ज्योति पाठ करेंगे।

## झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय, रांची में व्याप्त अनियमितताओं, अपारदर्शिता व संदिग्ध प्रशासनिक निर्णयों को लेकर आजसू लगातार उठाती रही है आवाज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) पूर्व से ही झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची में व्याप्त अनियमितताओं, अपारदर्शिता और संदिग्ध प्रशासनिक निर्णयों को लेकर लगातार आवाज उठाता रहा है तथा विश्वविद्यालय में पारदर्शी, जवाबदेह और नियमसम्मत व्यवस्था की मांग करता रहा है। संघ ने समय-समय पर नियुक्ति प्रक्रिया, टेंडर आवंटन, सामान खरीद, भवन निर्माण कार्य और मेस संचालन से जुड़ी प्रक्रियाओं में संभावित गड़बड़ियों को सार्वजनिक रूप से उजागर किया और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर बल दिया। दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन गंभीर आशंकाओं को छात्र हित में उठाया गया था, वे अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की छापेमारी के बाद और अधिक पुष्ट होती प्रतीत हो रही हैं। समाचार माध्यमों में प्रकाशित तथ्यों के अनुसार विश्वविद्यालय में निविदा प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी, वित्तीय अनियमितता, नियुक्तियों में गड़बड़ी तथा निर्माण कार्यों में गंभीर प्रश्न उठे हैं। यह केवल प्रशासनिक त्रुटि का विषय नहीं, बल्कि सार्वजनिक संसाधनों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है। एक केंद्रीय विश्वविद्यालय में इस प्रकार के आरोप पूरे शैक्षणिक वातावरण को प्रभावित करते हैं और संस्थान की साख पर गहरा आघात पहुँचाते हैं।

सम्पादकीय.....

# प्रतीकात्मक राजनीति से परहेज जरूरी

**ईरान** की स्थिति पर पूरी दुनिया की नजर टिकी हुई है। अमेरिका वहां अपने युद्धपोत तैनात किये हुए है। कई दिनों से लगातार धमकियां भी दे रहा है कि वह युद्ध की शुरुआत कर देगा। इस आलोक में अपने देश भारत ने 23 फरवरी को ईरान में रह रहे अपने नागरिकों से कहा कि वे तत्काल ईरान छोड़ दें। अर्थात, ईरान पर किसी भी समय अमेरिकी हमला हो सकता है। वहीं, 23 फरवरी को ही इजरायली कैबिनेट को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की, कि भारत क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग के लिए एक 'हेक्सागोनल गठबंधन' में शामिल होगा। इसके साथ ही तय हो गया कि प्रधानमंत्री मोदी 25 फरवरी को दो दिन के इजरायल दौरे पर जायेंगे। इस बार की दो दिवसीय यात्रा में मोदी येरूशलम में इजरायली संसद को सम्बोधित करेंगे, प्रौद्योगिकी सहयोग पर एक इनोवेशन इवेंट में भाग लेंगे और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ होलोकॉस्ट स्मारक याद वाशेम का दौरा करेंगे। हैरानी की बात यह है कि जब पूरा मध्यपूर्व बड़े संकट से गुजर रहा है, उस समय इजरायल एक अलग वैश्विक गठजोड़ तैयार कर रहा है और भारत उसका हिस्सा बनने जा रहा है। इजरायल के राजदूत रेयुवेन अजार ने एक वीडियो पोस्ट में कहा कि दोनों देश रक्षा और सुरक्षा समझौतों को 'अपडेट' करेंगे। दरअसल, हेक्सागोनल एलायंस (हेक्सागोन ऑफ एलायंसेज) इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा 22 फरवरी को कैबिनेट बैठक में घोषित एक प्रस्तावित रणनीतिक भू-राजनीतिक ढांचा है। इसका उद्देश्य मध्य पूर्व और उसके आसपास के क्षेत्र में आर्थिक, कूटनीतिक और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना है। विशेषतः, 'रेडिकल शिया एक्सिस' (ईरान और उसके सहयोगी) और 'उभरते रेडिकल सुन्नी एक्सिस' के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना। नेतन्याहू ने इसे 'हेक्सागोन' (छह भुजाओं वाला) कहा, जो एक नेटवर्क्ड गठबंधन का प्रतीक है। इस नेटवर्क को खड़ा करने में बड़ी चालाकी से शब्दों का खिलवाड़ किया गया है; अन्यथा रेडिकल अर्थात कट्टरपंथी शिया और सुन्नियों के खिलाफ छह भुजाओं वाला गठबंधन खड़ा करना, धर्म के आधार पर विरोध को बढ़ावा देना ही है। इस हेक्सागोन नेटवर्क में इजरायल केन्द्रीय भूमिका निभायेगा, जबकि भारत को प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में विशेष महत्त्व दिया गया है। अन्य सदस्यों में ग्रीस और साइप्रस (भूमध्यसागरीय भागीदार) शामिल हैं। साथ ही, कई और अरब, अफ्रीकी और एशियाई देशों को शामिल करने की भी योजना है। हालांकि, उनके नाम अभी स्पष्ट नहीं किये गये हैं। यह अब्राहम समझौते पर आधारित है, लेकिन गैर-अरब शक्तियों जैसे भारत को शामिल करके इसे विस्तारित किया जा रहा है। स्मरणीय है कि 2020 में इजरायल ने अमेरिका की मध्यस्थता में संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सूडान और मोरक्को जैसे अरब देशों के साथ सम्बन्धों को सामान्य करने के लिए अब्राहम समझौता नाम से राजनयिक समझौता किया था। इसके तहत इस समझौते का उद्देश्य मध्यपूर्व में शांति, स्थिरता और व्यापार को बढ़ावा देना है। अब इसी का विस्तार करते हुए इसमें भारत को भी शामिल किया जा रहा है। अर्थात, अमेरिका के बाद अब इजरायल भी तय करने लगा है और बताने लगा है कि भारत क्या करने जा रहा है। इजरायल और अमेरिका पूरी दुनिया में किस तरह अपनी खुफिया एजेंसियों और हथियारों के बल पर कमजोर देशों की आंतरिक और बाहरी नीतियों को निर्धारित करते हैं, यह तो विश्व राजनीति की खुली किताब में दर्ज है। लेकिन, भारत जिस तरह अपने आप को कमजोर कर रहा है, यह चिन्ता की बात है। आज प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल यात्रा का उद्देश्य और समय; दोनों पर सवाल उठ रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री का तेल अवीव जाना स्वाभाविक रूप से प्रतीकात्मक अर्थ पैदा करता है। यदि भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी ताकत उसकी कूटनीति रही है, तो उसे प्रतीकों की राजनीति से परहेज करना चाहिए।

## ● किसने क्या कहा



राष्ट्र निर्माण में स्वस्थ नागरिकों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण

**द्रौपदी मुर्मू**
राष्ट्रपति



गांधी परिवार ने हमेशा देशहित से समझौता किया

**पीयूष गोयल**
केन्द्रीय मंत्री

# होली : जाति, पंथ, उम्र से परे जीवंत महाउल्लास

विशेष | **हृदयनारायण दीक्षित**

> प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमन्त, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरुणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। यूं सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं, लेकिन बसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाये, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे, ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं, अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढ़क गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं, मगर बसंत के संवेदन की बात ही दूसरी है। बसंती पवन भारतीय काव्य का उत्प्रेरण रही है।

**रंग** पर्व होली को नमस्कार। कृत्रिम मेधा, असली मेधा व ऑनलाइन बुद्धिमत्ता को नमस्कार। सत्व, रज और तम की त्रिगुणी को नमस्कार। ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिदेवों को नमस्कार। धर्म, अर्थ और काम की पुरुषार्थ त्रयी को नमस्कार। गीता, ब्रह्मसूत्र व उपनिषद की प्रस्थान त्रयी को नमस्कार। शब्द, अपशब्द व संसदीय मर्यादाहीनता को नमस्कार। प्रकृति चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इसी स्रोत का नाम है-उत्स। आनंद का यह स्रोत मधुमय है। उत्सव इसी आनंद रस का अतिरेक आपूरण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति सदाबहार नायिका है। नदियां हंसती-नृत्य करती बहती हैं, मनुष्य आनंदित होता है। सो नदियों के तट पर उत्सव नृत्य और संकीर्तन। प्रकृति जहां-जहां जब-जब आनंदित करती है तब-तब वहां-वहां उत्सव। लेकिन काल सबका नियंता है। अथर्ववेद के ऋषि भृगु ने गाया है कि काल में ही सुख-दुख और आनंद है। काल में ही ऋक यजुष और सामगान हैं। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और काल-मुहूर्त की जुगुलबन्दी है। बसंत ऐसी ही मनभावन उपस्थिति है। बसंत में प्रकृति और काल की गलमिलौवल है।

प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिन्दास है यह। लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं लेकिन बसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाये, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढ़क गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं पर बसंत के संवेदन की बात ही दूसरी है। बसंती पवन भारतीय काव्य का उत्प्रेरण रही है। आखिरकार क्या हो जाता है? वायु देव को बसंत में। वे जिसे छूकर आगे बढ़ते हैं, वही मदमस्त हो जाता है। वे कलियों की चोली उड़ा ले जाते हैं, तरूणों को सहलाते हैं, तरूणियों को तब तक गुदगुदाते हैं, जब तक वे खिलखिलाकर पूरी खिल नहीं जाती। तरूण तो तरूण हैं। मनतरंग में झूमना उनकी स्वाभाविकता है। लेकिन बूढ़े-बुजुर्ग भी बासंती पवन में मदमस्त हो जाते हैं। नदी, तालाब और खेत-ऊसर भी बसंत की मौज में होते हैं। हमारे गांव से बहने वाली सई नदी भी आनंद मगन हो जाती है। उसके तट पर खड़े बनबबूल के पेड़ों पर गीत उगते हैं। पक्षी प्रेमगीत गाते हैं, गायें उछलती हैं। न शीत की जकड़न और न गर्मी की उमस और बेचैनी। बसंत का प्रभाव सब पर एक जैसा। बूढ़े मनुष्य ही नहीं बूढ़े वृक्ष भी फूलों से लद जाते हैं। फागुन सबको लहालोट करता है। मनतरंग के देव 'काम' भीतर से कुलाचें मारते हैं। बसंत इसीलिए ऋतुराज है। पृथ्वी सगंधा है। फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती-आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया की पौध हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलबहियां डालकर मिलते हैं। पक्षी मस्त-मस्त गीत गाते हैं। वे ऋत बंधन में रहते हैं। लेकिन बसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। यह बसंत दो दिन के लिए नहीं आता। पूरे तीन-चार माह तक विहंसता है, समूची प्रकृति को रस आपूरित करता है। प्रकृति का हरेक अंश उत्सव मनाता है। हरेक वृक्ष, हरेक फूल, कीट, पतिंग, पशु, पक्षी और मनुष्य मधु उत्सव में होता है। होली इन्हीं मधु उत्सवों का महोत्सव है। होली आनंद का अतिरेक है और अतिरेक कभी शास्त्रीय नहीं होता। होली का लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। लोक में अतिरिक्त ऊर्जा है, उफनाती ऊर्जा आनंद का अतिरेक है यहां। ऊर्जा का अतिरेक ही उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। समाज का आनंदमगन समवेत ही उत्सव हैं। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति की चरम अभिव्यक्ति है। होली भारत के मन का उल्लास है। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। होली का उल्लास प्रायोजित नहीं होता। भारतीय उत्सव प्रकृति का प्रसाद है। होली महाप्रसाद है। होली मधु अनुभूति का मधु प्रसाद है। प्रकृति का यह मधु प्रसाद अखण्ड है। सूर्य उगते हैं, अस्त होते हैं। मास आते हैं, विदा होते हैं। सम्वत्सर, युग और मन्वन्तर आते हैं पर मधु उत्सवों का मधु प्रसाद कोष रीता नहीं होता। बसंत ऐसा ही मधुकोष लेकर हर साल आता है।

# भर्ती प्रक्रिया या राजस्व का साधन युवाओं का बड़ा सवाल

गौरतलब | **प्रो. आरके जैन**

> राघव चड्ढा ने उसी दबे दर्द को शब्द दिये हैं। आज देश में स्थिति ऐसी हो गयी है कि कई सरकारी भर्तियों में कुछ ही पदों के लिए दस लाख से अधिक आवेदन आना भी सामान्य बात बन चुकी है। हर आवेदन के साथ 500 से 1500 रुपये तक शुल्क लिया जाता है, और जब इन आंकड़ों को जोड़ा जाता है, तो एक भर्ती से सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये प्राप्त होते हैं, जबकि चयनित अभ्यर्थियों की संख्या नगण्य रहती है।

**उम्मीदों** के आसमान तले खड़ा भारत आज एक कड़वी हकीकत से जूझ रहा है—युवा शक्ति होने के बावजूद युवा ही सबसे अधिक असुरक्षित और आक्रोशित है। आंखों में सपने, हाथों में डिग्रियां और मन में अटूट विश्वास लिए करोड़ों अभ्यर्थी सरकारी नौकरी को अपने भविष्य की अंतिम सीढ़ी मानते हैं। परंतु जब बेरोजगारी भयावह रूप ले चुकी हो, तब यह सपना संघर्ष में बदल जाता है। ऐसे निर्णायक समय में आम आदमी पार्टी के नेता, राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने भर्ती व्यवस्था की उस अनदेखी सच्चाई पर प्रहार किया है, जिस पर अब तक चुप्पी साधी गई थी। उनका सीधा प्रश्न है—जब एक पद के लिए लाखों आवेदन लेकर भारी परीक्षा शुल्क वसूला जाता है, तो असफल अभ्यर्थियों की फीस वापस क्यों नहीं की जाती? यह मुद्दा अब केवल पैसों का नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी और संवेदनशील शासन का प्रश्न बन गया है। यह प्रश्न किसी एक दिन की उपज नहीं, बल्कि वर्षों से भीतर ही भीतर धधक रहे युवाओं के आक्रोश की गूंज है। राघव चड्ढा ने उसी दबे दर्द को शब्द दिए हैं। आज देश में स्थिति ऐसी हो गई है कि कई सरकारी भर्तियों में कुछ ही पदों के लिए दस लाख से अधिक आवेदन आना भी सामान्य बात बन चुकी है। हर आवेदन के साथ 500 से 1500 रुपये तक शुल्क लिया जाता है, और जब इन आंकड़ों को जोड़ा जाता है तो एक भर्ती से सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये प्राप्त होते हैं, जबकि चयनित अभ्यर्थियों की संख्या नगण्य रहती है। बाकी लाखों युवा असफलता का भार लेकर लौटते हैं। वे केवल परीक्षा नहीं हारते, बल्कि अपना समय, धन और आत्मविश्वास भी गंवा बैठते हैं। ऐसे में यह संदेह स्वाभाविक है कि कहीं यह व्यवस्था युवाओं की विवशता को राजस्व के स्रोत में तो नहीं बदल रही। परीक्षा शुल्क का उद्देश्य आयोजन की लागत—प्रश्नपत्र निर्माण, केंद्र प्रबंधन, पर्यवेक्षक मानदेय और मूल्यांकन—को पूरा करना होना चाहिए। परंतु वास्तविकता में एकत्रित राशि अक्सर इन खर्चों से कहीं अधिक होती है। कई बार परीक्षाएं रद्द होती हैं, पेपर लीक होते हैं या परिणामों में अनावश्यक देरी होती है, फिर भी अभ्यर्थियों को कोई राहत नहीं मिलती। मध्यम और निम्न वर्ग के छात्र परिवार की सीमित आय से यह शुल्क चुकाते हैं, जबकि कोचिंग, पुस्तकें, आवास और यात्रा का अतिरिक्त बोझ अलग होता है। जब अंततः परिणाम निराशा देता है, तो यह केवल एक व्यक्ति की हार नहीं, बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक पीड़ा बन जाती है।

## आज का इतिहास

- चंद्रगुप्त प्रथम को 320 में पाटलिपुत्र का शासक बनाया गया।
- आज ही के दिन सन 1832 में पोलैंड के संविधान को हटाया गया।
- पश्चिम बंगाल के बहरामपुर में अंग्रेजों के खिलाफ 1857 में पहला सैन्य विद्रोह।
- असम शाही परिवार को फिर से गद्दी दिलाने के प्रयासों के कारण 1858 में पियाली बरूआ और दीवान मणिराम दत्ता को फांसी पर चढ़ाया गया।
- अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने 1863 में अमेरिकी मुद्रा अधिनियम पर हस्ताक्षर किये।
- जापान में सेना ने 1936 में तख्तापलट किया।
- वर्धा के निकट अरवी में स्थित विक्रम अर्थ सेटेलाइट स्टेशन 1972 में भारत के चौथे राष्ट्रपति वीवी गिरि ने देश को समर्पित किया।
- गुजरात के अहमदाबाद में 1975 में देश का पहला पतंग संग्रहालय 'शंकर केन्द्र' स्थापित किया गया।
- सद्दाम हुसैन ने कुवैत से अपने सैनिकों को 1991 में इराकी रेडियो पर वापसी की घोषणा की।
- आज ही के दिन सन 1993 में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर बम हमले में छह लोग मारे गये थे और 100 से ज्यादा घायल हो गये थे।
- कॉपीराइट मुद्दे पर 1995 में चीन तथा सं.रा. अमेरिका के मध्य समझौता।
- पांच ग्रैमी अवार्ड जीत कर रैप गायिका लॉरिन हिल ने 1999 में नया रिकार्ड बनाया।
- आतंकवादी संगठन तालिबान ने 2001 में अफगानिस्तान के बामियान में बुद्ध की दो विशाल मूर्तियों को नष्ट कर दिया।
- परमाणु परिशोधन पर 2006 में रूस और ईरान में समझौता।
- अल्जीरिया के राष्ट्रपति ने अरब देशों की बदलती राजनीतिक स्थिति के कारण देश में 19 साल पहले लगाये गये आपातकाल को 2011 में आधिकारिक रूप से समाप्त किया।




## शरीर तो मंदिर है

**आस्तिकता** और कर्त्तव्यपरायणता की सद्वृत्ति का प्रभाव सबसे पहले सबसे समीपवर्ती स्वजन पर पड़ना चाहिए। हमारा सबसे निकटवर्ती सम्बन्धी हमारा शरीर हैं। उसके साथ सद्व्यवहार करना, उसे स्वस्थ और सुरक्षित रखना अत्यावश्यक है। शरीर को नर कहकर उसकी उपेक्षा करना अथवा उसे सजाने-संवारने में सारी शक्ति खर्च कर देना, दोनों ही ढंग अकल्याणकारी हैं। शरीर हमारा सदा सहायक सेवक है। वह चौबीसों घंटे सोते-जागते हमारे लिए काम करता रहता है। वह अपनी सामर्थ्य भर आज्ञा पालन के लिए तत्पर रहता है। उसकी पांच ज्ञानेन्द्रियां न केवल ज्ञान वृद्धि का दायित्व उठाती हैं, वरन अपने-अपने ढंग से अनेक रसास्वादन भी कराती रहती हैं। इन विशेषताओं के कारण आत्मा उसकी सेवा-साधना पर मुग्ध हो जाती है और अपना सुख ही नहीं, अस्तित्व तक भूल उसी में रम जाती है। यह घनिष्ठता इतनी सघन हो जाती है कि व्यक्ति आत्मा की सत्ता और आवश्यकता तक भूल जाता है और शरीर को अपना ही आपा मानने लगता है। ऐसे वफादार सेवक को समर्थ, निरोग एवं दीर्घजीवी बनाए रखना प्रत्येक विचारशील का कर्त्तव्य है। चाहते तो सभी ऐसा ही हैं, पर जो रहन-सहन, आहार-विहार अपनाते हैं, वह विधा ऐसी उल्टी पड़ जाती है कि उसके कारण अपने प्रिय पात्र को अपार हानि उठानी पड़ती है और रोता-कलपता, दुर्बलता से ग्रसित होकर व्यक्ति असमय दम तोड़ देता है।

## सुविचार

पूरा जीवन एक अनुभव है, आप जितने प्रयोग करते हैं, उतना ही इसे बेहतर बनाते हैं

**राल्फ वाल्डो एमर्सन**

चोट मारने के लिए लोहे के गर्म होने की प्रतीक्षा न करें, बल्कि इसे चोट मार-मार कर गर्म करें

**विलियम बी. स्प्रेग**

# विधायकों के टेलीफोन भत्ते : फिजूलखर्ची या जनसम्पर्क की अनिवार्यता?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**लोकतांत्रिक** व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली सुविधाएं हमेशा चर्चा और बहस का विषय रही हैं। वेतन और भत्तों का मूल उद्देश्य यह माना जाता है कि निर्वाचित प्रतिनिधि आर्थिक चिंता से मुक्त होकर जनता की सेवा कर सकें। लेकिन जब इन सुविधाओं का आकार बढ़ता है और उनके उपयोग में पारदर्शिता कम दिखाई देती है, तो स्वाभाविक रूप से सवाल उठते हैं। हाल ही में बिहार विधानसभा द्वारा विधायकों और विधान पार्षदों के लिए मासिक टेलीफोन भत्ता बढ़ाकर 8300 रुपये करने का निर्णय सामने आया है। इस फैसले की सबसे खास बात यह है कि यह राशि बिना किसी बिल या वाउचर के दी जाएगी। यानी खर्च का प्रमाण देना अनिवार्य नहीं होगा। यही कारण है कि यह विषय अचानक सार्वजनिक चर्चा का केंद्र बन गया है। आज का भारत डिजिटल क्रांति के दौर से गुजर रहा है। मोबाइल फोन और इंटरनेट ने संचार के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। कुछ साल पहले तक कॉल दरें और डेटा पैक महंगे हुआ करते थे, लेकिन अब निजी टेलीकॉम कंपनियों के कारण संचार सेवाएं काफी सस्ती हो चुकी हैं। आम नागरिक 300 से 400 रुपये के मासिक रिचार्ज में अनलिमिटेड कॉल, डेटा और संदेश की सुविधा प्राप्त कर लेता है। ऐसे समय में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब देश का आम व्यक्ति इतनी कम राशि में अपना संचार चला सकता है, तो जनप्रतिनिधियों के लिए हजारों रुपये का अलग भत्ता क्यों आवश्यक है। बिहार के इस निर्णय ने एक व्यापक बहस को जन्म दिया है। राज्य में कुल 243 विधायक हैं। यदि हर विधायक को प्रति माह 8300 रुपये का टेलीफोन भत्ता दिया जाता है, तो सालाना यह राशि करोड़ों रुपये तक पहुंच जाती है। आलोचकों का कहना है कि यह पैसा सार्वजनिक धन है और इसे शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास या अन्य जरूरी क्षेत्रों में भी लगाया जा सकता है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर कई लोग इसे अनावश्यक खर्च या राजनीतिक विशेषाधिकार के रूप में देख रहे हैं। हालांकि इस विषय का दूसरा पक्ष भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जनप्रतिनिधियों का काम केवल विधानसभा तक सीमित नहीं होता। उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता से लगातार संपर्क बनाए रखना पड़ता है। नागरिकों की समस्याएं सुनना, अधिकारियों से बातचीत करना, सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और पार्टी के कार्यक्रमों में भाग लेना—इन सबके लिए निरंतर संचार जरूरी होता है। कई बार एक विधायक को दिन भर में सैकड़ों फोन कॉल करने या प्राप्त करने पड़ते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण अलग-अलग कंपनियों के सिम कार्ड भी रखने पड़ते हैं। इसके अलावा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ऑनलाइन बैठकें और सोशल मीडिया के माध्यम से संवाद भी अब जनप्रतिनिधियों के काम का हिस्सा बन चुके हैं। फिर भी बहस का असली मुद्दा केवल राशि नहीं, बल्कि पारदर्शिता है। यदि किसी भत्ते का उपयोग स्पष्ट रूप से दर्ज हो और उसका हिसाब सार्वजनिक हो, तो विवाद कम हो जाते हैं। लेकिन जब भत्ता बिना बिल के दिया जाता है, तब यह संदेह पैदा होता है कि कहीं यह सुविधा अतिरिक्त आय का माध्यम तो नहीं बन रही। यही कारण है कि कई विशेषज्ञों का मानना है कि संचार भत्ता दिया जाना गलत नहीं है, लेकिन उसके उपयोग को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना जरूरी है।

## राशिफल

**मेष:** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जायेंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**तुला:** वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा।

**वृष:** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृश्चिक:** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ानेवाले सामाजिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**मिथुन:** रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**धनु:** बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें। व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी।

**कर्क:** उच्चमनोबल रख कर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मकर:** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**सिंह:** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**कुंभ:** बुद्धितत्त्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**कन्या:** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है।

**मीन:** जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाये, तो अच्छा है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

# नफरत के सौदागरों को शांतिप्रिय जनता का जवाब

गौरतलब | **निर्मल रानी**

> पिछले दिनों राजस्थान के टोंक जिले से ऐसी ही एक खबर आयी। यहां निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव के एक मंदिर परिसर में गत 22 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सांसद जौनपुरिया लोगों को 28 फरवरी को अजमेर आने के लिए आमंत्रित कर रहे थे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर दौरे पर रहेंगे तथा एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे।

**देश** में धर्म व जाति के नाम पर नफरत परोसने का जो एक नियोजित षड़यंत्र रचा गया है और नाकारे नेताओं,सत्ता व मीडिया द्वारा देश को नफरत की आग में झोंकने का जो दुष्प्रयास किया जा रहा है,ऐसा लगता है कि इन निखट्टुओं के साम्प्रदायिक एजेंडों को अब तक तमाशाई बनकर देखते रहने व इन पर चुप रहने वाली जनता अब इनकी नफरत का जवाब प्रेम,सद्भाव व भाईचारे से देने लगी है। पिछले कुछ ही दिनों में देश के अलग अलग राज्यों से ऐसे कई समाचार आये जिनसे यह पता चलता है कि देश के अमन पसंद लोग अब मूक दर्शक बनकर साम्प्रदायिक वैमनस्य को बढ़ता हुआ देखने के बजाये प्यार और मुहब्बत की मशाल जलाकर नफरत के स्याह अँधेरे को भागने की कोशिश करने लगे हैं। पिछले दिनों राजस्थान के टोंक जिले से ऐसी ही एक खबर आई। यहाँ निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव के एक मंदिर परिसर में गत 22 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सांसद जौनपुरिया लोगों को 28 फरवरी को अजमेर आने के लिए आमंत्रित कर रहे थे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर दौरे पर रहेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के इसी दौरे को सफल बनाने के लिए राजस्थान सरकार, प्रशासन और भाजपा संगठन पूरी तरह जुटा हुआ है। इसी उद्देश्य से राज्य भर में तरह तरह के छोटे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। टोंक जिले के निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था। परन्तु नफरती संगठन में राजनीति करने वाले पूर्व सांसद जौनपुरिया द्वारा इसी कार्यक्रम में नफरत की वह भाषा बोली गयी जिसने इस इलाके में पूर्व सांसद की ही फजीहत करवा दी। कंबल बांटते समय उन्होंने भीड़ में बैठी एक महिला से उसका नाम पूछा, जब गरीब बुजुर्ग महिला ने अपना नाम 'शकूरन बानो' बताया तो यह नाम सुनकर जौनपुरिया ने बड़े ही नफरती अंदाज से कहा - 'हट एक तरफ, कंबल यहीं छोड़ दे' और बाद में उन्होंने अपने सहयोगी को कहा इसे 'कंबल मत दे'। साथ ही वे यह भी बोले, 'जो मोदी को गाली देता है, उसे कंबल लेने का हक नहीं।' जौनपुरिया की इस अभद्र भाषा का वीडिओ वायरल होने के बाद इस इलाके में जौनपुरिया का विरोध होना शुरू हो गया। यह विरोध इस हद तक हुआ कि गांव के जिन हिन्दू परिवारों को कंबल मिला था उन्होंने भी मुस्लिम महिलाओं के साथ एकजुटता दिखाने हेतु अपने अपने कंबल वापस कर दिये। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तो इसी गांव में मुस्लिम महिलाओं को कंबल बांटे और गांव वालों ने उस नफरती पूर्व सांसद का पुतला भी फूंका। 'नफरत का जवाब मोहब्बत से' देने हेतु अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा 24 फरवरी को टोंक में सभी धर्मों की महिलाओं को समान रूप से कंबल बांटे जाने की भी खबर आई।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

होली, ईद व रामनवमी को लेकर ज़िला स्तरीय शांति समिति की आयोजित हुई बैठक

# त्योहारों के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरते प्रशासन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** आगामी होली, ईद और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि लगातार आने वाले त्योहारों को देखते हुए प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक करने तथा फ्लैग मार्च निकालने का निर्देश दिया।



साथ ही विधि-व्यवस्था बिगाड़ने की आशंका वाले व्यक्तियों को चिह्नित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पटाखों के भंडारण और बिक्री के लिए वैध लाइसेंस अनिवार्य है। बिना लाइसेंस पटाखा रखने या बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। होलिका दहन स्थल पर पटाखे नहीं फोड़ने की अपील भी की गई, ताकि किसी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। होली के दिन जिले की सभी शराब दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया गया है। ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष अभियान चलाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को गश्त तेज करने और संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साइबर सेल 24 घंटे निगरानी कर रहा है। आगे कहा कि आपात स्थिति में जिला कंट्रोल रूम नंबर 06565-247981, मोबाइल नंबर 08987796308, साइबर सेल नंबर 6206159795 या 112 पर संपर्क किया जा सकता है।बैठक में शांति समिति के सदस्यों समेत जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न



जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में दिए गए निदेशों की समीक्षा करते हुए अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के मामलों में अपेक्षित गति नहीं होने पर नाराजगी जतायी गयी। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध बालू, पत्थर, कोयला एवं अन्य खनिज से जुड़े मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर नियमानुसार दंड राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए। चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में लगातार छापेमारी करते हुए एफआईआर और डोजरिंग की कार्रवाई अनिवार्य रूप से करने को कहा गया।जिला खनन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि 29 जनवरी 2026 से अब तक 80 निरीक्षण किए गए हैं। इस दौरान 32 वाहनों को जब्त किया गया, पांच प्राथमिकी दर्ज की गईं और 3 लाख 67 हजार 450 रुपये जुमार्ना वसूला गया है। बैठक में कोयला और बालू के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण तथा रॉयल्टी संग्रहण की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अवैध उत्खनन स्थलों पर बनी सुरंगों और गड्ढों की डोजरिंग कराई जाए तथा पहुंच मार्गों पर ट्रेंच कटिंग कर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जाये। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े किसी भी वाहन को बख्शा न जाए। दोषियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, महुआडांड़ के अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## एक झलक

### पांच माह से वेतन लम्बित चौकीदारों ने अंचल अधिकारी को सौंपा सामूहिक आवेदन

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड के चौकीदार इन दिनों ड्यूटी के साथ-साथ घर की आर्थिक जंग भी लड़ रहे हैं। अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 तक का पांच माह का वेतन अब तक नहीं मिलने से उनकी स्थिति लगातार कठिन होती जा रही है। बुधवार को उन्होंने अंचल अधिकारी, महुआडांड़ को सामूहिक आवेदन देकर बकाया भुगतान की मांग की।चौकीदारों का कहना है कि नियमित आय रुक जाने से घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की स्कूल फीस, राशन, इलाज और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए उन्हें उधार लेना पड़ रहा है। कुछ चौकीदारों ने बताया कि स्कूल फीस जमा नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ने का खतरा है।सिर्फ हाल के पांच माह का ही नहीं, बल्कि वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 का बकाया भुगतान भी अब तक लंबित है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ रही है। उनका कहना है कि वे अपनी जिम्मेदारियां पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं, लेकिन बदले में समय पर वेतन नहीं मिलना उनके मनोबल को प्रभावित कर रहा है। चौकीदारों ने प्रशासन से जल्द भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकला तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### श्री राम क्लब में 24 घंटे का अखण्ड हरिकीर्तन का आयोजन

**बोकारो :** सेक्टर-12 स्थित श्री राम क्लब, क्लब मोड़ में आयोजित 24 घंटे का अखण्ड हरिकिर्तन कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा तथा पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह शामिल हुए। यह धार्मिक आयोजन 24 फरवरी से 25 फरवरी तक श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि, शांति एवं प्रगति के लिए ईश्वर से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों से मिलकर धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक वातावरण बनाये रखने की सराहना की। अखण्ड हरिकिर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति गीतों एवं कीर्तन का आनंद लिया।

### गैर मजरुआ जमीन की रसीद निर्गत करने के लिए लगायें शिविर : डॉ. नीरा

**कोडरमा :** विधायक डॉ नीरा यादव ने जिले में गैर मजरुआ जमीन के रसीद निर्गत करने की मांग की है। यह मामला बुधवार को विधानसभा के शून्यकाल में रखा गया। जिले के लोगों ने इसके लिए स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव के प्रति आभार जताया है। विधायक डॉ नीरा यादव ने शून्यकाल में मामला को रखते हुए कहा कि सरकार के निर्देश के बाद भी कोडरमा जिले के झुमरीतिलैया समेत पूरे जिले में गैर मजरुआ जमीन का रसीद निर्गत नहीं हो पा रहा है। इससे लोग परेशान हैं तो वहीं सरकार को राजस्व की भी क्षति हो रही है। उन्होंने सरकार से मामले में संज्ञान लेकर शिविर लगवाकर रसीद निर्गत कराने की व्यवस्था करने को कहा। यहां उल्लेखनीय हो कि जिले खासकर झुमरीतिलैया में बड़े पैमाने पर गैर मजरूआ जमीन पर घर बनाकर लोग रह रहे हैं। पहले निबंधन के जरिए उन्हें जमीन हासिल हुई पर 2013 से ना तो इस तरह की जमीन का रसीद निर्गत हो रहा है और ना ही जमीन की खरीद बिक्री हो पा रही है।

## बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता सेमिनार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** नालसा नयी दिल्ली और झलसा रांची के निर्देश पर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार शेषनाथ सिंह के मार्गदर्शन में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत संत सोल्जर पब्लिक स्कूल, बरवाडीह में जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने की। सेमिनार की शुरूआत पीएलबी बरवाडीह के डॉ. मुरारी झा के संबोधन से हुई। उन्होंने छात्राओं को बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 एक नवंबर 2007 से लागू है। इसका उद्देश्य केवल बाल विवाह पर रोक लगाना नहीं, बल्कि इसे पूरी तरह प्रतिबंधित करना है। कानून के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह अपराध है। इसमें शामिल होने या बढ़ावा देने पर दो वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये तक जुमार्ना हो सकता है। उन्होंने कहा कि अधिनियम का मकसद बाल विवाह को रोकना, पीड़ितों को सुरक्षा देना और इसके आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई करना है।

राष्ट्रीय लोक अदालत और मध्यस्थता देश के लिए 2.0 की सफलता को लेकर पीडीजे ने की समीक्षा बैठक

## 14 मार्च को लगेगी वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** 14 मार्च को होनेवाली वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर व्यवहार न्यायालय, लातेहार में समीक्षा बैठक की गयी। साथ ही चल रहे 90 दिवसीय 'मध्यस्थता देश के लिए 2.0' अभियान की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार शेष नाथ सिंह ने की। उन्होंने साफ कहा कि लोक अदालत केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि आम लोगों को जल्दी और सुलभ न्याय दिलाने का प्रभावी जरिया है। समीक्षा के दौरान सुलहनीय आपराधिक मामलों, दीवानी वादों, बैंक ऋण विवाद, बिजली बिल से जुड़े मामलों और वैवाहिक विवादों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया।



संबंधित न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक नोटिस तामिला सुनिश्चित करने और पक्षकारों को लोक अदालत के विकल्प के बारे में जानकारी देने को कहा गया। वहीं मध्यस्थता देश के लिए 2.0 अभियान पर बात करते हुए पीडीजे ने कहा कि आपसी बातचीत के जरिये समाधान निकालना अदालतों के बोझ को कम करता है और रिश्तों को भी बचाए रखता है। अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे पक्षकारों को मध्यस्थता के लाभ समझाएँ और अधिक से अधिक मामलों को इस प्रक्रिया में लायें। बैठक में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सैयद सलीम फातमी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, द्वितीय संजय कुमार दुबे, तृतीय सुनिल दत्त द्विवेदी, सीजेएम विक्रम आनंद, एसीजेएम कुमारी जीव, सीनियर सिविल जज तृतीय-सह-न्यायिक दण्डाधिकारी मीनाक्षी मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया, अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी प्रणव कुमार तथा न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-सह-प्रभारी न्यायाधीश उत्कर्ष जैन सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भरनो प्रखंड में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के बीच निःशुल्क सहायक उपकरणों का वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** भरनो में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के बीच निःशुल्क सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के नेतृत्व में सीएसआर पहल के अंतर्गत जी आइ सी के सहयोग से तथा अली मोका रीजनल मार्केटिंग सेंटर रांची संपन्न कराया गया। प्रखंड भरनो अंतर्गत कुल 262 निबंधित लाभुकों के बीच आवश्यकतानुसार सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इनमें व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र, कृत्रिम अंग सहित अन्य सहायक उपकरण शामिल रहे। वितरण से पूर्व लाभुकों का पंजीकरण एवं आवश्यकता आकलन की प्रक्रिया पूर्ण की गई थी, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उसकी



जरूरत के अनुरूप उपकरण उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, गुमला, प्रखंड विकास पदाधिकारी भरनो, प्रखंड प्रमुख तथा संजय मंडल, सहायक निदेशक, ALIMCO की गरिमामयी उपस्थिति रही। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 06 फरवरी 2026 को प्रखंड मुख्यालय सिसई में शिविर आयोजित होगा। इसके पश्चात 07 फरवरी 2026 को बसिया, 09 फरवरी 2026 को पालकोट, 10 फरवरी 2026 को कामडारा, 11 फरवरी 2026 को रायडीह तथा 12 फरवरी 2026 को चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में शिविर लगाए जाएंगे।

## वृद्धा पेंशन को लेकर बुजुर्गों की नाराजगी, होली से पहले भुगतान की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा) :** भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के अरसली उतरी पंचायत में वृद्धा पेंशन को लेकर बुजुर्गों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। पंचायत के दर्जनों बुजुर्ग महिला-पुरुष कई महीनों से पेंशन की राशि का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि होली से पहले बकाया पेंशन की राशि उनके खातों में नहीं डाली गई, तो वे मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनायेंगे। बैठक में शामिल लोगों ने कहा कि सरकार की ओर से मिलने वाली वृद्धा पेंशन उनके जीवन-निर्वाह का एकमात्र सहारा है। बिना पेंशन के उन्हें दवा, भोजन और अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। त्योहार के समय खर्च बढ़ जाने से उनकी परेशानियां और भी बढ़ गयी हैं। बैठक में छोटू भुईयां, रामस्वरूप भुईयां, महेंद्र प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, जगदीश प्रजापति, रामप्रसाद प्रजापति, कबूतरी कुंवार, मरची देवी, कुंती कुंवार, दुखनी देवी, जमीला बीबी, सुगिया देवी, भगमती देवी और जीरा देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की कि बकाया पेंशन की राशि जल्द से जल्द जारी की जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक होली का त्योहार मना सकें। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे शांतिपूर्ण आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उनका कहना है कि जब तक पेंशन की राशि उनके खातों में नहीं पहुंचती, वे अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

### क्या कहते हैं प्रखंड विकास पदाधिकारी नन्दी जी राम

इस सम्बन्ध में प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदी जी राम ने बताया कि पंचायत से संबंधित लाभुकों की पेंशन लंबित रहने की जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभागीय स्तर पर लंबित मामलों की जांच कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र लाभुक को योजना के लाभ से वंचित नहीं रखा जायेगा। यदि किसी लाभार्थी के खाते में तकनीकी या दस्तावेज संबंधी समस्या है, तो उसे शीघ्र दूर कर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशासन इस दिशा में गंभीर है और जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आयेंगे।

## ब्रह्माकुमारीज शिव दर्शन भवन गुमला में 'सेल्फ एम्पावरमेंट' अभियान अंतर्गत हुआ प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** ब्रह्मा कुमारीज के सिक्योरिटी सर्विस विंग द्वारा सेल्फ एंपावरमेंट टू नेशन एंपावरमेंट अभियान के अंतर्गत शिव दर्शन भवन, गुमला में ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक एवं भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के सदस्यों हेतु एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों को मानसिक सशक्तिकरण, सकारात्मक चिंतन और राजयोग ध्यान के माध्यम से आंतरिक शांति का अनुभव कराना था। इस अवसर पर ऑफिसर कमांडिंग ईसीएचएस, गुमला कर्नल आर. के. सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष सूबेदार लक्ष्मण बड़ाईक (सेवानिवृत), सूबेदार सहदेव महतो (सेवानिवृत) सहित अनेक पूर्व सैनिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। मुख्य वक्ता राजयोगिनी शांति दीदी ने अपने अनुभवयुक्त संबोधन में कहा कि जिस




प्रकार सैनिक देश की रक्षा और सुरक्षा में अपना अमूल्य जीवन समर्पित करते हैं, उसी प्रकार अब उन्हें अपने मन और स्वास्थ्य की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सकारात्मक बोल, मन की स्वच्छता और नियमित दिनचर्या में ध्यान को अपनाने से मानसिक शुद्धता एवं स्थायी शांति का अनुभव सम्भव है। कार्यक्रम में बीके अमृता बहन, बीके ममता बहन, बीके अमित एवं बीके मंगल ने भी अपने प्रेरणादायी विचार रखे और राजयोग के माध्यम से आत्मबल बढ़ाने की विधि बताई। वक्ताओं ने कहा कि सशक्त व्यक्ति ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। कर्नल आर. के. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सैनिक जीवन अनुशासन, समर्पण और साहस का प्रतीक है, वहीं आध्यात्मिक सशक्तिकरण से जीवन में संतुलन और मानसिक दृढ़ता आती है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों को समाज के लिए उपयोगी बताया।

## 02 से 30 मार्च तक जिले में रक्तदान शिविरों का होगा आयोजन : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**गुमला :** जिले में 02 से 30 मार्च 2026 तक विभिन्न प्रखंडों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस जनहितकारी अभियान को सफल बनाने की अपील की है। 'आपका स्वैच्छिक रक्तदान, किसी जरूरतमंद के जीवन की नई पहचान' – इस संदेश के साथ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 02 मार्च 2026 को सदर प्रखंड, गुमला से शिविरों की शुरूआत होगी। इसके बाद 06 मार्च को पालकोट, 09 मार्च को सिसई, 11 मार्च को बसिया, 13 मार्च को कामडारा, 16 मार्च को बिशुनपुर, 18 मार्च को भरनो, 20 मार्च को चैनपुर, 23 मार्च को घाघरा, 25 मार्च को रायडीह, 27 मार्च को डुमरी तथा 30 मार्च 2026 को जारी प्रखंड में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त ने विशेष रूप से युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवनरक्षक साबित होता है, साथ ही यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप रक्तदान की पूरी प्रक्रिया सुरक्षित तरीके से संपन्न की जायेगी।

## जनवरी में 18 सड़क हादसों में 20 लोगों की गयी जान, 78 घायल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती रफ्तार अब प्रशासन के लिए गंभीर चिंता बन गई है। परिवहन विभाग के ताजा आंकड़े चौंकाने वाले हैं। पिछले जनवरी माह में जिले में 18 सड़क हादसे हुए, जिनमें 20 लोगों की जान चली गई, जबकि 78 लोग घायल हुए। बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने की। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल ने दुर्घटनाओं के आंकड़े प्रस्तुत किए। बैठक में यह सामने आया कि हाईवे किनारे अव्यवस्थित पार्किंग, गलत दिशा में वाहन चलाना और ओवरस्पीडिंग हादसों की बड़ी वजह बन रहे हैं। प्रशासन ने माना कि सख्त कार्रवाई के बावजूद दुर्घटनाओं में अपेक्षित



कमी नहीं आ रही है।उपायुक्त ने खास तौर पर गोल्डन ऑवर की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद पहले एक घंटे के भीतर यदि घायल को अस्पताल पहुंचा दिया जाये, तो जान बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। ऐसे लोगों को, जो घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में मदद करते हैं, दो से पांच हजार रुपये तक प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था है। बैठक में निर्णय लिया गया कि नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वालों, बिना सीटबेल्ट चारपहिया चलाने वालों और यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड बिपिन कुमार दुबे, सिविल सर्जन श्री डॉ राजमोहन खलखो, पुलिस उपाधिक्षक संजीव कुमार मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी लातेहार उमेश मंडल, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग लातेहार, सभी अंचलाधिकारी, अन्य सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य ,अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गुमला में फाइलेरिया मुक्त अभियान अंतर्गत एमडीए कार्यक्रम की हुई समीक्षा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**गुमला :** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि प्राप्त कल की रिपोर्ट के अनुसार अब तक 83.97 प्रतिशत नागरिकों द्वारा एमडीए की दवा का सेवन किया जा चुका है। राज्य सरकार से प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अभियान को तब तक निरंतर जारी रखा जाए जब तक कि 95 प्रतिशत से अधिक लक्षित नागरिकों द्वारा दवा का सेवन सुनिश्चित न हो जाए।समीक्षा के क्रम में डुमरी, घाघरा, भरनो एवं बसिया प्रखंडों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। संबंधित प्रखंडों को विशेष रणनीति बनाकर डोर-टू-डोर संपर्क, पुनः भ्रमण एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से अधिकाधिक लोगों को दवा सेवन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने स्तर से सतत मॉनिटरिंग करने तथा अभियान को शत-प्रतिशत लक्ष्य की दिशा में अग्रसर करने का निर्देश दिया।

नगरपालिका आम निर्वाचन

## मतगणना दिवस को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड के निदेशानुसार संपूर्ण गुमला नगर परिषद परिक्षेत्र में दिनांक 27.02.2026 तक आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 की मतगणना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 27.02.2026 को कार्तिक उराँव महाविद्यालय, गुमला में संपन्न की जाएगी। मतगणना प्रक्रिया के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत संचालन तथा लोक परिशांति कायम रखने के उद्देश्य से अनुमण्डल दंडाधिकारी, गुमला राजीव नीरज द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 (पूर्व में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा-144) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 26.02.2026 की मध्यरात्रि 12:00 बजे से दिनांक 27.02.2026 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक संपूर्ण गुमला नगर परिषद क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू की गई है। आदेशानुसार उक्त अवधि में किसी भी प्रकार के घातक हथियार, आग्नेयास्त्र अथवा विस्फोटक पदार्थ के लाने-ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, जो शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों पर भी प्रभावी होगा। हालांकि यह आदेश सरकारी पदाधिकारी, कर्तव्य पर तैनात पुलिस बल तथा परंपरागत रूप से धारित खुखरी एवं कृपाण पर लागू नहीं होगा।साथ ही किसी भी व्यक्ति, संगठन अथवा समूह द्वारा सोशल मीडिया या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से फेक न्यूज, भ्रामक संदेश, फोटो या अफवाहों का प्रसार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। किसी उम्मीदवार द्वारा ऐसा कोई कार्य या वक्तव्य करना, जिससे किसी धर्म, संप्रदाय या जाति विशेष की भावनाएं आहत हों अथवा विद्वेष की स्थिति उत्पन्न हो, वर्जित रहेगा। इसके अतिरिक्त किसी प्रत्याशी के व्यक्तिगत आचरण या उम्मीदवारी के संबंध में मिथ्या अथवा अप्रमाणित समाचारों के प्रकाशन पर भी रोक रहेगी। मतगणना दिवस को मतगणना केंद्र पर त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा रहेगा। किसी भी मतगणना कर्मी, अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता अथवा गणन अभिकर्ता को वैध फोटो पहचान पत्र के बिना प्रथम सुरक्षा घेरा पार करने की अनुमति नहीं होगी।

### गुमला भवन में मतगणना कर्मियों का विशेष प्रशिक्षण आयोजित



**गुमला :** निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज नगर भवन, गुमला में मतगणना कर्मियों विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण जिला निर्वाचन, पदाधिकारी-सह-उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित द्वारा किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित कर्मियों से मतगणना प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रश्न पूछकर उनकी तैयारी एवं समझ का आकलन किया। उपायुक्त ने कहा कि मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें शत-प्रतिशत सतर्कता, पारदर्शिता एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य है। उन्होंने सभी कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना कक्ष की व्यवस्था, टेबल मैनेजमेंट, प्रपत्रों की सही तरीके से प्रविष्टि, परिणाम संकलन एवं घोषणा की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, संभावित आपत्तियों एवं पुनर्गणना की स्थिति में अपनाई जाने वाली विधि के संबंध में भी कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, गुमला शशिंद्र कुमार बड़ाइक, भूमि सुधार उप समाहर्ता गुमला राजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, चैनपुर पूर्णिमा कुमारी सहित सभी संबंधित निवार्ची पदाधिकारी वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अवैध अफीम व गांजा खेती पर सख्ती 100 मीटर दायरे में बिक्री पर पूर्ण रोक

**लातेहार :** जिले में मादक पदार्थों की अवैध खेती और तस्करी के खिलाफ बुधवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें अफीम और गांजा की अवैध खेती, उत्पादन, भंडारण और परिवहन पर रोक को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर नियमित छापेमारी अभियान चलाया जाए। उन्होंने अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने तथा किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना मिलते ही त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। विशेष रूप से बारियातू, हेरहंज और बालूमाथ अंचल में अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण के लिए सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि विद्यालयों और महाविद्यालयों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। इस नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को अवैध अफीम की खेती और तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया।

## एक झलक

### 17 साल के नाबालिग ने फांसी लगा कर दी जान

**कुंडहित (जामताड़ा) :** बुधवार की दोपहर को 17 साल के नाबालिक द्वारा पेड़ में फंदा लगा कर आत्महत्या कर लेने का एक मामला सामने आया है। आत्महत्या के कारणों का पता अभी नहीं चल सका है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया। वहीं, पुलिस कारणों की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार भेलुआ निवासी सुरेश राय के 17 वर्षीय पुत्र मिठुन राय नहाने के लिए घर से आधा किलोमीटर दूर नदी की ओर गया था। काफी देर हो जाने के बाद घरवालों ने मिठुन की खोजबीन शुरू कर दी। तत्पश्चात मिठुन का शव नदी किनारे जंगल में करंज पेड़ के सहारे गमछा से झूलता हुआ पाया। घटना की जानकारी तुरंत कुंडहित थाना को दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही एस आई तपन कुमार सेन एवं श्रीराम पंडित दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां पुलिस द्वारा शव को पेड़ से उतारा गया और पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया। इधर मिठुन के आत्महत्या की खबर पाकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। आपको बता दे कि मिठुन घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। मिठुन अपने पीछे माता-पिता सहित एक छोटा भाई को छोड़कर चला गया।

### हत्या के दोषी पति, ससुर और देवर को उम्र कैद की सजा

**पलामू :** जिला व्यवहार न्यायालय के षष्ठम अपर जिला और सत्र न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा की अदालत ने बुधवार को महिला को ससुराल में हत्या कर बिना मायके वाले को बताए शव जला देने के मामले में तीन लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 20-20 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा काटनी होगी। इस संबंध में लातेहार के जालिम निवासी संपत्ति कुंवर ने हैदरनगर थाना में अपने बभंडी निवासी दामाद संजय साव, उसके भाई छोटेलाल साव और समधी सोहरी साव के विरुद्ध नामदर्ज प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि संजय साव की शादी संपत्ति कुंवर की पुत्री रूबी देवी के साथ 2005 में हुई थी। रूबी देवी के साथ ससुरालवाले दहेज को लेकर बराबर मारपीट करते थे। 20 अप्रैल 2021 को रात्रि में सभी लोगों ने मिलकर रूबी की गला दबाकर हत्या कर दी और मायके वालों को बिना बताए उसके शव को जला दिया था। हत्या से पहले पति ने मारकर हाथ भी तोड़ दिया था। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए सभी दोषियों को सजा सुनायी।

## गुमला में होली को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न, आवश्यक व्यवस्थाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

# शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर उप विकास आयुक्त दिलीश्वर महत्तो की अध्यक्षता में आगामी होली पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था, बिजली, पेयजल, साफ-सफाई एवं ट्रैफिक प्रबंधन सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 02 मार्च की रात्रि 12 बजे के उपरांत होलिका दहन होगा। 03 मार्च को कुछ स्थानों पर होली मनाई जाएगी, जबकि 04 मार्च को रंगों का मुख्य पर्व आयोजित होगा। शांति समिति के सदस्यों ने पर्व के दौरान समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। गर्मी को देखते हुए होली के दिन नगर क्षेत्र में कम-से-कम दो बार जलापूर्ति कराने का अनुरोध किया गया। विद्युत तारों की मरम्मत, ट्रांसफॉर्मर की जांच तथा खराब स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र दुरुस्त करने की बात कही गई। साथ ही नगर क्षेत्र के गड्ढों की मरम्मत, गली-मोहल्लों में विशेष सफाई अभियान चलाने तथा पालकोट रोड स्थित श्मशान घाट की साफ-सफाई सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। बैठक में पेट्रोलिंग व्यवस्था सुदृढ़ रखने, केमिकल मुक्त रंगों के उपयोग को बढ़ावा देने, पशुओं के आवागमन पर नियंत्रण तथा होली के दिन बड़े वाहनों के प्रवेश



पर दिन के समय रोक लगाने के संबंध में भी सुझाव दिए गए। उप विकास आयुक्त श्री महत्तो ने कहा कि गुमला जिला आपसी सौहार्द और भाईचारे के लिए जाना जाता है, जहां सभी धर्मों के पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि समिति द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि होली के दिन ड्राई डे रहेगा और शराब की दुकानें बंद रहेंगी। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को बिजली, पानी एवं साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अनुमंडल पदाधिकारी सदर राजीव नीरज ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने प्रखंडों में शांति समिति की बैठक आयोजित करने तथा ट्रैफिक और साफ-सफाई संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने नागरिकों से सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबरों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध सूचना की जानकारी तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। मुख्यालय डीएसपी वीरेंद्र टोप्पो ने सभी थाना प्रभारियों को अपने स्तर पर शांति समिति की बैठक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि होली के दिन प्रातः 7 बजे से बाहरी बड़े वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण का प्रयास किया जायेगा तथा संवेदनशील चौक-चौराहों पर पूर्व से पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सोशल मीडिया की सतत निगरानी भी की जायेगी।

### गुमला में आगामी त्योहारों को देखते हुए मीट एवं चिकन दुकानदारों को दी गयी सख्त हिदायत



**गुमला :** खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन एवं जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में आज खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में मीट एवं चिकन दुकानदारों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के नेतृत्व में संपन्न हुई। निरीक्षण के दौरान शहर के मटन एवं चिकन प्रतिष्ठानों को बिना स्थानीय निकायों से बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के तथा खुले में एवं अस्वास्थ्यप्रद स्थितियों में मटन एवं चिकन की बिक्री करने वाले दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया गया कि वे नियमों का पालन करते हुए निर्धारित स्थल पर ही बिक्री करें तथा आवश्यक दस्तावेज और स्वच्छता मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

## सघन वाहन जांच में 26 वाहनों का काटा चालान

# 93,400 रुपये की जुर्माना राशि वसूली

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** होली पर्व को ध्यान में रखते हुए सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बुधवार को लातेहार थाना क्षेत्र के पतकी जंगल और किनामाड़ दूध फैक्ट्री के पास विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान उपायुक्त लातेहार के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी श्री उमेश मंडल के नेतृत्व में संचालित किया गया।जांच के दौरान भारी वाहनों के साथ-साथ दुपहिया और चारपहिया वाहनों की भी सघन जांच की गई। ड्रिंक एंड ड्राइव, अतिरिक्त सवारी बैठाने, ओवरलोडिंग, हेलमेट और सीटबेल्ट के उपयोग तथा आवश्यक कागजातों की विशेष रूप से जांच की गई। अधिकारियों ने मौके पर ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम 2019 के



तहत ऑनलाइन चालान की कार्रवाई की।अभियान के दौरान कुल 65 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 26 वाहनों पर नियम उल्लंघन के मामले पाए गए। इन वाहनों से कुल 93,400 रुपये की जुमार्ना राशि वसूली गई।जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि होली के मद्देनजर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ-साथ ऑन स्पॉट जांच लगातार की जाएगी, ताकि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाएं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली जनहानि को कम किया जा सके।

### संसदीय मैत्री समूहों के नेता बने पलामू सांसद

**पलामू :** विश्व के विभिन्न देशों के साथ भारत के संसदीय संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में भारत ने विश्व के 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया है। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को पलामू सांसद वीडी राम को वियतनाम के लिए संसदीय मैत्री समूहों के नेता के रूप में मनोनीत किया है। उल्लेखनीय है कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के अनुभवी सांसदों को इन मैत्री समूहों में नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इस पहल से सांसद अपने विदेशी समकक्षों से सीधे बातचीत कर अपना अनुभव साझा कर पाएंगे और एक-दूसरे की सर्वोत्तम संसदीय प्रथाओं से सीख सकेंगे। संसद से संसद और जनता से जनता के बीच संपर्क बढ़ाने पर जोर देते हुए यह पहल हमारे संसदीय संबंधों में एक व्यापक और भागीदारी आधारित दृष्टिकोण दर्शाती है।

## होली को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति ने की बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप सम्पन्न कराने हेतु आज बिरसा सांस्कृतिक भवन में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान रंगोत्सव, होलिका दहन, जुलूस एवं संवेदनशील स्थलों के संबंध में विचार विमर्श किया गया। विभिन्नन समुदाय के प्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक ने कहा जिले के सभी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। भीड-भाड वाले स्थानोंए बाजारों एवं चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बलों की



तैनाती की जाएगी। प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। फ्लैग मार्च निकालकर आमजनों में सुरक्षा का विश्वास बढाया जाएगा। डी० जे० का संचालन नहीं होगा तथा इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सख्ती से किया जाएगा। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च एवं शांति समिति की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया। असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी एवं आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी तथा इस दौरान असामाजिक तत्वों केद्वारा किसी भी प्रकार की अवैद्ध गतिविधि कारित किये जाने पर उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाहए भ्रामक सूचना या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरूध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित विभिन्न समुदाय के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव दिए तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने माता शबरी पूजा महोत्सव का किया शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू :** पांकी प्रखंड के ग्राम चांपी खुर्द (घुजाटांड़) तथा पांकी नावागढ़ स्थित हनुमान मंदिर, साबरी चौक पीपर मोड़ परिसर में माता शबरी पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता द्वारा पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया गया। अखिल भारतीय भुइयां समाज के तत्वावधान में पांकी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चांपी खुर्द एवं नावागढ़ में माता शबरी जयंती कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक डॉ. मेहता ने माता शबरी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों ने उन्हें फूल-माला एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में डॉ. मेहता ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। माता शबरी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सभी को शिक्षित, संगठित और संघर्षशील बनने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि माता शबरी को प्रकृति से गहरा लगाव था और उनका जीवन भक्ति एवं समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि भगवान राम ने माता शबरी की भक्ति से प्रसन्न होकर उनके जूठे बेर ग्रहण कर समाज में व्याप्त जातीय कुप्रथाओं को समाप्त करने का संदेश दिया था।

## बीएसएल में 'निष्ठा' पहल का भव्य शुभारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2026 आयोजन समिति द्वारा एक विशेष पहल निष्ठा प्रशिक्षण और जागरूकता के माध्यम से समावेशी, सुरक्षित और उत्पीड़न मुक्त कार्यस्थल का पोषण की शुरूआत की गयी है। इस अभियान के तहत प्रथम शिक्षण सत्र का आयोजन दिनांक 24 फरवरी को कोक ओवन, आरएमपी एवं आरएमएचपी विभाग में किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन अनुभाग प्रभारी (विद्युत) कोक ओवन एवं कोल केमिकल अंजनी कुमार तथा महाप्रबंधक (बीई) एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजन समिति की अध्यक्ष अनुपमा तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) नीना सिंह एवं सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) नंदा प्रियदर्शिनी की उपस्थिति प्रबंधन की कर्मचारी कल्याण और लैंगिक संवेदनशीलता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। प्रशिक्षण सत्र का संचालन सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) शिप्रा एन. हेम्ब्रम एवं वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन) सुष्मिता सोरेन द्वारा किया गया। सत्र के दौरान कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के



प्रावधानों के साथ-साथ कंपनी की विभिन्न नीतियों जैसे मातृत्व अवकाश, पितृत्व अवकाश, चाइल्ड केयर लीव और लघु परिवार योजना पर विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने महिला कर्मचारियों के लिए सहायक उपायों, जैसे 'शॉर्टर वर्किंग पीरियड स्कीम' और बाहरी रोजगार के अवसरों के लिए आवेदन अग्रेषित करने संबंधी नियमों पर भी प्रकाश डाला. इसके अतिरिक्त, महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'सखी पोर्टल' और 'महिला नेतृत्व विकास कार्यक्रम' जैसी विशिष्ट पहलों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस अभियान की निरंतरता में निष्ठा कार्यशाला के दूसरे सत्र का आयोजन 25 फरवरी को ब्लास्ट फर्नेस विभाग में किया गया। सत्र का शुभारंभ कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) महेंद्र प्रसाद द्वारा किया गया। इस सत्र में भी सुश्री शिप्रा एन. हेम्ब्रम और सुष्मिता सोरेन ने कर्मियों को कार्यस्थल पर अधिकारों, जिम्मेदारियों और सम्मानजनक आचरण के प्रति जागरूक किया। दोनों ही सत्रों के अंत में चर्चा किए गए विषयों पर आधारित एक 'ऑन-द-स्पॉट' क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## अखिल भारतीय स्टील मेडिकल ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस में इस्पात संयंत्र के चिकित्सकों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** विगत दिनों दुगार्पुर में आयोजित 45 वें अखिल भारतीय स्टील मेडिकल ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस में बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) के चिकित्सकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अनेक पुरस्कार अपने नाम किए। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में सेल की सभी इकाइयों सहित टाटा स्टील एवं देश के अन्य प्रमुख इस्पात संयंत्रों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था. बीएसएल के कुल 9 चिकित्सकों ने अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा) डॉ. बी. बी. करुणामय के मार्गदर्शन तथा एआईएमएमओसी कमेटी के अध्यक्ष मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा) डॉ. आर. के. गौतम के नेतृत्व में अपनी प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डॉ. तृप्ति चंद्रा ने टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट



श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, डॉ. रजनीश कुमार ने ओएचएस श्रेणी में औद्योगिक श्रमिकों पर कोलटार के प्रभावों पर अपनी प्रस्तुति के लिए 'बेस्ट स्पीकर' का खिताब जीता. लॉन्ग पेपर श्रेणी में डॉ. दीप्ति प्रभा एक्का ने रेटिनल नर्व फाइबर लेयर पर तंबाकू के प्रभाव विषय पर द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, डॉ. शमा परवीन एवं डॉ. आकाश कांत ने क्रमशः पीजी शॉर्ट पेपर और एमबीबीएस पेपर श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि मेडिक्विज प्रतियोगिता में डॉ. संतोष चौबे और डॉ. मोहित कुमार की जोड़ी भी तृतीय स्थान पर रही।

## मारवाड़ी युवा मंच की बैठक में सामाजिक कार्यक्रमों पर बनी रूपरेखा

# विजयी जनप्रतिनिधियों के सम्मान का निर्णय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष राहुल जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के आगामी सामाजिक, धार्मिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी तथा विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति बनी। बैठक के दौरान 'जन संवाद मंच' कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी सदस्यों को दी गई एवं इसके सफलता के लिए सभी सदस्यों को एवं कोडरमा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को धन्यवाद दी गयी। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हाल ही में संपन्न नगर निकाय चुनाव में विजयी नगर परिषद अध्यक्ष एवं 28 वार्ड पार्षदों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर उनका सम्मान किया जाएगा तथा शहर को स्वच्छ, साफ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए ठोस कार्ययोजना पर चर्चा की जायेगी। बैठक



में यह भी निर्णय लिया गया कि 27 एवं 28 फरवरी को आयोजित होने वाली श्याम निशान यात्रा में मंच अपनी सक्रिय भागीदारी निभायेगा। नगर निकाय चुनाव में आयोजित 'सेल्फी शोइंग वोटिंग' कार्यक्रम के अंतर्गत बेस्ट सेल्फी अवॉर्ड प्रतीक जैन को प्रदान किया गया। वहीं फरवरी माह में जन्मदिन मनाने वाले सदस्यों के सम्मान में सामूहिक केक कटिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रितेश दुग्गड़, अरविन्द चौधरी,ईशान जैन, प्रशम जैन ने सामूहिक रूप से केक काटा। इससे बैठक का माहौल सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण बना रहा। बैठक में सचिव अंकित केडिया, सह सचिव अतुल खेतान, कोषाध्यक्ष राहुल चौधरी सहित पीयूष जैन, अंकित खेतान, मिहिर खेतान, राज पचीसिया, प्रतीक संघई, विकाश जैन, सौरव जैन, शानू जैन, महावीर खेतान एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## प्लांट प्लाजा रोड पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) के आरएमपी विभाग द्वारा 25 फरवरी को प्लांट प्लाजा रोड पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संयंत्र के सभी कार्मिकों एवं श्रमिकों के दैनिक जीवन में सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है, ताकि कार्यस्थल और सड़क पर होने वाली अनचाही दुर्घटनाओं पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। यह पहल बीएसएल परिसर के भीतर सड़कों को सुरक्षित बनाने तथा सुगम एवं सुरक्षित आवागमन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस जागरूकता अभियान में बड़ी संख्या में अधिकारियों, गैर-कार्यपालक कार्मिकों एवं संविदा श्रमिकों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने सुरक्षा संदेशों से युक्त बैनर और नारों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरीज) एन. श्रीकांत, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बिपिन कृष्ण सरतापे तथा महाप्रबंधक (आरएमपी) मुकेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

## दो किलो अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**लातेहार :** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर जिलेभर में अफीम और गांजा की खेती तथा तस्करी पर लगातार नकेल कसी जा रही है। इसी कड़ी में 24 फरवरी की रात बारियातू थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दो तस्करों को दो किलोग्राम अफीम (गादा) के साथ गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि बालुभांग की ओर से एक काले रंग की मोटरसाइकिल (जेएच 19 बी-2838) पर सवार दो व्यक्ति अफीम लेकर बारियातू की दिशा में आ रहे हैं। सूचना मिलते ही अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी बिनोद रवानी के नेतृत्व में बारियातू थाना पुलिस ने बठेठ पुलिस के पास वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गयी। तलाशी में मोटरसाइकिल की डिक्की से दो किलो अफीम बरामद हुई। मौके पर ही मोटरसाइकिल सवार नेमा गंझू उर्फ मुकेश गंझू (कोटनासेमर, बालुभांग) और तेतर गंझू (गुरूवे, बारियातू) को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दोनों आरोपित पहले भी एनडीपीएस एक्ट के मामलों में संलिप्त रहे हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार**

**आम सूचना**

आगामी ग्रीष्म को देखते हुए लातेहार जिला के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित नलकूपों तथा ग्रामीण जलापूर्ति योजना से संबंधित पेयजल की समस्या से निपटने हेतु **जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष** का गठन किया गया है जो निम्न प्रकार है:-

1. पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार में जिला स्तर पर श्री सरयु प्रसाद मेहता, प्राक्कलक, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार को नियंत्रण कक्ष का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है, जिनका मोबाईल नम्बर सह Whatsapp No 9430186764 है। श्री राजीव रंजन निम्न वर्गीय लिपिक, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार जिनका मोबाईल सं0- 7903562848, को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी बनाया गया है। Control Room में कार्यालय दिवस के कार्यालीय अवधि में शिकायत दर्ज करा सकते है।
2. पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार अन्तर्गत अवर प्रमंडल/प्रशाखा स्तर पर भी शिकायत पुस्तिका संधारित है, तथा संबंधि ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के जल सहिया को भी शिकायत दर्ज करा सकते है।

| क्र0 सं0 | नियंत्री पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | मोबाईल सं0 | नोडल पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | आवंटित प्रखण्ड | मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री राजेश कुजूर सहायक अभियंता पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमंडल लातेहार। | 9431054379 | भरत प्रसाद कनीय अभियंता | लातेहार | 9973467400 |
| | | | श्री प्रभात कुमार सिंह कनीय अभियंता | मनिका | 7050799752 |
| 02 | श्री अरूण कुमार मेहता, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल चन्दवा। | 8340573562 | श्री अनिल कुमार सामड़ कनीय अभियंता | चन्दवा | 9934373981 |
| | | | श्री मंगल मिंज कनीय अभियंता | बालूमाथ | 7070064214 |
| | | | दीपक कुमार मेहता कनीय अभियंता | हेरहंज एवं बारियातु | 7631077726 |
| 03 | श्री प्रशान्त कुमार पाण्डेय, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल बरवाडीह। | 8797128296 | श्री राहुल कुमार कनीय अभियंता | गारू | 7004702759 |
| | | | श्री पियुष कुमार रंजन कनीय अभियंता | बरवाडीह | 7667679642 |
| 04 | श्री राजेश कुजूर सहायक अभियंता पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमंडल लातेहार। | 9431054379 | श्री ओमकार कुमार कनीय अभियंता | महुआडाड़ | 9229339123 |
| | | | मो0 मुस्तकिम अंसारी कनीय अभियंता | नेतरहाट | 8010827148 |

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार

PR 373627 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D


## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जीएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार व उत्कृष्ट प्रदर्शन

# छात्र श्याम कुमार ने वर्ग नवम से प्राप्त किया जिले में दूसरा स्थान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025-26 में जी.एस. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह कार्यक्रम गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कार, नैतिक मूल्यों एवं देशभक्ति की भावना का विकास करना है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ



परीक्षा में भाग लिया तथा उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विशेष रूप से विद्यालय के छात्र श्याम कुमार यादव ने जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने अपने संदेश में कहा हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि सही मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम हो तो सफलता निश्चित है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जैसे आयोजन बच्चों में नैतिकता, संस्कार और देशप्रेम की भावना को सुदृढ़ करते हैं। हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विद्यालय के उपनिदेशक ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की है। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य प्रतिमा कुमारी में भी सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता मे सफल सभी छात्र-छात्राओं मे उन्नत कुमार, अंश कुमार, रिया भर्ती, सपना यादव, ममता कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, स्वीटी कुमारी, ऋचा कुमारी, साक्षी कुमारी, रूबी कुमारी, ऋतिक यादव, दीपक कुमार यादव, विजय कुमार, अनमोल कुमार राज, श्याम कुमार यादव, कुंदन कुमार, राहुल राज, राजवीर यादव, अंकिता मेहता, रानी यादव शामिल हैं। सभी शिक्षकों ने भी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एक झलक

### कांडरा मध्य विद्यालय में हुआ स्कूल आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन

**सिन्दरी (धनबाद) :** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बोकारो द्वारा कांडरा मध्य विद्यालय, सिंदरी में स्कूल आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्रों में नवाचार और तकनीकी सोच को बढ़ावा देना था। संस्थान के निदेशक डॉ. उपेंद्र प्रसाद के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों और रचनात्मक समाधानों के प्रति जागरूक किया गया। आईआईएसी अध्यक्ष गुंजन गांधी तथा रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के समन्वयक डॉ. सौरभ कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटी उम्र से ही नवाचार की सोच विकसित कर समाज की समस्याओं का समाधान संभव है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और तकनीकी विषयों पर प्रश्न भी पूछे। विद्यालय के शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के भविष्य के लिए उपयोगी बताया।

### तेज रफ्तार ओमनी ने टोटो को मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला

**बाघमारा (धनबाद):** कतरास थाना क्षेत्र के मलकेरा शिव मंदिर के समीप बुधवार को तेज रफ्तार मारुति ओमनी ने सड़क किनारे खड़ी टोटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ओमनी अचानक अनियंत्रित हो गई। बताया जा रहा है कि वाहन में सवार महिला बारात में शामिल होने जा रही थीं। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए यातायात सामान्य कराया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में बढ़ती तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### आनंद मेला में शामिल हुए संजीव सिंह, बच्चों की प्रतिभा सराही

**पाथरडीह (धनबाद):** झरिया स्थित केडीएम पब्लिक स्कूल में आयोजित आनंद मेला कार्यक्रम में पूर्व विधायक सह धनबाद मेयर प्रत्याशी संजिव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक स्व. के.डी. मिश्रा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय परिवार की ओर से अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। आनंद मेला में बच्चों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए संजीव सिंह ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और कौशल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी गई।

### रांची में गूंजी झरिया की मासूम की मौत, अवैध कोयला ढुलाई पर सरकार से जवाब-तलब

**धनबाद :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान झरिया क्षेत्र में अवैध कोयला ढुलाई से जुड़ी दर्दनाक घटना सदन में गूंज उठी। झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने 23 फरवरी को बालू गद्दा, लिलोरी पत्थरा में हुई दस वर्षीय मुस्कान की मौत का मामला उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि देव प्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी एवं भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) अधिकारियों की कथित मिलीभगत से अवैध रूप से कोयला लोड 18 चक्का ट्रक संकरी और जर्जर गलियों से गुजारे जा रहे हैं। विधायक के अनुसार, इसी दौरान एक ट्रक ने सो रही मासूम को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस रास्ते से छोटा वाहन भी मुश्किल से गुजरता है, वहां भारी ट्रकों को किसके निर्देश पर प्रवेश दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में भी आउटसोर्सिंग कंपनियों से जुड़ी ऐसी घटनाएं हुई हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# होली पर कड़ी निगरानी, विजय जुलूस के लिए अनुमति अनिवार्य



बैठक

**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**धनबाद :** होली पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। न्यू टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने स्पष्ट निर्देश दिया कि नगर पालिका चुनाव में विजयी प्रत्याशियों को विजय जुलूस निकालने से पहले अनुमंडल कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति जुलूस निकालने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। साथ ही चुनाव से जुड़े झंडे, बैनर और पोस्टर हटाने का भी निर्देश दिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान हुड़दंगियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जिले में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा और पुलिस 24 घंटे मुस्तैद रहेगी। उन्होंने आम लोगों से असामाजिक तत्वों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। बैठक में होलिका दहन के समय अतिरिक्त पुलिस पेट्रोलिंग, मोहल्लों में पर्याप्त रोशनी, सड़क पर जल छिड़काव, जबरन रंग न डालने, 4 मार्च को कोल माइनिंग एरिया में भारी वाहनों के परिचालन पर रोक, स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की उपलब्धता और रंग-अबीर की गुणवत्ता जांच जैसे सुझाव दिये गये। जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने सभी से सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। प्रशासन ने सभी सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन

## भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के बस्ताकोला क्षेत्र में कल्याण बोर्ड की बैठक सम्पन्न



**झरिया/धनबादः** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में वर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर के तहत क्षेत्रीय कल्याण बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक मोहम्मद हाफिजुल कुरैशी ने की। बैठक में प्रबंधन की ओर से अपर महाप्रबंधक अशोक कुमार शर्मा, परियोजना पदाधिकारी देवेन्द्र सिंह (एबीडीकेजीसी/केओसीपी), कमल कांत सिंह (आरओसीपी), चन्द्रशेखर सिंह (बस्ताकोला कोलियरी), क्षेत्रीय प्रबंधक (मानव संसाधन) सम्भ्रांत पाण्डेय, क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सास्वती पंडित समेत सुरक्षा, वित्त, प्रशासन एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। संघ पक्ष से हरेराम सिंह (जेएमएस), एम.डी. अख्तर हुसैन, मुंद्रिका पासवान, आर.एस. उपाध्याय और कालीपद महतो सहित अन्य प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। आवास, चिकित्सा, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रबंधन ने उठाये गये सवालों पर विभागवार जवाब देते हुए समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। अंत में महाप्रबंधक ने कल्याण बोर्ड के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निवारण का आश्वासन देते हुए बैठक का समापन किया।

## धनबाद कलेक्ट्रेट में बनेगा डाटा सेंटर सह ट्रेनिंग सेंटर



**धनबाद :** जिला प्रशासन ने डिजिटल कार्यसंस्कृति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। कलेक्ट्रेट परिसर में 50 कंप्यूटरों से सुसज्जित डाटा सेंटर सह ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया जाएगा। यह निर्णय उप विकास आयुक्त सन्नी राज की अध्यक्षता में आयोजित डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेंस सोसायटी की बैठक में लिया गया। उप विकास आयुक्त ने बताया कि केंद्र के चालू होने के बाद आंगनबाड़ी सेविकाओं सहित जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के कर्मियों को आईटी से संबंधित प्रशिक्षण दिया जायेगा। विशेष रूप से आंगनबाड़ी सेविकाओं को विभिन्न सरकारी ऐप के संचालन, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, डाटा अपलोडिंग और डिजिटल मॉनिटरिंग की जानकारी दी जायेगी, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गति आयेगी। बैठक में हाई स्पीड इंटरनेट लीज लाइन लेने को लेकर भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारियों के साथ चर्चा की गयी। साथ ही ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कार्यालय के सुदृढ़ीकरण, टेलीकॉम टावर अधिष्ठापन और डिजिटल सेवाओं के विस्तार की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, यूआईडीएआई के जिला परियोजना पदाधिकारी, बीएसएनएल के एजीएम तथा सीएससी मैनेजर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अबुआ दिशोम बजट में धनबाद को बड़ी सौगात कतरास में बनेगा अंतरराज्यीय बस टर्मिनल



**बाघमारा/धनबाद :** हेमंत सोरेन सरकार ने अबुआ दिशोम बजट में धनबाद जिले को बड़ी सौगात देते हुए कतरास के लिलोरी अस्थान के पास अंतरराज्यीय बस टर्मिनल निर्माण की घोषणा की है। प्रस्तावित टर्मिनल एनएच-32 से सटी लगभग 12 एकड़ जमीन पर विकसित किया जाएगा। बजट स्वीकृति के बाद जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। नये बस टर्मिनल के निर्माण से वर्तमान में शहर के बरटांड़ बस स्टैंड पर पड़ रहे यातायात दबाव में कमी आएगी। लंबी दूरी की बसों को शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में प्रवेश नहीं करना पड़ेगा, जिससे जाम की समस्या से भी राहत मिलने की उम्मीद है। यह टर्मिनल बोकारो, गिरिडीह, देवघर और पश्चिम बंगाल के पुरुलिया समेत आसपास के जिलों की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय, पार्किंग और सुरक्षा जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। घोषणा के बाद कतरास और आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कतरास की बड़ी आबादी के बावजूद अब तक समुचित परिवहन सुविधा का अभाव था। बस टर्मिनल बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यावसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## भारतीय मजदूर संघ ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



**धनबाद :** बुधवार को भारतीय मजदूर संघ (भामसं) के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री और श्रम मंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पुरी, उड़ीसा में 25 फरवरी को आयोजित अखिल भारतीय अधिवेशन में पारित प्रस्ताव और स्थानीय समस्याओं को उठाया गया। उपायुक्त की अनुपस्थिति में उपसमाहर्ता विनोद कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को सुना। प्रतिनिधिमंडल में धर्मजीत चौधरी (संगठन मंत्री), सुशील कुमार सिंह (संयुक्त महामंत्री), भौमिक महतो (धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ), पुष्पा देवी (आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ राष्ट्रीय महामंत्री), रीता सिंह (प्रांत महिला प्रमुख), मनोज साह (सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ उपाध्यक्ष) और चंद्र भूषण प्रसाद (सीएमपीएफ अध्यक्ष) शामिल थे।

## रुर्बन मिशन व आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा



**धनबाद :** जिला मुख्यालय में बुधवार को उप विकास आयुक्त सनी राज की अध्यक्षता में रुर्बन मिशन एवं आदर्श ग्राम योजना की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक का मुख्य उद्देश्य योजनाओं की प्रगति का आकलन, निगरानी तंत्र को सुदृढ़ करना तथा समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था। उप विकास आयुक्त ने कहा कि रुर्बन मिशन के तहत संचालित योजनाओं को स्थानीय आजीविका से जोड़ना प्राथमिकता होगी। विशेष रूप से रुर्बन पार्क के नवीनीकरण को आय सृजन गतिविधियों से जोड़ते हुए मत्स्य पालन, बत्तख पालन, पॉलीहाउस एवं ग्रीनहाउस के माध्यम से मौसमी सब्जी व फूलों की पौध तैयार करना, अमरूद एवं केला बागवानी, वर्मी कम्पोस्ट इकाई की स्थापना तथा समुदाय आधारित आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। बैठक में परियोजना प्रबंधक, कौशल विकास एवं आजीविका (डीएमएफटी) अमर कुमार श्रीवास्तव ने पीपीटी व डीपीआर के माध्यम से योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया, जिस पर अधिकारियों ने विस्तृत चर्चा की। इस दौरान विभागीय समन्वय, गुणवत्ता नियंत्रण और नियमित मॉनिटरिंग को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। बैठक के अंत में उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## बिरसा ग्राम योजना की समीक्षा, कृषिगत गतिविधियां तेज करने के निर्देश



**धनबाद :** समेकित बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला की प्रगति की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने संबंधित कार्यकारी एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बिरसा ग्रामों में कृषिगत गतिविधियों को तेज गति से धरातल पर उतारा जाये। उन्होंने कहा कि कृषक पाठशाला को किसानों के प्रशिक्षण का सशक्त केन्द्र बनाया जाना चाहिए, ताकि योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल सके। समीक्षा बैठक में गोविंदपुर एवं अलकडीहा कृषक पाठशाला के प्रतिनिधियों ने बताया कि बिरसा ग्रामों में बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं गोविंदपुर कृषक पाठशाला में सूवर पालन एवं मुर्गी पालन के शेड निर्माण का कार्य भी पूरा हो चुका है। इस पर उप विकास आयुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को तैयार भवनों की गुणवत्ता जांच करने तथा शीघ्र पशुपालन गतिविधियां प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि टुंडी कृषक पाठशाला का भौतिक निरीक्षण वे स्वयं करेंगे और कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक में जिला सहकारिता, पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य विभाग के पदाधिकारी सहित तीनों कृषक पाठशालाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## छात्रों में कॉपी-कलम और नाश्ता का वितरण



**धनबाद :** सर्वोत्तम प्रयास फाउंडेशन और सेफजोन डिजिटल असेट्स प्राइवेट लिमिटेड ने बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय, इंदिरा नगर, आई एम पार्क कॉलोनी, बलियापुर में छात्र-छात्राओं के बीच कॉपी-कलम और नाश्ते का वितरण किया। संस्था के चेयरमैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुबल दास ने कहा कि फाउंडेशन समाज सेवा और जन सेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी कई जरूरतमंदों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। मौके पर स्टेट कोऑर्डिनेटर श्याम बिहारी यादव, सचिन बाउरी, अश्विनी मिश्रा, नारद कुमार यादव और चंदन कुमार महतो समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# शहीद नेपाल रवानी का 36वां शहादत दिवस श्रद्धा व संकल्प के साथ मना



**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**धनबाद :** झारखंड आंदोलन के जुझारू योद्धा एवं शहीद नेपाल रवानी का 36वां शहादत दिवस गोधर मोड़ स्थित शहीद स्मारक स्थल पर श्रद्धा, सम्मान और संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की जिला समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, आंदोलनकारी साथी, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद की पत्नी सावित्री देवी व बड़े पुत्र अजय रवानी एवं परिजनों द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। नेपाल रवानी अमर रह और शहीद तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुँचाएंगे जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम, उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, संगठन सचिव मनोज रवानी, प्रवक्ता समीर रवानी सहित कई नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि 1980 के दशक में झारखंड आंदोलन के दौरान नेपाल रवानी ने क्षेत्रीय अधिकार, सामाजिक न्याय और शोषण के खिलाफ संघर्ष किया। उनका बलिदान राज्य की अस्मिता की लड़ाई का आधार स्तंभ है। नेताओं ने युवाओं से शहीदों के आदर्शों पर चलने और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न यूनियनों, सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। अंत में उपस्थित लोगों ने शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने का संकल्प दोहराया।

## डिगवाडीह में भी नेपाल रवानी का शहादत दिवस मना



**पाथरडीह/झरिया :** डिगवाडीह स्थित मदन राम के आवासीय कार्यालय में बुधवार को झारखंड आंदोलनकारी नेता शहीद नेपाल रवानी का शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि गोधर के शहीद नेपाल रवानी ने झारखंड आंदोलन के उग्र दौर में कोयलांचल की धरती पर जनसंघर्ष की अलख जगाई थी। उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों को संगठित किया और सामाजिक चेतना का विस्तार किया। शिक्षा के प्रसार और समाज सुधार को उन्होंने आंदोलन का आधार बनाया। बाल विवाह, दहेज प्रथा, जुआ, नशाखोरी और अंधविश्वास जैसी कुरीतियों के खिलाफ उनके द्वारा चलाए गए अभियान को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका संघर्ष, साहस और बलिदान झारखंड की चेतना में सदैव जीवित रहेगा। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष मदन राम, अनवर अंसारी, जितेंद्र पासवान, साहब शेख, गोवर्धन यादव, भगवान सिंह, बादशाह खान, जसीम अंसारी, मोहम्मद सनाउल, शकीला बानो, सकीना परवीन सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## झरिया में नारी स्वावलम्बन अभियान के तहत सैनिटरी पैड निर्माण प्रशिक्षण शुरू

**झरिया (धनबाद) :** महिला सशक्तीकरण की दिशा में मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नारी स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत 5 दिवसीय सैनिटरी पैड निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम बी. एल. अग्रवाला बिल्डिंग, साईं मंदिर, भागा रोड, बस स्टैंड के समीप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, कार्यक्रम संयोजक पूनम शर्मा और प्रशिक्षक नीतु देवी ने दीप प्रज्वलन कर किया। उद्घाटन अवसर पर शाखा पदाधिकारियों ने कहा कि महिला स्वावलंबन ही सशक्त समाज की आधारशिला है और इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है।

## बच्चा चोरी की अफवाह में ग्रामीण उग्र, चार महिलाओं के साथ मारपीट, ओपी का घेराव



**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** बाघमारा अनुमंडल के निछानी गांव में बुधवार को बच्चा चोरी की अफवाह ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने संदेह के आधार पर चार महिलाओं को घेर लिया और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तुरंत ईस्ट बसुरिया ओपी पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिलाओं को भीड़ के चंगुल से निकालकर सुरक्षित ओपी लाई। बताया गया कि घटना स्थल थाना से लगभग एक किलोमीटर दूर था। हिरासत में ली गई महिलाओं ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि वे गोरखपुर, मऊ और देवरिया की रहने वाली हैं और काम की तलाश में गांव आई थीं। उनका कहना है कि निछानी पुल के पास हाथ-मुंह धोने और अमरूद खाने के दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें बच्चा चोर समझ लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल को भड़काने का प्रयास किया। जब महिलाएं पेट्रोलिंग वाहन से थाना लाई जा रही थीं, तभी कुछ ग्रामीणों ने वाहन पर चप्पल से हमला किया। इसके बाद भ्रामक जानकारी फैलाकर ग्रामीणों को उकसाया गया, जिससे ओपी का घेराव कर दिया गया। करीब तीन घंटे तक ओपी गेट के बाहर हंगामा चलता रहा। कतरास अंचल पुलिस निरीक्षक मुकेश चौधरी, तेतुलमारी थाना प्रभारी विवेक चौधरी, पुनि सत्येन्द्र यादव और अंगारपथरा ओपी प्रभारी प्रवीण कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लाया।

# टाटा स्टील की पहल से 600 से अधिक महिलाएं एआई से हुई परिचित



**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** टाटा स्टील और उसकी सामाजिक इकाई टाटा स्टील फाउंडेशन ने अपने परिचालन क्षेत्रों की 600 से अधिक महिलाओं को ह्यएआई सखी इमर्शनह्ल कार्यक्रम में भागीदारी का अवसर प्रदान किया। यह कार्यक्रम इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर की महिलाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग और उसके व्यावहारिक लाभों से परिचित कराना था। जामाडोबा से 20 महिलाएं इस पहल का हिस्सा बनीं। इमर्सिव कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षित मेंटर्स ने प्रतिभागियों को एआई आधारित उपकरणों और तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। सत्रों में व्यवसाय प्रचार, उत्पाद डिजाइन, डिजिटल मार्केटिंग, दस्तावेजीकरण सहायता, सूचना तक पहुंच और कौशल विकास जैसे विषय शामिल रहे। महिलाओं को यह समझाया गया कि एआई के माध्यम से वे अपने उत्पादों का बेहतर प्रचार-प्रसार कर सकती हैं और ऑनलाइन बाजार तक पहुंच बना सकती हैं।

कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह, कृषि एवं अन्य आजीविका कार्यक्रमों से जुड़ी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पेटिया पंचायत की सुनीता देवी ने कहा कि यह पहल गांव की महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी। उन्होंने अपने गांव में जागरूकता सत्र आयोजित करने की बात भी कही। यह पहल महिला सशक्तिकरण और डिजिटल समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# पानी संकट से भड़के ग्रामीण, आउटसोर्सिंग कम्पनी का ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप

**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** कतरास छाताबाद क्षेत्र के एरिया-3 अंतर्गत छाताबाद कैलूडीह में बुधवार को पानी की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। दर्जनों ग्रामीणों ने एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग कंपनी का ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप करा दिया और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों में मोहम्मद साबिर, राजेश महतो, रुखसाना खातून, संजय पासवान और मीना देवी शामिल थे। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 15 दिनों से पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद है, जिससे दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रमजान माह में पानी की किल्लत से रोजेदारों को विशेष कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि जिस मोटर से जलापूर्ति की जाती थी, उसे नगर निकाय चुनाव के दिन कंपनी द्वारा हटा लिया गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी की ब्लास्टिंग से घरों में दरारें पड़ रही हैं और धूलकणों से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पानी और बिजली के लिए वे पूरी तरह कंपनी पर निर्भर हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने कोलियरी इंजीनियर को घेरते हुए चेतावनी दी कि जब तक जलापूर्ति बहाल नहीं

## हीरक रोड की बदहाली पर फूटा गुस्सा भाकपा माले ने दी आन्दोलन की चेतावनी

**धनबाद/सिन्दरी :** बलियापुर क्षेत्र अंतर्गत हीरक रोड (बालाजी पेट्रोल पंप से भीकराजपुर तक) की जर्जर हालत को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और भाकपा माले कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। ढांगी मोड़, कमाटांड़, धोखरा, पलानी और अमछोर होते हुए गुजरने वाली यह सड़क इन दिनों गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण अब तक कई परिवार अपनों को खो चुके हैं, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। सोमवार को भाकपा माले के सक्रिय कार्यकर्ताओं और सिंदरी विधायक प्रतिनिधि शीतल दत्ता ने सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कर्माटांड़ निवासी फटीक रवानी को टक्कर मार दी और फरार हो गई। घटना से लोगों में और आक्रोश फैल गया। बताया गया कि प्रधान कांटा-सिंदूरपुर-गोविंदपुर रोड बंद रहने से भारी वाहनों का दबाव भी इसी सड़क पर बढ़ गया है, जिससे स्थिति और भयावह हो गई है।

# होली के दौरान हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखी जायेगी : थाना प्रभारी



**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** रंगों के पर्व होली को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर बुधवार को सिंदरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सह निरीक्षक संजय कुमार ने की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि होली के दौरान हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखी जायेगी और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जायेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि शराब पीकर उत्पात मचाने, अभद्र व्यवहार करने तथा बिना अनुमति तेज आवाज में डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए शांति और सद्भाव के साथ होली मनाने की अपील की तथा सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। बैठक के बाद शांति समिति के सदस्यों के साथ होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया। बैठक में पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, मनोज मिश्रा, महेंद्र पाण्डेय, विदेशी सिंह, सुरेश प्रसाद, अजय कुमार, प्रशांत दुबे, रन्टू ओझा, पवन ओझा, राघव तिवारी, दीपक प्रमाणिक, रंजना शर्मा समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## होली के रंग में रंगी स्वास्थ्य सहिया, जयरामपुर में होली मिलन समारोह आयोजित



**जोरापोखर (धनबाद) :** स्वास्थ्य सहिया जयरामपुर क्लस्टर की ओर से जयरामपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सहिया एवं सहिया साथी उपस्थित रहीं। सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। समारोह के दौरान 'रंग बरसे भीगे चुनरवाली' और 'आज बिरज में होली रे रसिया' जैसे पारंपरिक होली गीतों पर सभी जमकर झूमीं। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। इस अवसर पर सहिया साथी रेखा भट्ट और सहिया शांति देवी ने कहा कि होली आपसी गिले-शिकवे दूर कर प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का पर्व है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें बुराइयों को छोड़कर अच्छाइयों को अपनाने और एक-दूसरे के सहयोग के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में लक्ष्मी दुबे, रेखा साहनी, मीना देवी, संजू कुमारी, रानी देवी, सुलेखा देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, सरिता देवी, मुन्नी देवी सहित अन्य सहिया बहनें उपस्थित रहीं।

## बीआईटी सिन्दरी के छात्रों ने अनाथालय में बांटीं होली की खुशियां



**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिन्दरी के छात्रों द्वारा संचालित स्वयंसेवी संस्था 'लाइट सिन्दरी' ने यूथ वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में हिंदू मिशन अनाथालय में रंगोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों ने अनाथालय के बच्चों के साथ होली का उत्सव मनाकर सामाजिक सरोकार का संदेश दिया। रंगोत्सव के दौरान म्यूजिकल चेयर खेल ने बच्चों में उत्साह और उमंग भर दी। इसके बाद होली गीतों पर प्रस्तुत नृत्य ने माहौल को और भी उल्लासमय बना दिया। छात्रों ने बच्चों के साथ मिलकर नाश्ता किया और भोजन पैकेट वितरित किये, जिससे उनके चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम गौतम बुद्ध के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन में रश्मि, लक्की कुमार, प्रमोद कुमार, अशोक और गौतम कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# सेमीफाइनल में प्रवेश करने के लिए जिम्बाब्वे से भिड़ेगी भारतीय टीम

**एजेंसी**

**चेन्नई :** भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां सुपर-8 के अपने दूसरे मैच में जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों 76 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसे सेमीफाइलन की उम्मीदें बनाये रखने के लिए इस मैच में बड़े अंतर से जीत चाहिये। भारतीय टीम के लिए हालांकि ये आसान नहीं है क्योंकि उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ असफल रहे थे। वहीं गेंदबाजी भी खास नहीं रही है। इसके अलावा जिम्बाब्वे का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है उसने लीग स्तर में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराया है। ऐसे में उसे कमजोर मानना भूल होगी। दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद भारतीय टीका का रन रेट भी माइनस 3.80 हो गया है। इससे उससे सेमीफाइनल की उम्मीद बनाए रखने के लिए इस मुकाबले में बड़ी जीत चाहिये। इसके लिए पारी की शुरूआत और तीसरे नंबर की असफलता से उसे उबरना होगा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा फार्म में नहीं है। वहीं नंबर तीन पर तिलक वर्मा भी अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। केवल ईशान किशन ने ही अब रन बनाये हैं। ऑफ स्पिनरों के सामने अभिषेक रन नहीं बना पा रहे हैं जिससे भी भारतीय टीम को भारत को नुकसान हो रहा है। इस टूर्नामेंट में चार मैचों में वह केवल 15 रन ही बना सके हैं जबकि




मैच शाम सात बजे शुरू होगा

उनका स्ट्राइक रेट 75 और औसत 3.75 रहा। ऐसे में उनकी जगह पर इस मैच में संजू सैमसन को उतारने की मांग हो रही है। वहीं तिलक को भी अपने प्रदर्शन को बेहतर करना होगा। अब तक केवल ईशान ने ही 193 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव का स्ट्राइक रेट 127 रहा है जो उनके टी20 करियर के 161 के स्ट्राइक रेट से काफी कम है जिससे ईशान पर काफी दबाव बन गया है। शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या ने अब तक अच्छा खेला है और निचले क्रम पर इन दोनो से आगे भी बेहतर बल्लेबाजी की उम्मीदें हैं। बायें हाथ के तीन बल्लेबाजों ईशान, अभिषेक और तिलक के सामने विरोधी टीमों ने पावरप्ले में आफ स्पिनरों का उपयोग कर इनपर अंकुश लगाने का प्रयास किया है जिसमें वे सफल भी हुई हैं। इस मैच में ऑफ स्पिनरों की रणनीति को विफल करने के लिए संजू सैमसन को अवसर मिल सकता है। उनके आने से दाये और बाएं हाथ की सलामी जोड़ी बेहतर रहेगी। ऐसे में टीम प्रबंधन सूर्यकुमार को तीसरे और तिलक को चौथे नंबर पर उतार सकता है। वैसे चेपॉक की पिच से उन्हें काफी मदद मिल सकती है। जिम्बाब्वे के पास उतना खतरनाक स्पिन आक्रमण भी नहीं है। तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी, रिचर्ड एनगारावा और ब्राड इवांस को हालांकि कम नहीं आंका जा सकता है। गेंदबाजी में भी भारतीय टीम को वरुण चक्रवर्ती , जसप्रीत बुमराह से और बेहतर गेंदबाज की उम्मीद करनी होगी। पिछले मैच में भारतीय गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट 20 रन पर गिरा दिये थे पर बीच के दौर में कमजोर गेंदबाजी के कारण अफ्रीकी टीम 187 रन बनाने में सफल रही। जिससे भारतीय बल्लेबाज दबाव में आ गयी।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, बेन कुरेन, ब्रैड इवांस, क्लाइव मदांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड एनगारवा।

## एक झलक

### तिलक को निभानी चाहिए कोहली जैसी भूमिका : कैफ

**मुम्बई :** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने बल्लेबाज तिलक वर्मा से कहा है कि वह विराट कोहली की तरह पारी को संवारने की भूमिका निभाऐं। कैफ का मानना है कि तिलक को तेजी से खेलने की जगह अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहिये। वहीं टीम प्रबंधन को भी ये स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि उनकी भूमिका कैसी होगी है। कैफ ने कहा कि हर टीम को एक ऐसे बल्लेबाज की जरूरत होती है जो पारी को संभाले और अंत तक लेकर जाए। उनका मानना है कि तिलक में वह क्षमता है और उन्हें उसी जिम्मेदारी पर ध्यान देनी की बात कही जानी चाहिए। एशिया कप में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय टीम को जीत दिलाकर तिलक ने दिखाया था कि वह दबाव में लंबी पारी खेल सकते हैं पर टी20 विश्वकप में अपने कमजोर प्रदर्शन के कारण वह आलोचकों के निशाने पर हैं।

### पावरप्ले में ऑफ-स्पिनरों के खिलाफ सहज नहीं सलामी बल्लेबाज : अभिषेक नायर

**मुम्बई :** भारतीय टीम के पूर्व सहायक कोच रहे अभिषेक नायर ने कहा है कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्वकप में अब तक टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। अभिषेक के अनुसार सुपर 8 स्तर में सलामी जोड़ी संघर्ष करती दिखी है। वहीं पावरप्ले में ऑफ-स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाज सहज नहीं दिखे। अब तक केवल। ईशान किशन ही रन बनाने में सफल रहे हैं। ईशान ने 5 मैचों में 35.20 के औसत से 176 रन बनाए हैं। वहीं बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अब तक असफल रहे हैं। वह चार मैचों में से तीन में खाता भी नहीं खोल पाये। वहीं चौथे मैच में उन्होंने 15 रन बनाए हैं। नायर ने कहा कि शीर्ष क्रम अभी तक सहज होकर नहीं खेल पा रहा। नई गेंद से ऑफ-स्पिनर विविधता ला रहे हैं जिससेस भी बल्लेबाजों के लिए पावरप्ले के ओवरों में शॉट लगाना कठिन हो रहा है। उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज भी पारी की शुरूआत में रोस्टन चेस से गेंदबाजी करा सकती है। ऐसे में भारतीय सलामी बल्लेबाजों को सावधान रहना होगा। भारतीय टीम को अब टूर्नामेंट में बने रहने के लिए बचे हुए दो सुपर-8 मैच बड़ं अंतर से जीतने होंगे। भारतीय टीम को अब अगले मैच में जिम्बाब्वे और फिर वेस्टइंडीज से खेलना है।

### इटली में महिला क्रिकेटर के यौन शोषण का मामला सामने आया आरोपी अधिकारी निलम्बित

**रोम :** इटली में एक महिला क्रिकेटर के यौन शोषण के आरोपों के बाद क्रिकेट बोर्ड से जुड़े एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। महिला क्रिकेटर के आरोपों के बाद ऑर्डिनेटर प्रबाथ एक्नेलिगोडा को क्रिकेट फेडरेशन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। फेडरेशन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस मामले की जांच फेडरल प्रॉसिक्यूटर करेगा। यौन शोषण का ये मामला पिछले साल का बताया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फेडरेशन ने कहा, साल 2025 के दौरान फेडरेशन की अध्यक्ष ने एथलीट्स और इससे जुड़े दूसरे पक्षों की पूर्ण सुरक्षा की अपनी जिम्मेदारियों का पालन करते हुए आरोपी अधिकारी को हर तरह की फेडरल से बाहर किये जाने का आदेश दिया है।

## आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पांच में पहुंचे ईशान और फरहान



**एजेंसी**

**दुबई :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टी20 रैंकिंग में भारतीय टीम के बल्लेबाज ईशान किशन लंबी छलांग लगाकर शीर्ष पांच में पहुंच गये हैं। ईशान को टी20 विश्वकप में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। वहीं भारतीय टीम के अभिषेक शर्मा हाल में खराब प्रदर्शन के बाद भी नंबर एक पर बरकरार हैं हालांकि उनकी रेटिंग 891 से घटकर 877 रह गई है। वहीं टूर्नामेंट में काफी रन बनाने वाले पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान भी दो पायदान ऊपर आकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट 815 रेटिंग्स के साथ दूसरे और साहिबजादा फरहान 810 रेटिंग्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं। ईशान 742 रेटिंग्स के साथ पांचवें पायदान पर पहुंच गए हैं। भारत के खिलाफ आक्रामक पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के उभरते हुए बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस शीर्ष 10 में पहुंच गये हैं। ब्रेविस ने 10 पायदान की लंबी छलांग लगाये है जिससे वह 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ शतकीय पारी खेलने वाले हैरी ब्रूक 10 पायदान की छलांग लगाकर 18वें नंबर पर पहुंच गये हैं।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों के भविष्य पर ईसीबी की सफाई

## द हंड्रेड में भेदभाव से किया इनकार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तानी खिलाड़ियों को द हंड्रेड टूर्नामेंट की चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को यह स्पष्ट किया। हाल ही में ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई थीं कि भारत के स्वामित्व वाली कुछ फ्रेंचाइज़ियां राजनीतिक तनाव के कारण पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नजरअंदाज कर सकती हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि आठ टीमों की इस प्रतियोगिता में शामिल चार भारतीय स्वामित्व वाली फ्रेंचाइज़ियां–मैनचेस्टर सुपर जायंट्स, एमआई लंदन, साउदर्न ब्रेव




और सनराइजर्स लीड्स–अगले महीने होने वाली नीलामी में पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर विचार नहीं कर रही हैं। द हंड्रेड के आगामी सीजन के लिए कुल 67 पाकिस्तानी खिलाड़ियों (63 पुरुष और 4 महिला) ने अपना नाम चयन हेतु पंजीकृत कराया है। ईसीबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड तथा द हंड्रेड की सभी आठ फ्रेंचाइज़ियां इस बात की पुनः पुष्टि करती हैं कि यह प्रतियोगिता समावेशी, स्वागतयोग्य और सभी के लिए खुली रहेगी। सभी टीमें चयन केवल क्रिकेट प्रदर्शन, उपलब्धता और टीम की जरूरतों के आधार पर करेंगी। गौरतलब है कि कूटनीतिक तनाव के चलते पाकिस्तानी खिलाड़ी वर्ष 2009 के बाद से इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा नहीं ले पाए हैं। अब जब आईपीएल मालिक विभिन्न देशों की लीगों में भी टीमों के मालिक हैं, तो आशंका जताई जा रही थी कि अन्य टूर्नामेंटों में भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों के अवसर सीमित हो सकते हैं। द हंड्रेड की नीलामी 11 और 12 मार्च को लंदन में आयोजित की जायेगी।

## शास्त्री ने टीम को सही रणनीति और संयोजन से उतरने की दी सलाह

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का कहना है कि अब टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 में मिली करारी हार से सबक लेते हुए आगे के मैचों में सही संयोजन से उतरना होगा। इस मैच में मिली हार के बाद प्रबंधन के कई फैसलों पर भी सवाल उठे हैं। ऐसे में अब टीम के ऊपर बचे हुए दोनो मैचों को बड़े अंतर से जीतने का दबाब है। शास्त्री का कहना है कि अब टीम को अपने संयोजन पर फिर से विचार करना होगा। शास्त्री ने कहा, आप लगातार 12 मैच जीतते हैं, तो एक खराब दिन आना तय है। शायद यही वह बदलाव है जिसकी भारत को जरूरत थी। यह टीम को अपनी रणनीति और संयोजन पर फिर से सोचने के लिए मजबूर कर सकता है। इस हार से उन्होंने यह सीख लिया होगा कि अब चीजों को हल्के में नहीं लिया जा सकता है क्योंकि सुपर 8 में अगर एक और मैच हारते हैं तो बाहर हो जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्षर पटेल की जगह पर टीम ने वाशिंगटन सुंदर को अवसर दिया पर सुंदर असफल रहे। अब अक्षर को वापस टीम में लाने की मांग बढ़ रही है। वहीं शास्त्री चाहते हैं कि सुंदर को भी टीम से बाहर न किया जाये।





मिलान में चैम्पियंस लीग फुटबॉल के प्लेऑफ मुकाबले में जीत के बाद उत्साहित बोडो ग्लीम्टस के खिलाड़ी।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ने मुख्य अतिथि अशोक बर्नवाल, महासचिव ओलंपिक एसोसिएशन, कोडरमा , विशिष्ट अतिथि संदीप सिन्हा सचिव रोटरी क्लब एवं अध्यक्ष कबड्डी एसोसिएशन कोडरमा एवं सभी उपस्थित महाविद्यालय सदस्यों और सभी प्रशिक्षुओं का स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि अशोक बर्नवाल ने रिबन काट कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिन महिला वर्ग में 100 मीटर एवं पुरुष वर्ग में 200 मीटर दौड़, स्पून रेस, महिला एवं पुरुष वर्ग में 4X100 मीटर रिले रेस, शॉट पुट, जेवलिन थ्रू, सुई धागा रेस, डिस्कस थ्रू, टग ऑफ वार का सफल आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपने क्षमता, कला एवं अनुभव के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 100 मीटर महिला वर्ग दौड़ में प्रथम स्थान- सुलेखा कुमारी, द्वितीय स्थान- सुधा कुमारी एवं तृतीय स्थान- ललिता कुमारी, 200 मीटर पुरुष वर्ग दौड़ में प्रथम- मनीष कुमार, द्वितीय सद्दाम अंसारी एवं तृतीय - सूरज कुमार, महिला वर्ग स्पून रेस में प्रथम- निकिता कुमारी,द्वितीय- सुधा कुमारी एवं तृतीय- हेमलता कुमारी, पुरुष वर्ग चम्मच रेस में प्रथम- पवन पंडित,द्वितीय- मनीष कुमार एवं तृतीय- पवन कुमार,पुरुष वर्ग रिले रेस में प्रथम- मनोरंजन पाण्डेय, पवन, मनीष, सुमित ,द्वितीय- मनीष कुमार, सागर कुमार, सूरज कुमार, अंकित चंद्रा एवं तृतीय- पवन कुमार, लोकेश कुमार, अनिल कुमार, महेश कुमार महतों। महिला वर्ग रिले रेस में प्रथम - उर्मिला कुमारी, ललिता कुमारी, सुलेखा कुमारी आदि , द्वितीय - अनिशा कुमारी, रितिका कुमारी, प्रियंका कुमारी, बबीता कुमारी एवं तृतीय- सीमा कुमारी, सोनिया कुमारी, सुधा कुमारी, प्रिया सिंह। महिला शॉट पुट में प्रथम- साक्षी कुमारी,द्वितीय- किरण कुमारी एवं तृतीय- पूजा कुमारी, पुरुष वर्ग शॉट पुट में प्रथम- लवजीत कुमार, द्वितीय- मनीष कुमार एवं तृतीय- रूपेश कुमार।



# झारखंड

## रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में एकदिवसीय सेमिनार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में करियर के अवसर था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार एवं रिसोर्स पर्सन सौरव बनवार (सीसीआरसी, रायपुर, छत्तीसगढ़) ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ भेंट कर रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया। विषय प्रवेश सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार पासवान ने कराया। रिसोर्स पर्सन ने अपने संबोधन में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तेजी से उभरते क्षेत्र हैं, जिनका प्रभाव शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बैंकिंग, उद्योग व मीडिया सहित कई क्षेत्रों में देखा जा रहा है।

### होलिका दहन के लिए 85 सेट होलिका किट व 10 हजार बडकुल्लों का वितरण

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रेरणा शाखा की सराहनीय पहल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा एवं श्री कोडरमा गोशाला समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय श्री अग्रसेन भवन में होलिका दहन के पावन अवसर पर 85 सेट होलिका किट एवं लगभग 10 हजार गोबर से निर्मित बडकुल्लों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी सशक्त संदेश देने वाला रहा। वितरित की गई होलिका किट में एक होलिका, एक नारियल, पांच ढाल, एक पान पत्ता, एक-एक चांद एवं सूरज, पांच सुपारी तथा एक जीभ सम्मिलित थे। ये सभी सामग्री 2 मार्च को होने वाले होलिका दहन में प्रयोग की जाएगी। शाखा द्वारा पूर्व बुकिंग के आधार पर सामग्री उपलब्ध कराई गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा, सचिव आकृति चौधरी, परियोजना निदेशक मीना हिसारिया, नेहा बजाज एवं गौशाला समिति के पदाधिकारी अरुण मोदी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वर्ष होलिका दहन में गोबर से निर्मित बडकुल्लों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया है, ताकि लकड़ी की अत्यधिक कटाई पर रोक लग सके और पर्यावरण संरक्षण को बल मिले।



## तीन आयुष ग्रामों में स्वास्थ्य जांच व योग जागरूकता शिविर आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** जिला आयुष समिति गुमला के तत्वावधान में बुधवार को रायडीह प्रखंड के नवागढ़ पंचायत अंतर्गत भलमंडा, खीराखांड एवं पतराटोली बाजारटांड़ में आयुष ग्राम स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।नवागढ़ पंचायत समिति सदस्य हिमांशु कुमार गुप्ता ने तीनों शिविरों में फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया।उन्होंने कहा कि सरकार की योजना है कि समाज को रोग मुक्त बनाना है।इसलिए आपके गांव में ही शिविर का आयोजन किया गया,जिसका भरपूर लाभ उठावें। शिविर में ग्रामीणों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। चिकित्सकों द्वारा उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की विशेष जांच की गई। जांच उपरांत मरीजों को निःशुल्क औषधियां उपलब्ध कराई गईं। तीनों स्थानों पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। साथ ही लोगों के बीच औषधीय पौधों का वितरण कर उनके उपयोग और महत्व की जानकारी दी गयी। शिविर के दौरान योग के माध्यम से रोगों की रोकथाम एवं उपचार की विधियां भी बताई गईं। योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न रोगों से बचाव के लिए नियमित योगाभ्यास पर बल देते हुए सरल योगासनों का अभ्यास कराया।

## पाठशाला 3.0 बोकारो में सीखने, स्किल्स और रोजी-रोटी के मौकों को कर रहा है मजबूत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो के एस्पिरेशनल ज़िले में, जो NITI आयोग के डेवलपमेंट विजन से जुड़ा है और ज्यादातर आदिवासी इलाके में बसा है, एक शांत लेकिन दमदार बदलाव हो रहा है। लिटरेसी इंडिया की एक पहल, पाठशाला 3.0 के जरिए बच्चे, युवा और महिलाएँ शिक्षा, वोकेशनल स्किल्स और टिकाऊ रोजी-रोटी के रास्ते पा रहे हैं। बारामासिया और झरना कम्युनिटी सेंटर्स के जरिए लागू किया गया यह प्रोग्राम, जरूरतमंद समुदायों के बीच पूरी तरह से सीखने, नौकरी पाने और आत्मनिर्भरता के मौकों को बढ़ा रहा है। बदलाव की ऐसी ही एक कहानी चंदनकियारी ब्लॉक की एक युवा लड़की गायत्री की है। बड़े होते हुए, उसने कभी सोचा भी नहीं था कि उसे टेक्निकल ट्रेनिंग मिलेगी, मोबाइल फोन असेंबल करने की तो बात ही छोड़ दें, क्योंकि उसके समुदाय में लड़कियों को ऐसे मौके बहुत कम मिलते थे। उनका टर्निंग पॉइंट झरना लर्निंग सेंटर में आया, जहाँ उन्हें मोबाइल रिपेयर और असेंबली ट्रेनिंग में एनरोल करने का मोटिवेशन मिला। बाद में वह प्लेसमेंट-ओरिएंटेड मोबाइल असेंबलिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम में आगे बढ़ीं, जहां उन्हें सर्किट टेस्टिंग, फॉल्ट एनालिसिस, स्मार्टफोन असेंबली, एरऊ सेफ्टी और क्वालिटी स्टैंडर्ड्स में हैंड्स-ऑन एक्सपीरियंस मिला, साथ ही वर्कप्लेस डिसिप्लिन और कॉन्फिडेंस भी बना। आज, वह सक्सेसफुली जॉब कर रही हैं, एक स्टेबल इनकम कमा रही हैं और अपने परिवार को सपोर्ट कर रही हैं। उनका सफर गांव के चंदनकियारी की दूसरी



लड़कियों को स्किल-बेस्ड करियर और फाइनेंशियल इंडिपेंडेंस बनाने के लिए इंस्पायर कर रहा है, जो लंबे समय से चली आ रही जेंडर बैरियर को चैलेंज कर रहा है। झरना और बारामासिया में चल रहा यह प्रोजेक्ट आस-पास के 35+ गांवों तक पहुँचता है और एकेडमिक सपोर्ट, डिजिटल लिटरेसी और ब्यूटी एंड वेलनेस, टेलरिंग, इलेक्ट्रिकल, निटिंग, मोबाइल रिपेयर और कळ एंड कोडिंग में वोकेशनल ट्रेनिंग के जरिए रोजाना 1,000 से ज्यादा महिलाओं, युवाओं और बच्चों पर असर डालता है। एक्सपीरिएंशियल लर्निंग, सॉफ्ट-स्किल्स ट्रेनिंग, एक्सपोजर विज़िट, स्पोर्ट्स और हाइजीन अवेयरनेस कॉन्फिडेंस, एम्प्लॉयबिलिटी और होलिस्टिक यूथ डेवलपमेंट को और मजबूत करते हैं– खासकर उन लड़कियों के लिए जो नॉन-ट्रेडिशनल करियर पाथवे एक्सप्लोर कर रही हैं। बोकारो जैसे आदिवासी इलाकों में, पाठशाला 3.0 बहुत बड़ा बदलाव लाने वाला साबित हो रहा है। स्मार्ट लर्निंग टूल्स, रळएट एक्सपोजर, कम्युनिकेशन डेवलपमेंट और इमर्सिव एंगेजमेंट के साथ, जो बच्चे और युवा पहले झिझकते थे, वे अब कॉन्फिडेंस के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वे खुल रहे हैं, खुद को एक्सप्रेस कर रहे हैं, और जानी-पहचानी सीमाओं से परे संभावनाओं के बारे में सोचने की हिम्मत कर रहे हैं। एस्पिरेशन में एक साफ बदलाव दिख रहा है। जहाँ पहले मौके कम लगते थे, वहाँ अब युवा एंटरप्रेन्योरशिप, स्किल-बेस्ड करियर और ऐसे रास्ते खोज रहे हैं जो उनके आस-पास की जगह से आगे तक फैले हों। उनमें आत्मविश्वास बढ़ रहा है, जैसे उन्हें अपने पंख मिल गए हों और वे उनका इस्तेमाल करना सीख रहे हों। डिजिटल एक्सपोजर की कमी, बेसिक लर्निंग गैप और लोकल एरिया के बाहर नौकरी पाने में झिझक जैसी चुनौतियों के बावजूद, यह पहल मेंटरिंग, मल्टी-स्किलिंग, स्पोर्ट्स एंगेजमेंट और बढ़ी हुई टेक्निकल ट्रेनिंग के जरिए रुकावटों को दूर करना जारी रखे हुए है। भविष्य की कोशिशें एडवांस्ड स्किल मॉड्यूल, मजबूत मार्केट और प्लेसमेंट लिंकेज, कळक से जुड़े ट्रेड में लड़कियों के एनरोलमेंट में बढ़ोतरी और जमीनी स्तर पर लगातार रोजगार के विकास पर फोकस करेंगी।

## एक झलक

### पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वैलरी का आईपीओ दूसरे दिन 83 फीसदी सब्सक्राइब

**नयी दिल्ली :** पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वैलरी लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार को बोली के दूसरे दिन 0.83 गुना सब्सक्राइब हुआ। स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार इस इश्यू को ऑफर किये गये 57,06,235 इक्विटी शेयरों के मुकाबले 47,23,424 इक्विटी शेयरों की बोली मिलीं। आंकड़ों के मुताबिक योग्य संस्थागत क्रेता (क्यूआईबी) और खुदरा भाग क्रमशः 0.96 गुना तथा 0.66 गुना सब्सक्राइब हुआ। गैर-संस्थागत निवेशक (एनआईआई) भाग 0.65 गुना सब्सक्राइब हुआ, जबकि कर्मचारी आरक्षित 4.74 गुना सब्सक्राइब हुआ। पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वैलरी लिमिटेड का यह आईपीओ 24 फरवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला, जो गुरुवार, 26 फरवरी को बंद हो जाएगा। कंपनी ने इश्यू खुलने से एक दिन पहले एंकर निवेशक से करीब 170.6 करोड़ रुपये जुटाए थे। इसके शेयर बीएसई तथा एनएसई पर सूचीबद्ध होने के लिए प्रस्तावित हैं।

### उतार-चढ़ाव के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ घरेलू शेयर बाजार

**नयी दिल्ली :** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ सपाट बंद हुए। सेंसेक्स में 50 अंकों, जबकि निफ्टी में 58 अंकों की तेजी दर्ज की गई। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 731.99 अंक चढ़कर 82,957.91 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 57.85 अंक यानी 0.23 फीसदी चढ़कर 25,482.50 के स्तर पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 50.15 अंक यानी 0.061 फीसदी उछलकर 82,276.07 के स्तर पर बंद हुआ। 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एचसीएल टेक, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और टेक महिंद्रा के शेयर बढ़त के साथ बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोर्ट्स और इटर्नल (जोमैटो) के शेयर गिरावट में रहे। एशिया के अन्य शेयर बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग उल्लेखनीय बढ़त के साथ बंद हुए। इसके साथ ही यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र के दौरान सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। वहीं, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.14 फीसदी गिरकर 70.67 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। इसके अलावा अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 90.95 (अस्थायी) पर स्थिर रहा। एक दिन पहले मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 फीसदी टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 228.35 अंक यानी 1.12 फीसदी लुढ़ककर 25,424.65 अंक पर बंद हुआ था।

# एफटीए से इलेक्ट्रिक वाहन निर्यातकों के लिए खुलेंगे नये बाजार : कुमारस्वामी




**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार संधियों (एफटीए) से देश के इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं के लिए नये बाजार खुलेंगे और भारत इस क्षेत्र में विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि आज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सिर्फ एक जलवायु पहल नहीं है, बल्कि यह एक औद्योगिक रणनीति है, जिसमें मजबूत उत्पादन का मौका और आपूर्ति-श्रृंखला रीकैलिब्रेशन है। नई दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों पर उद्योग संगठन भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए एचडी कुमारस्वामी ने उद्योग से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के लिए भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और इसके मूल्य श्रृंखला निर्यात का फायदा उठाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन में खुद को ग्लोबल लीडर के तौर पर स्थापित कर सकता है। मंत्री ने आगे कहा कि यह आज की चुनौतियों को हल करते हुए भविष्य की इंडस्ट्रीज बनाने के बारे में है। भारी उद्योग और स्टील मंत्री ने कहा कि भारत का इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के विजन और 2070 तक नेट जीरो हासिल करने के प्रतिबद्धता के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि साफ नीतियां, दिशा और मजबूत उद्योग भागीदारी के साथ भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी उत्पादन और नवाचार के लिए एक अग्रणी वैश्विक केंद्र के तौर पर खुद को मजबूती से स्थापित कर सकता है।

### भारत का पूंजीगत व्यय क्षेत्र बढ़ावा देने के लिए एचडी कुमारस्वामी ने दिया जोर

**केन्द्रीय** भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि भारत के पूंजीगत व्यय से निर्माण उपकरण क्षेत्र वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर होगा। साथ ही उन्होंने भारत की अवसंरचना और विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को गति देने में एक मजबूत वित्तपोषण संरचना की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। नई दिल्ली में बुधवार को छठे वार्षिक निर्माण उपकरण वित्त सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि सम्मेलन का विषय, ₹एक लचीली अवसंरचना और निर्माण उपकरण वित्तपोषण इकोसिस्टम का निमार्णः वैश्विक पहुंच के लिए घरेलू निर्माण₹ समयोचित होने के साथ-साथ भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से अग्रसर हैं। यह विकास पथ बुनियादी ढांचे के विस्तार, विनिर्माण क्षेत्र की मजबूती और निरंतर पूंजी निवेश से संचालित है। एचडी




कुमारस्वामी ने कहा कि सरकार भौतिक संपत्तियों के साथ-साथ दीर्घकालिक औद्योगिक क्षमता का भी निर्माण कर रही है। उन्होंने लक्षित नीतिगत हस्तक्षेपों और प्रोत्साहन ढांचों के माध्यम से निर्माण उपकरण इकोसिस्टम को मजबूत करने में भारी उद्योग मंत्रालय की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक आवंटन के माध्यम से सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि इससे आने वाले वर्षों में राजमार्गों, रेलवे, लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर, बंदरगाहों, नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना और शहरी विस्तार को संरचनात्मक प्रोत्साहन मिलेगा।

### पीएम गतिशक्ति के तहत नेटवर्क योजना समूह की 109वीं बैठक सम्पन्न

# एनपीजी की बैठक में रेल, मेट्रो और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स की हुई समीक्षा




**नयी दिल्ली :** पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को लेकर हुई एक बैठक में मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में दो रेलवे परियोजनाओं, एक मेट्रो परियोजना और एक हवाई अड्डा परियोजना का मूल्यांकन किया गया। इन परियोजनाओं से लॉजिस्टिक्स लागत कम होने, यात्रा समय घटने और परियोजना क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की 109वीं बैठक उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में हुई। यह बैठक अवसंरचना परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए बुलाई गई थी। इस बैठक में प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया। इसमें बताया गया कि रेल मंत्रालय ने पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर राज्यों से होकर गुजरने वाली 210.750 किलोमीटर लंबी तीसरी रेल लाइन का निर्माण प्रस्तावित किया है। प्रस्तावित मार्ग में 27 स्टेशन होंगे। यह जालंधर, होशियारपुर, कांगड़ा, पठानकोट, कठुआ और सांबा जैसे प्रमुख जिलों से होकर गुजरेगी। इस परियोजना का उद्देश्य इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कॉरिडोर पर रेल क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना और कनेक्टिविटी को मजबूत करना है।

### खाद्य सब्सिडी वितरण पायलट परियोजना पुडुचेरी में होगी लॉन्च

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार 26 फरवरी को केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) आधारित खाद्य सब्सिडी वितरण पायलट परियोजना लॉन्च करेगी। केन्द्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी इस पायलट परियोजना का उद्घाटन पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन, मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में करेंगे। यह पायलट परियोजना पुडुचेरी सरकार, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई), सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) और नामित बैंकिंग सहयोगी और केनरा बैंक के समन्वय से लागू की जायेगी। इस पायलट परियोजना के तहत खाद्य सब्सिडी के लिए चिन्हित लाभार्थियों के सीबीडीसी वॉलेट में प्रोग्राम योग्य सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) टोकन के रूप में सीधे जमा की जायेगी।

# एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट का 'सर्वोत्तम सेवा' अभियान, 1.55 लाख ग्रामीणों को मिला लाभ



**रांची :** एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 14 फरवरी 2026 को अपनी प्रमुख ग्रामीण पहल 'पशु विकास दिवस' (पीवीडी) के आठवें संस्करण का सफल समापन किया। 'सर्वोत्तम सेवाः पशु, परिवार और प्रगति' थीम पर आयोजित इस अभियान के माध्यम से कंपनी ने पशुधन स्वास्थ्य, परिवार की सुरक्षा और स्थायी आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वर्ष 2014 में शुरू की गई यह पहल आज देश के सबसे बड़े एकदिवसीय पशु कल्याण कार्यक्रमों में शामिल हो चुकी है। इस वर्ष 16 राज्यों में फैली 510 ग्रामशक्ति शाखाओं के जरिए शिविरों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत लगभग 1.4 लाख पशुओं का निःशुल्क उपचार किया गया, जबकि 14 हजार से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग प्रदान किया गया। इससे 30 हजार से ज्यादा परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिला। कुल मिलाकर 1.55 लाख से अधिक ग्रामीणों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। झारखंड में पांच स्थानों पर आयोजित शिविरों में करीब 4000 पशुओं की जांच, दवा वितरण और टीकाकरण किया गया। 380 से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिला। प्रत्येक शिविर में स्थानीय पशु चिकित्सकों ने दुधारू पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने, संतुलित आहार और नियमित टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि नारायणन ने कहा कि ग्रामीण भारत में पशुधन ही परिवारों की आर्थिक रीढ़ है। पशुओं का बेहतर स्वास्थ्य सीधे तौर पर परिवारों की आय और सुरक्षा से जुड़ा है।

उल्लेखनीय है कि इस पहल को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और अन्य संस्थाओं से सम्मान मिल चुका है। वर्ष 2025 में इसने 'सबसे बड़े कैटल वेलफेयर लेसन' के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दर्ज कराया।

# क्रिकेट सीजन ने मेट्रो शहरों से परे भी टूरिज्म को दिया बढ़ावा

**रांची :** क्रिकेट का रोमांच अब सिर्फ स्टेडियम की दीवारों तक सीमित नहीं रहा। यह उत्साह अब पर्यटन की राह भी तय कर रहा है। एयरबीएनबी की ताजा रिपोर्ट बताती है कि मैचों की मेजबानी कर रहे शहरों में ठहरने को लेकर सर्चिंग और बुकिंग में जबरदस्त उछाल आया है। खास बात यह है कि इस बार मेट्रो शहरों से आगे बढ़कर टियर-2 शहर भी सुर्खियों में हैं। फरवरी से मई के बीच होने वाले बड़े मुकाबलों ने रांची, तिरुवनंतपुरम, जयपुर और लखनऊ जैसे शहरों में यात्रा की मांग बढ़ा दी है। रांची में सर्चिंग सालाना आधार पर करीब 120 प्रतिशत बढ़ी, तिरुअनंतपुरम में 110 प्रतिशत से अधिक उछाल दर्ज हुआ। जयपुर और लखनऊ में भी क्रमशः 70 और 60 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। बड़े मुकाबलों के दौरान यह रफ्तार और तेज हो जाती है। कोलंबो में भारत-पाकिस्तान मैच (14-17 फरवरी 2026) के दौरान सर्चिंग 325 प्रतिशत बढ़ी। वहीं वर्ल्ड कप फाइनल से पहले अहमदाबाद में करीब 170 प्रतिशत का उछाल दर्ज हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में लगभग 60 प्रतिशत भारतीय जेन जेड युवा लाइव क्रिकेट मैच देखने की योजना बना रहे हैं। इनमें 70 प्रतिशत दोस्त या परिवार के साथ यात्रा करना चाहते हैं। आधे से अधिक युवा मैच के साथ शहर की संस्कृति और खानपान का आनंद लेने के लिए 3-4 दिन रुकते हैं। एयरबीएनबी के कंट्री हेड अमनप्रीत सिंह बजाज कहते हैं, 'क्रिकेट अब सिर्फ खेल नहीं रहा, यह यात्रा का नया बहाना बन चुका है। इससे स्थानीय पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी को नयी मजबूती मिल रही है।'

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 583 करोड़ रुपये के सरकारी भुगतान के साथ कायम रखा भरोसा

**रांची/जमशेदपुर :** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने चंडीगढ़ स्थित अपनी एक शाखा में हरियाणा सरकार के कुछ विभागों के खातों से जुड़े हालिया मामले पर अपनी पूर्व जानकारी का संदर्भ दिया है। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि शाखा के कुछ कर्मचारियों ने कथित रूप से जाली दस्तावेजों और भुगतान निर्देशों को क्लियर करने में धोखाधड़ी की और संभव है कि इसमें बाहरी लोगों की मिलीभगत भी रही हो। मामले की फिलहाल संबंधित प्राधिकरणों द्वारा जांच की जा रही है। जांच जारी रहने के बावजूद, बैंक ने तुरंत कदम उठाते हुए हरियाणा सरकार के संबंधित विभागों द्वारा दावा की गई मूल राशि और ब्याज का 100% भुगतान कर दिया है, जिसकी कुल राशि 583 करोड़ रुपए है। अंतिम राशि में आगे किसी अतिरिक्त दावे या मिलान प्रक्रिया के आधार पर बदलाव हो सकते हैं। हरियाणा सरकार के संबंधित विभागों ने इस मामले में बैंक के सिद्धांत आधारित रुख, त्वरित कार्रवाई और पेशेवर आचरण की सराहना करते हुए, आभार व्यक्त किया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक आधुनिक टेक्नोलॉजी आर्किटेक्चर और उन्नत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर आधारित है, जो बेहतर ग्राहक अनुभव को समर्थन देता है। इसके मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त रिसर्च फर्म फॉरेस्टर ने वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर रैंकिंग हासिल की है।

# एक्सिस बैंक ने अड्डा एजुकेशन के साथ की साझेदारी

**रांची :** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने अड्डा एजुकेशन के साथ मिलकर अपने वाणिज्यिक बैंकिंग समूह (सीबीजी) के लिए रिलेशनशिप मैनेजरों (आरएम) का विशिष्ट कैडर तैयार करने के लिए नियुक्ति- प्रशिक्षण- तैनाती (हायर-ट्रेन-डिप्लॉय-एचटीडी) कार्यक्रम लॉन्च किया है। इस पहल का उद्देश्य है, बैंक की तेजी से बढ़ती लघु एवं मध्यम उपक्रम (एसएमई) फ्रेंचाइजी को मजबूत करना, जो इसके रणनीतिक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक है।

यह कार्यक्रम पारंपरिक उद्योग मॉडल से अलग तरीके से कौशल प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जो आरएम को एसएमई ग्राहकों की छोटी-छोटी जरूरतों के हिसाब से भूमिका विशेष के लिए आवश्यक क्षमता से लैस करता है। यह ऐसे समय में लॉन्च किया गया है जब केंद्रीय बजट 2026 में कौशल और सेवा क्षेत्र में रोजगार पर जोर दिया गया है। एचटीडी मॉडल यह सुनिश्चित करता है कि नए आरएम पहले दिन से ही तैनाती के लिए तैयार और असरदार हों, और व्यवस्थित, व्यावहारिक प्रशिक्षण के जरिए नियुक्ति और वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयारी के बीच के अंतर को कम किया जाये।

**एचटीडी कार्यक्रम की विशेषताएं**

- वाणिज्यिक बैंकिंग आरएम की जरूरतों के हिसाब से सह-निर्मित, भूमिका आधारित पाठ्यक्रम
- वास्तविक जीवन की चुनौतियों से जुड़ी और ग्राहक संपर्क के जरिये व्यावहारिक शिक्षा
- उत्पाद, प्रक्रिया और नियामकीय तत्त्वों के बारे में व्यवस्थित जानकारी
- एक्सिस बैंक की सीबीजी भूमिका के अनुरूप तुरंत तैनाती योग्य प्रशिक्षण

राजकमल वेम्पति, ग्रुप एग्जीक्यूटिव & ह्यूमन रिसोर्स हेड, एक्सिस बैंक ने इस पहल पर अपनी टिप्पणी में कहा, सेवा क्षेत्र भारत की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, ऐसे में रोजगार के लिए तैयार और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने वाले कर्मचारियों की जरूरत है, खास तौर पर एसएमई जैसे उच्च प्राथमिकता वाले खंड में। हायर-ट्रेन-डिप्लॉय कार्यक्रम, हमें अपने वाणिज्यिक बैंकिंग कारोबार की बदलती जरूरतों के हिसाब से उच्च गुणवत्ता वाली, तुरंत तैनाती योग्य टैलेंट पाइपलाइन को बढ़ाने में मदद करता है, साथ ही हमारे कर्मचारियों को भी तरक्की करने में मदद करता है। बिमलजीत भसीन, सीईओ, स्किलिंग एंड हायर एजुकेशन, अड्डा एजुकेशन ने कहा, सीबीजी रिलेशनशिप मैनेजर प्रोग्राम के लॉन्च से स्पष्ट है कि एक्सिस बैंक जटिलताओं से भरी ग्राहक संपर्क वाली भूमिका के लिए उच्च गुणवत्ता वाली टैलेंट पाइपलाइन बनाने के लिए करियर247 पर भरोसा करता है। यह गठजोड़ बैंकिंग में हमारी भागीदारी का स्वाभाविक विस्तार है, जो ऐसे रिलेशनशिप मैनेजर तैयार करने पर ध्यान देता है जो व्यावसायिक दुनिया चुनौतियों के लिए तैयार हों और बैंक की ग्राहक केंद्रित वृद्धि की रणनीति के अनुरूप हों। एक्सिस बैंक इस पहल के साथ, एसएमई बैंकिंग खंड में अलग आरएम क्षमता विकसित कर और व्यवसाय वृद्धि तथा राष्ट्रीय कौशल कार्यक्रम दोनों का समर्थन करने वाले भविष्य के लिए तैयार कौशल परितंत्र का विस्तार कर प्रतिभा के लिहाज से लाभ की स्थिति को आगे बढ़ा रहा है।

## पेज एक के शेष

**झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन सदन में उठा धनबाद एयरपोर्ट का मुद्दा...**

तो सरकार ने अपनी असमर्थता जाहिर की थी।

सदन में लिट्टिपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने सवाल उठाया कि सरकार के आदेश के बावजूद मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत वर्ष 2024-25 में जारी कई टेंडर लम्बे समय तक निष्पादित नहीं हुए। उन्होंने कहा कि 180 दिन की वैधता समाप्त होने के बाद भी इन टेंडरों को रद्द नहीं किया गया। विधायक ने यह भी जानना चाहा कि क्या ऐसे मामलों में शिथिलता बरतने और विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करनेवाले अधिकारियों चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई होगी और अगर हां, तो कब तक।

इस पर ग्रामीण कार्य विभाग की मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने जवाब दिया कि पूरे मामले की समीक्षा की जा रही है और 30 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध करायी जायेगी। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पायी जाती है, तो सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

सदन में सड़क, पुल और पुलिया निर्माण में हो रही देरी को लेकर सत्ता और विपक्ष के विधायकों ने पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की। मंत्री के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

**सरयू राय के सवाल पर मंत्री का जवाब**

**सदन** में विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम से जुड़ीं छह योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति में कथित देरी को लेकर मामला उठाया। उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग के सचिव को इन योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। उन्होंने पूछा कि 17 फरवरी को जिला योजना चयन समिति की बैठक में चयनित इन योजनाओं को मुख्य अभियंता, तकनीकी कोषांग की ओर से तकनीकी स्वीकृति मिली है या नहीं। यह भी सवाल उठाया कि जब इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मानगो नगर निगम के पास नागरिक सुविधा मद में पर्याप्त राशि उपलब्ध है और राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ना है, तो फिर प्रशासनिक स्वीकृति में देरी क्यों हो रही है। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जवाब दिया कि योजनाओं की स्वीकृति पूर्व में दे दी गयी है और विभाग की ओर से इस सम्बन्ध में औपचारिक पत्र भी जारी कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।

**अवैध खनन से मौत का मामला**

**झरिया** विधानसभा क्षेत्र में अवैध खनन के दौरान एक दर्दनाक घटना सामने आयी है। इस घटना को लेकर विधानसभा में आवाज उठायी गयी। विधायक रागिनी सिंह ने सदन में अर्जेंट सूचना के माध्यम से सरकार का ध्यान इस मामले की ओर दिलाया। विधायक ने बताया कि 23 तारीख को झरिया क्षेत्र में अवैध खनन की गतिविधियों के बीच एक मासूम बच्चा सो रहा था। इसी दौरान उसे रौंद दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और दिल दहलानेवाली है।

रागिनी सिंह ने यह भी कहा कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले अक्टूबर में इसी तरह का हादसा हुआ था। अब देव फार्मा के पास दोबारा ऐसी घटना होने से लोगों में डर और गुस्सा है। उन्होंने कहा कि झरिया में अवैध खनन के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। सदन के माध्यम से उन्होंने सरकार से पूछा कि इन घटनाओं पर प्रशासन क्या कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने अवैध खनन पर रोक लगाने और जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

**धनबाद कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी...**

रेलवे सुरक्षा बल के दो तथा सीआईडी के एक स्निफर डॉग की मदद से कोर्ट परिसर से लेकर जेल गेट तक हर संदिग्ध स्थान को खंगाला गया। हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर और अन्य आधुनिक उपकरणों से जांच की गयी। पार्किंग में खड़े सभी वाहनों की तलाशी ली गयी। कुछ संदिग्ध वाहनों को जब्त कर विशेष जांच की गयी। लावारिस सामान और अनजान पैकेटों को विशेष सावधानी के साथ चेक किया गया।

**कई घंटों बाद मिली राहत**

**करीब** कई घंटों तक चले सघन सर्च ऑपरेशन के बाद किसी भी प्रकार की विस्फोटक सामग्री या संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। इसके बाद पूरे परिसर को सैनिटाइज कर न्यायिक कार्य धीरे-धीरे सामान्य किया गया। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था पहले से अधिक सख्त कर दी गयी है। वॉच टावर और सीसीटीवी कैमरों के जरिये लगातार निगरानी रखी जा रही है।

**साइबर सेल खंगाल रही डिजिटल सुराग**

**एसएसपी** प्रभात कुमार ने बताया कि धमकी भरा ई-मेल किस सर्वर से भेजा गया, इसका आईपी एड्रेस और डिजिटल ट्रेल खंगाला जा रहा है। साइबर और टेक्निकल सेल की विशेष टीम को जांच में लगाया गया है। मेल भेजने वाले की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी का दावा किया गया है। एसएसपी ने कहा कि घटना में संलिप्त तत्त्व बख्शे नहीं जायेंगे।

**अफवाहों से बचने की अपील**

**जांच** अभियान के दौरान ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, प्रशिक्षु आईपीएस अंकित सिन्हा सहित कई डीएसपी और एसडीपीओ मौके पर मौजूद रहे। पुलिस ने अधिवक्ताओं और आम नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरन्त देने की अपील की है। धमकी के बाद जिला मुख्यालय में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता और बढ़ा दी गयी है। पुलिस का कहना है कि दहशत फैलानेवालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा।

**पश्चिम बंगाल के कई न्यायालयों को फिर मिली बम की धमकी, चला तलाशी अभियान...**

उपायुक्त ध्रुव दास मौके पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी। इसी तरह की स्थिति बीरभूम जिले के सूरी जिला न्यायालय में भी देखने को मिली। न्यायालय सूत्रों के अनुसार जिला न्यायाधीश को धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ, जिसके बाद दोपहर 12 बजे निर्धारित सुनवाई स्थगित कर दी गयी और एहतियातन न्यायालय कक्ष तथा परिसर खाली करा लिया गया। दोनों स्थानों पर पुलिस और बम निरोधक दस्ता तत्काल सक्रिय हुआ। दोपहर दो बजे तक चली सघन तलाशी के दौरान किसी भी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई।

उल्लेखनीय है कि, मंगलवार को भी राज्य के सात न्यायालयों, जिनमें कलकत्ता उच्च न्यायालय शामिल है, को ई-मेल के माध्यम से बम की धमकी दी गयी थी, जिससे न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं के बीच चिन्ता का माहौल बन गया था। घटनाओं के मद्देनजर राज्य सचिवालय में उच्चस्तरीय बैठक बुलायी गयी। मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि न्यायालयों की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

वहीं, पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने धमकी भरे ईमेल की उत्पत्ति और इसके पीछे शामिल लोगों की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की गम्भीरता से पड़ताल की जा रही है और दोषियों को जल्द चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है।

**डीएमएफटी फंड में बिचौलियागीरी पर होगी कड़ी कार्रवाई : वित्त मंत्री...**

उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 से अब तक 08 लाख 56 हजार 404 करोड़ रुपये की स्वीकृति इसी सदन ने दी है। पहली बार इस बजट में स्थापना मद की राशि बढ़ायी गयी है, ताकि मानव संसाधन की कमी न हो। अब तक राज्य सरकार की ओर से 38 हजार लोगों को सरकारी नौकरी दी गयी है। वित्त मंत्री ने ऑडिट में पायी गयी 10 हजार करोड़ रुपये की गड़बड़ी पर कहा कि यह पैसा झारखंड की जनता का है। यदि डीएमएफटी फंड में बिचौलियागीरी हुई होगी, तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि जब तक पूंजी निवेश नहीं होगा, तब तक संसाधनों के दम पर राज्य आगे नहीं बढ़ सकता। मुख्यमंत्री के विदेश दौरे का परिणाम दो वर्षों के भीतर दिखाई देगा और अधिक से अधिक पूंजी निवेश आयेगा।

इसके बाद सदन की कार्यवाही स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने गुरुवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**ईडी ने अनिल अम्बानी का मुम्बई स्थित घर 'एबोड' किया कुर्क...**

ईडी ने यह कार्रवाई धनशोधन रोधक कानून (पीएमएलए) 2002 के तहत की है। मुम्बई के पाली हिल स्थित 66 मीटर ऊंचा यह आलीशान घर 17 मंजिला है। कुर्क की गयी सम्पत्ति का मूल्य 3,716.83 करोड़ रुपये है।

जानकारी के मुताबिक अनिल अम्बानी पूछताछ के दूसरे दौर के लिए यहां ईडी के समक्ष पेश हो सकते हैं। उन्होंने पहली बार अगस्त, 2025 में ईडी के सामने पेश होकर पीएमएलए के तहत अपना बयान दर्ज कराया था। केन्द्रीय जांच एजेंसी के इस मामले में कुर्क की गयीं सम्पत्तियों का कुल मूल्य अब लगभग 15,700 करोड़ रुपये हो गया है।

**मोदी के इजराइल पहुंचने पर प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पत्नी के साथ किया स्वागत...**

दूसरी ओर, इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा, 'मेरी पत्नी सारा और मैंने आज अपने अच्छे दोस्त, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया, जो इजराइल के एक और ऐतिहासिक दौरे पर आये हैं।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले 2017 में इजराइल का दौरा किया था और बाद में वह भी भारत दौरे पर गये थे। हमारे बीच करीबी व्यक्तिगत रिश्ते हैं। हम अक्सर बात करते हैं। उनका मानना है कि हमारे बीच गहरी दोस्ती हमारे दोनों देशों के बीच के रिश्तों को और मजबूती से दिखाती है। उन्होंने आगे के कार्यक्रम बताये कि हम नेसेट (संसद) में आयोजित एक औपचारिक स्वागत समारोह में भाग लेंगे, यरुशलम में आयोजित एक नवाचार कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे तथा प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि इजराइल रणनीतिक एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारत का एक महत्त्वपूर्ण साझेदार है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा तथा कृषि जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच गहरा सहयोग स्थापित है। यह सम्बन्ध पारस्परिक विश्वास, साझा प्राथमिकताओं और भविष्य की उभरती प्रौद्योगिकियों में निरन्तर बढ़ते सहयोग पर आधारित है।

**टीईसी का आईआईटी खड़गपुर से समझौता...**

में सहयोग करने के लिए सोमवार को ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर के दौरान टीईसी के डीडीजी (एफए) कमल कुमार अग्रवाल और आईआईटी-खड़गपुर के प्रो. देबदीप मुखोपाध्याय ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर निदेशक प्रो. सुमन चक्रवर्ती, प्रो. गौतम दास, डॉ. देबरती सेन और टीईसी के डीडीजी (आरटीईसी) सौविक कुमार दास भी मौजूद रहे।

इस सहयोग से देश में 6जी नेटवर्क, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित दूरसंचार प्रणाली, रेडियो और एंटीना तकनीक, माइमो (एमआईएमओ) तकनीक, सैटेलाइट और गैर-स्थलीय नेटवर्क (एनटीएन) जैसे क्षेत्रों में संयुक्त शोध किया जायेगा। साथ ही, भारत-विशिष्ट मानक तैयार करने और अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) जैसे वैश्विक मंचों पर भारत की भागीदारी मजबूत करने पर भी जोर दिया जायेगा।

मंत्रालय ने बताया कि इस साझेदारी से भारत में दूरसंचार क्षेत्र में स्वदेशी अनुसंधान, डिजाइन और निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यह सहयोग देश में मानक तय करने, परीक्षण ढांचे विकसित करने और घरेलू समाधान तैयार करने में मदद करेगा।

